हारमो

प्रकाशक—

नवलकिशोर प्रेस,

लखनऊ.

मूल्य ३)

सूचना

हारमोनियममास्टर पहले अलग-अलग १५ भागों में छपा था, लेकिन यह देखा गया कि जिस सज्जन ने किसी एक भाग को मोल लिया, उसने अन्य सब भागों को भी अवश्य मँगाया। इसलिये, हारमोनियम-प्रेमी महाशयों की सुविधा के लिये, इस बार हमने हारमोनियममास्टर के पंद्रहों भाग एक जिल्द में प्रकाशित किए हैं।

सब भागों को एक में करने में केवल इतना फेर बदल किया गया है कि प्रत्येक भाग के संकेत-चिह्नों और सूचनाओं आदि को एक जगह पर दिया गया है, सब रागों की सूची एकत्रित करके उसे अकारादि वर्णक्रम से कर दिया गया है, और दसवें भाग को, जिसमें कि हारमोनियम की मरम्मत की प्रक्रिया बताई गई है, अंतिम भाग कर दिया गया है।

आशा है, यह ढंग हारमोनियम-प्रेमियों को बहुत पसंद आएगा।

व्यवस्थापक

प्रकाशन-विभाग, न० कि० प्रेस

विज्ञापन।

आज कल्ह के सभी सज्जन जितना हारमोनियम बाजे को पसन्द करते हैं उतना और किसी बाजे को नहीं और प्रतिदिन इस बाजे की उन्नतिही दिखाई देती है ऐसा होने पर भी आज तक किसी हारमोनियमगुरु ने ऐसी पुस्तक न बनाई कि जिससे हारमोनियम के प्रेमियों का उपकार होता और उनको शीघ्र बजाना आजाता यद्यपि दो चार हारमोनियमगुरुओं ने अपनी ओर ध्यान करके पुस्तकें बनाईं जोकि इधर उधर के यंत्रालयों में मुद्रित हुई हैं परन्तु उनमें से एक भी ऐसी न दिखाई दी कि जिससे हारमोनियम शिक्षकों को कुछ लाभ होता कारण यह है कि ग्रंथकारों ने आद्योपान्त उन नियमों का पालन नहीं किया कि जो एक नवीन शिक्षक को आवश्यक होते हैं यही कारण है कि इन पुस्तकों से नव शिक्षक पढ़कर स्वयं बाजा नहीं बजा सकता है इसकारण मैंने श्रीयुक्त राय सोतीकृष्ण साहब क़मर देहलवी से जोकि इस साज़ के बजाने में एकही चतुर व होनहार हारमोनियस्ट हैं उर्दू में "हारमोनियम गाइड" नामक पुस्तक बनवाई जोकि १५ भागों में भिन्न भिन्न नामों से मेरे यहां छपी है इसमें उक्त ग्रंथकार ने कोई बात छिपा नहीं रक्खी है कि जिससे हारमोनियमशिक्षक को कठिनता हो किन्तु ऐसा सुगम कर दिया है कि एक बालक भी जो कुछ उर्दू जानता हो इस पुस्तक को एक बार आद्योपान्त पढ़ जावे तो आशा है कि उसको किसी हारमोनियम मास्टर की आवश्यकता न होगी वह स्वयं बाजा बजालेगा और यथासम्भव मरम्मत भी करलेगा और साथ ही इसके वह एक उत्तम श्रेणी का गायक भी हो जावेगा

इसको पुस्तक न जानिये वरन "हारमोनियममास्टर" मानिये इसकी जितनी प्रशंसा की जाय थोड़ी है यही कारण है कि आज तक इसकी हज़ारों प्रतियां बिक चुकीं कि जिससे मुझको पुनर्मुद्रण का अवसर मिला। उर्दू हारमोनियमगाइड को देखकर हिन्दी के प्रेमियों ने मुझको हिन्दी भाषा में हारमोनियमगाइड छापनेके लिये बाध्य किया, इससे मैंने उसी अपनी उर्दू हारमोनियमगाइड को पण्डित शुकदेवप्रसाद वाजपेयी हज़रतगंज लखनऊ से हिन्दी में अनुवाद कराकर प्रकाशित किया है आशा है इससे हारमोनियमशिक्षकों को विशेष लाभ होगा और उन जालसाज़ सिखानेवालों से बचे रहेंगे कि जो नवशिक्षकों को धोखा देकर उनका रुपया व्यर्थ नष्ट करादेते हैं। इस पुस्तक को २ आप एक बार भी आद्योपान्त पढ़ जावेंगे तो फिर आपको हारमोनियम बजाने और गवैये का साथ करने आदि में किसी प्रकार की कठिनता न होगी आप स्वयं एक अच्छे हारमोनियस्ट होजावेंगे कि जो दूसरों को उपदेश दे सकेंगे इसकी अधिक प्रशंसा करना व्यर्थ है आप इसके किसी अंश को देखेंगे तो जानेंगे कि यह पुस्तक कैसी लाभदायक है, किमधिकम् विज्ञेषु—

आपका हितेच्छु

प्रयागनारायण भार्गव,

मालिक नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ.

भूमिका।

आह ! आज तानसेन न हुवा जो हारमोनियम ऐसे शाहाना साज़ को देखकर फूला न समाता इसकी चित्ताकर्षक आवाज़ से अपने कानों को तृप्त न करता इसकी नवीन बनावट ने यदि सच पूछिये तो गानविद्या में फिर से जान पहिनादी कहां यह दशा थी कि गाना बजाना एक प्रकार का दोष समझा जाता था और कहां अब जिधर दृष्टि डालते हैं उधर मिस्टर हारमोनियम कीही चित्ता-कर्षक आवाज़ गूंजरही है हज़रत सितार और सारंगीजान की जैसी मिट्टी खराब मिस्टर हारमोनियम ने की है वैसी ईश्वर किसी की न करवाये—भारतवर्षनिवासियों को देखिये कि स्वयं हारमो-नियम बनाकर और कम मूल्य पर बिक्री करके बहुत बड़ी उन्नति दिखा रहे हैं जिस पर तुर्रा यह है कि बलायत वाले हैरान हैं कि हिन्दुस्तानी हमसे उत्तम बाजे बनाकर कैसे कम मूल्य पर विक्रय करते हैं एक प्रतापसिंह आफ़ लाहौर, गौतम ब्रादर्स गढ़मुक्तेश्वर आदि ने पुस्तई नई तरकीबें और तर्ज़ें हारमोनियम की निकाली हैं वह अभी तक बलायत वालों के दिमाग़ में भी नहीं पहुँचीं हम ऐसे होनहार मास्टरों और कारीगरों को सच्चे दिल से बधाई देते हैं—

धनी, निधनी, स्त्री, पुरुष, बालक, बालिकायें ग़रज़ कि प्रत्येक सोसाइटी के मनुष्य इस साज़ को प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखते हैं और इससे एक खास दिलचस्पी रखते हैं स मेरे कि एकान्त में यही मित्र व शोकनिवारक है ी नहीं रखती के वियोग की रात्री इसके ही द्वारा ठिकाने त ी किन्तु ऐसा

यह एकही साज़ है कि जो मनमानी सफ उर्दू जानता हो कर सदैव की प्रसन्नता से मनुष्य को स्वा ी आशा है कि साज़ है जिसको बलायत वाले " शा ता न होगी वह कहते हैं फिर क्या यह धोखा हो सक ी करलेगा और शाहाना साज़ नहीं है ? भी हो जावेगा

हारमोनियमसमास्टर
पहिलाभाग ।

साज़ ।

गाना तब तक अच्छा नहीं ज्ञात होता है जब तक उसके साथ कोई साज़ न बजाया जाये पूर्वकाल के जानकार अधि-कता से सितार अथवा बीन बजाया करते थे—तानसेन के समय में सारंगी (सुरांग) और दो तारा, तः तारा का चलन था ज्यों ज्यों इसके जाननेवाले लोप होते गये त्यों त्यों इनकी भी प्रतिष्ठा घटती गई और यहां तक नौबत पहुँची कि यह साज़ नीच जाति की जीविका के द्वार होगये जैसा कि आज कल्ह के मीरासियों और भांड़ों से ज्ञात है—

सितार को अलबत्ता प्रत्येक खंड के मनुष्य काम में लाते थे अब भी उसको वैसेही देखते हैं जैसे पहिले प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखा करते थे केवल यहही अकेला साज़ शेष रह गया है जो अपनी प्रतिष्ठा को स्थिर किये हुये है परन्तु इसका जानना बजाना भी ऐसाही कठिन है जैसा कि गानविद्या के एक साज़

भूमिका ।

आह ! आज तानसेन न हुवा जो हारमोनियम ऐसे शाहाना साज़ को देखकर फूला न समाता इसकी चित्ताकर्षक आवाज़ से अपने कानों को तृप्त न करता इसकी नवीन बनावट ने यदि सच पूछिये तो गानविद्या में फिर से जान पहिनादी कहां यह दशा थी कि गाना बजाना एक प्रकार का दोष समझा जाता था और कहां अब जिधर दृष्टि डालते हैं उधर मिस्टर हारमोनियम कीही चित्ता-कर्षक आवाज़ गूंजरही है हजरत सितार और सारंगीजान की जैसी मिट्टी खराब मिस्टर हारमोनियम ने की है वैसी ईश्वर किसी की न करवाये—भारतवर्षनिवासियों को देखिये कि स्वयं हारमो-नियम बनाकर और कम मूल्य पर बिक्री करके बहुत बड़ी उन्नति दिखा रहे हैं जिस पर तुर्रा यह है कि वलायत वाले हैरान हैं कि हिन्दो[illegible]नी हमसे उत्तम बाजे बनाकर कैसे कम मूल्य पर विक्रय करते हैं [illegible] प्रतापसिंह आफ़ लाहौर, गौतम ब्रादर्स गढ़मुक्तेश्वर आदि ने [illegible] नई तरकीबें और तर्ज़ हारमोनियम की निकाली हैं वह अभी तक वलायत वालों के दिमाग़ में भी नहीं पहुँची हम ऐसे होनहार मास्टरों और कारीगरों को सच्चे दिल से बधाई देते हैं—

एक पुस्तक

धनी, निर्धनी, स्त्री, पुरुष, बालक, बालिकायें गरज़ कि प्रत्येक सोसाइटी के मनुष्य इस साज़ को प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखते हैं और इससे एक खास दिलचस्पी रखते हैं न मेरे कि एकान्त में यही मित्र व शोकनिवारक है [illegible] नहीं रखती के वियोग की रात्री इसके ही द्वारा ठिकाने [illegible] किन्तु ऐसा

यह एकही साज़ है कि जो मनमानी सफ[illegible] उर्दू जानता हो कर सदैव की प्रसन्नता से मनुष्य को स्वा[illegible] [illegible]गी आशा है कि साज़ है जिसको वलायत वाले " शो[illegible] [illegible]ता न होगी वह कहते हैं फिर क्या यह धोखा हो सक[illegible] [illegible] ी करलेगा और शाहाना साज़ नहीं है ! [illegible] भी हो जावेगा

हारमोनियममास्टर
पहिलाभाग।

साज़।

गाना तब तक अच्छा नहीं ज्ञात होता कि जब तक उसके साथ कोई साज़ न बजाया जाये पूर्वकाल के जानकार अधिकता से सितार अथवा बीन बजाया करते थे-तानसेन के समय में सारंगी (सुरांग) और दो तारा, छः तारा का चलन था ज्यों ज्यों इसके जाननेवाले लोप होते गये त्यों त्यों इनकी भी प्रतिष्ठा घटती गई और यहां तक नौबत पहुँची कि यह साज़ नीच जाति की जीविका के द्वार होगये जैसा कि आज कल्ह के मीरासियों और भांड़ों से ज्ञात है-

सितार को अलबत्ता प्रत्येक खंड के मनुष्य काम में लाते थे अब भी उसको वैसेही देखते हैं जैसे पहिले प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखा करते थे केवल यहही अकेला साज़ शेष रह गया है जो अपनी प्रतिष्ठा को स्थिर किये हुये है परन्तु इसका जानना बजाना भी ऐसाही कठिन है जैसा कि गानविद्या के एक साज़

भूमिका।

आह ! आज तानसेन न हुआ जो हारमोनियम ऐसे शाहाना साज़ को देखकर फूला न समाता इसकी चित्ताकर्षक आवाज़ से अपने कानों को तृप्त न करता इसकी नवीन बनावट ने यदि सच पूछिये तो गानविद्या में फिर से जान पहिनादी कहां यह दशा थी कि गाना बजाना एक प्रकार का दोष समझा जाता था और कहां अब जिधर दृष्टि डालते हैं उधर मिस्टर हारमोनियम कीही चित्ताकर्षक आवाज़ गूंजरही है हज़रत सितार और सारंगीजान की जैसी मिट्टी ख़राब मिस्टर हारमोनियम ने की है वैसी ईश्वर किसी की न करवाये—भारतवर्षनिवासियों को देखिये कि स्वयं हारमोनियम बनाकर और कम मूल्य पर विक्री करके बहुत बड़ी उन्नति दिखा रहे हैं जिस पर तुर्रा यह है कि वलायत वाले हैरान हैं कि हिन्दो[illegible]ानी हमसे उत्तम बाजे बनाकर कैसे कम मूल्य पर विक्रय करते हैं [illegible] एक प्रतापसिंह आफ़ लाहौर, गौतम ब्रादर्स गढ़मुक्तेश्वर आदि ने पुस्त[illegible] नई नई तरकीबें और तर्ज़ हारमोनियम की निकाली हैं वह अभी तक वलायत वालों के दिमाग़ में भी नहीं पहुंचीं हम ऐसे होनहार मास्टरों और कारीगरों को सच्चे दिल से बधाई देते हैं—

धनी, निधनी, स्त्री, पुरुष, बालक, बालिकायें ग़रज़ कि प्रत्येक सोसाइटी के मनुष्य इस साज़ को प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखते हैं और इससे एक ख़ास दिलचस्पी रखते हैं स [illegible] मेरे कि एकान्त में यही मित्र व शोकनिवारक है [illegible] नहीं स्त्री के वियोग की रात्री इसके ही द्वारा ठिकाने [illegible] किन्तु ऐसा

यह एकही साज़ है कि जो मनमानी सफ़[illegible] जानता हो कर सदैव की प्रसन्नता से मनुष्य को [illegible] आशा है कि साज़ है जिसको वलायत वाले " शो[illegible] कहते हैं फिर क्या यह धोखा हो स[illegible]ता न होगी वह शाहाना साज़ नहीं है ?

[illegible] करलेगा और

[illegible] भी हो जावेगा

हारमोनियमअमास्टर
पहिलाभाग।

साज़।

गाना तब तक अच्छा नहीं ज्ञात होता कि जब तक उसके साथ कोई साज़ न बजाया जावे पूर्वकाल के जानकार अधिकता से सितार अथवा वीन बजाया करते थे-तानसेन के समय में सारंगी (सुरांग) और दो तारा, छः तारा का चलन था ज्यों ज्यों इसके जाननेवाले लोप होते गये त्यों त्यों इनकी भी प्रतिष्ठा घटती गई और यहां तक नौबत पहुँची कि यह साज़ नीच जाति की जीविका के द्वार होगये जैसा कि आज कल्ह के मीरासियों और भांड़ों से ज्ञात है-

सितार को अलबत्ता प्रत्येक खंड के मनुष्य काम में लाते थे अब भी उसको वैसेही देखते हैं जैसे पहिले प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखा करते थे केवल यहही अकेला साज़ शेष रह गया है जो अपनी प्रतिष्ठा को स्थिर किये हुये है परन्तु इसका जानना बजाना भी ऐसाही कठिन है जैसा कि गानविद्या के एक साज़

पुस्तक कैसी ले ना चाहिये-

में यह बात अच्छी तरह फैलगई थी कि सितार वस्तु है और इसका सीखना सुगम नहीं इस ५ इससे संयम करते थे और यह जानकर कि वर्षों के परिश्रम से भी जैसा चाहिये नहीं आता म नाम भी नहीं लेते थे जबसे हारमोनियम का सी समय से गानविद्या की ओर हिन्दोस्तानियों रुचि होगई क्योंकि इसमें वह कठिनाइयां नाम

तक को नहीं हैं कि जिनके कारण गानविद्या के साज़ कठिन बताये जाते थे प्रत्येक साज़ का यह नियम है कि उसका ठाट राग रागिनियों के अनुसार पृथक् पृथक् बदलना पड़ता है–

इसके अतिरिक्त हारमोनियम इन निरर्थक बातों से कोसों दूर है और जो राग रागिनी चाहें बिना किसी ठाट बदलने के बजा सकते हैं क्योंकि इस साज़ में स्वर और उनके दर्जे नियत करे दिये गये हैं जोकि अटल हैं और जिनसे राग रागिनी हर प्रकार की बजा सकते हैं चाहे भिन्न ठाट क्यों न हों–

हारमोनियम ने वास्तव में ऐसा काम कर दिखाया है कि जिससे हिन्दोस्तानियों को अपने भूले हुये गुण और विद्या की खानि गानविद्या फिर से स्मरण हो आई नहीं तो असावधानी के स्वप्न से जगाने वाला कोई दूसरा रिफ़ार्मर (सुधारक) उत्पन्न न हुआ था–

हारमोनियम के लाभ।

उन सैकड़ों लाभदायक बातों में से कुछेक निम्न लिखित हैंः–

(१) और बाजों की तरह इसमें ठाट आदि बदलने की आवश्यकता नहीं होती–

(२) इस बाजा की आवाज़ मनभावनी और सुरीली होती है जिससे दिमाग़ को ताज़गी पैदा होती है रागिनी का गुण शीघ्र ज्ञात होता है–

(३) गाने वाले को बहुत सुगमता होती है और साथ अच्छा होता है–

(४) इसके बजानेवाले के हाथ ज़ोरकार और उँगलियां चुस्त कलाई नर्म रहती हैं सुस्ती पासतक नहीं आती–

(५) यदि नित प्रति दो घंटे हारमोनियम बजाया जावे

तो बजाने वाला सदैव निरोग रहेगा क्योंकि स्वरों में भी एक प्रकार का गुण होता है जोकि परीक्षा से ज्ञात होजायगा—

(६) हारमोनियम का वजाने वाला हर प्रकार की सोसाइटियों में सम्मिलित हो सकता है और उसकी प्रतिष्ठा प्रत्येक देश में होती है—

(७) हारमोनियस्ट आज कल्ह बड़ी बड़ी तनख़्वाहें पाते हैं रियासतों में जल्द नौकरियां हो जाती हैं आफ़िसर उनसे प्रसन्न रहते हैं—

हारमोनियममास्टर ।

स्मरण रखना चाहिये कि हारमोनियम सीखने में इतना परिश्रम नहीं करना पड़ता कि जितना बुद्धि और क़ान से काम लेना पड़ता है यह बिल्कुल असत्य है कि हारमोनियम एक कठिन साज़ है यह उन्हीं का कहना है कि जो रुपये के क्रोध से अज्ञान शिक्षकों को अपने जाल में लाते हैं—

किसी किसी हारमोनियम मास्टरों और मीरासियों के तो नख़रेही शिक्षकों के लिये जान का उफान हो जाते हैं, अर्बी पढाने का तो दावा करते हैं परन्तु जानते ज़बर, ज़ेर, पेश भी नहीं—वह दून की हांकते हैं कि जिससे शेख़ चिल्लियों को भी लज्जित होना पड़ता है फिर भला अज्ञान शिक्षकों की घबराहट का क्या ठिकाना हो सकता है—

शायक़ीन—जब गुरु और शिष्य के बीच में क्रोध मध्यस्थ हो जाता है तो फिर गुरु का चित्त स्वीकार नहीं करता कि शीघ्र अपने शिष्य को खलासी दे क्योंकि आमदनी का सिल-

सिला कौन अपने हाथ से तोड़ देता है परिणाम यह होता है कि शिष्य की थैली खाली हो जाती है और उसको विवश हो गुरुजी से विदा होना पड़ता है और अपने शौक़ को छोड़ दिया यह कहने की आवश्यकता होती है—

बहुधा हारमोनियम के जानकार अपने शिष्यों को हथकंडे में लाते हुये कहा करते हैं कि भला कहीं पुस्तक के पढ़ने से हारमोनियम आ सकता है ?

कहे हुये फ़िक़रे को रद् करते हुये शुभचिन्तक यह बात दावे से कहता है कि पुस्तक के द्वारा शिक्षक वह बातें प्राप्त कर सकता है कि जिनकी ख़बर आज कल्ह के हारमोनियम मास्टरों के दिमाग़ी खलियान में भी न पहुँची हों पुस्तक से सीखना तो दरकिनार रहा यदि सीखनेवाला चाहे तो योग्यता प्राप्त कर सकता है जबकि कोई अच्छा ग्रन्थकार हो—

आज कल्ह के कोई कोई हारमोनियममास्टर जिन्हों ने दो एक पुस्तकें बनाकर गानविद्या पर उपकार किया है और मास्टरी का पदक अपने शिष्यों से प्राप्त किया है अपनी रचना पर फूले नहीं समाते और कभी कभी तो अपने आपे से भी बाहर हो जाते हैं गानविद्या के नियम स्वयं बनाकर पब्लिक में दिखाते हैं कदाचित् इस ध्यान से कि देश उनकी प्रतिष्ठा करे परन्तु यह ध्यान पागलपन से अधिक प्रतिष्ठा नहीं रखता क्योंकि ईश्वर की कृपा से दुनिया में अभी बहुत गन्धर्व हैं कि जिनके आगे यह नक़ली राग रागिनी नहीं बज सकते ताल को राग और ध्वनि या रागिनी को राग के नाम से प्रख्यात करना गानविद्या को सीमाबद्ध बताना स्वयं अनभिज्ञ होकर औरों को जताना मूर्खता नहीं तो और क्या है—

किसी दूसरे मनुष्य को सिखाना कुछ कठिन है इसके लिये कुछ परीक्षा दरकार है प्रत्येक मनुष्य को यह योग्यता प्राप्त नहीं हो सकती–

एक मोटा सा उदाहरण शिक्षा विभाग का देखिये कि बिना नार्मल स्कूल पास कियेहुये मास्टर की प्रतिष्ठा उतनी नहीं होती जितनी कि पास किये की शालाओं में हुवा करती है कारण यह है कि नार्मल स्कूल में वह इन बातों को जान लेता है कि बालकों को किस प्रकार पढ़ाया जावे कि शीघ्र हृदयस्थ होजावे इससे हितैषी ने अपनी रचना में जहां तक होसका मन भावते ढंग और सुगम नियम रक्खे हैं जिससे एक कमसमझ विद्यार्थी भी इस साज़ से भले प्रकार योग्यता प्राप्त करसके जबकि कुछ गाना भी जानता हो–

हारमोनियमके शिक्षक ।

हारमोनियम बजानेवाले दो प्रकार के होते हैं एक वह जो शौक़िया वजाते हैं दूसरे वह जो पेशेवर हैं जैसे मीरासी, थ्रेटीकल हारमोनियस्ट आदि ऐसेही हारमोनियम के सीखनेवाले भी दो प्रकार के होते हैं एक वह जो केवल पुस्तक केही द्वारा इस साज़ को बजाया करते हैं और शौक़िया इसको काम में लाते हैं ऐसे शिक्षक बिना गुरु कहलाते हैं इनमें गायन के साथ करने का बल नहीं होता जो कुछ पुस्तक में तर्ज़ें होती हैं वही इनके हृदयस्थ होजाती हैं यदि यह किसी गुरु से केवल एक मास अथवा दो मास तक स्वयं उनके पास रहकर कुछ सीखें तो अतिशीघ्र उत्तम प्रकार के बजाने वाले होजावें–जो बात

पुस्तकों के द्वारा शीघ्र आजाती है वह किसी गुरु के पास रह कर इतनी जल्दी कदापि नहीं आसकती है—

दूसरे प्रकार के शिक्षक वह हैं जो इस साजमें योग्यता प्राप्त करना चाहते हैं और इससे अपनी आमदनी का सिलसिला चलाना स्वीकार करते हैं ऐसे शिक्षक वर्षों गुरु जी के पास पड़े रहते हैं और सीखते हैं फिर उचित प्रैक्टिस करके नौकर होजाते हैं—

हारमोनियमके स्कूल।

आज कल्ह भारतवर्ष के हर बड़े बड़े शहरों में हारमोनियम सीखने के स्कूल खोले गये हैं जिनमें और शालाओं की भांति इस साज़ की भी शिक्षा होती है परन्तु ऐसे स्कूल बहुत कम हैं कि जहां नियमबद्ध शिक्षा होती हो क्योंकि इन स्कूलों में केवल साज़ के बजानेवाले ही मास्टरी के पद पर नियत होते हैं गानविद्या के नियमों के जाननेवाले बहुत कम रहते हैं यही कारण है कि हारमोनियम शिक्षक मनमानी सफलता प्राप्त नहीं करसकते और राग रागिनी के अनगिनत लाभों से कोसों दूर रहते हैं—

यदि प्रत्येक शहर में म्यूज़िक स्कूल इस प्रकार के खोले जावें कि जहां हारमोनियम के अतिरिक्त गानविद्या की भी शिक्षा हुवाकरे तो पब्लिक को बहुत कुछ लाभ होसकता है क्योंकि जब तक मनुष्य असली भेद को न पावे तब तक उसकी ज़ाहिरा कार्रवाई पर न चले नहीं तो मनमानी मंज़िल को न पहुँच सकेगा—गानविद्या का प्रचार प्रत्येक हारमोनियस्ट पर

आवश्यकीय हैं यदि हारमोनियम के साथ वह इसका भी क्रम छेड़ दें तो वह दिन शीघ्र आवेगा कि भारतवर्ष फिर अपनी पिछली करामात को दोबारा प्राप्त करसके-

---

हारमोनियम की क़िस्में।

यद्यपि हारमोनियम के कारीगर आये दिन नई नई तर्ज़ें हारमोनियम बाजे की निकालते रहते हैं इसकारण उन सब तर्ज़ों का ब्योरेवार वर्णन करना इस समय कठिनही नहीं वरन असम्भव है इससे इस पुस्तक में हर प्रकार का वर्णन संक्षेपता के साथ लिखा जाता है जोकि परमावश्यक है-

बनावट के ध्यान से हारमोनियम दो प्रकार के हैं।

फ़ोल्डिङ्ग (मुड़ने वाला) फ़्लोट (फ़र्शी)

(१) फ़ोल्डिङ्ग का वर्णन।

फ़ोल्डिङ्ग वह हारमोनियम बाजा है कि जो दोनों हाथों और दोनों पावों से बजाया जाता है अर्थात् दोनों हाथों से पर्दे दबाये जाते हैं और दोनों पैरों से हवा दी जाती है यह चार प्रकार का होता है-

---

क़िस्म अव्वल।

स बाजे में दोनों पावों से हवा दीजाती है और दोनों हाथों से कुर्सी पर बैठकर बजता है ऐसे बाजे बहुधा थेट्रीकल कम्पनियों में काम आते हैं—

नम्बर १

क़िस्म दोम।

ऐसे बाजे सुन्दरता के अतिरिक्त दृढ़ता में उपमारहित होते हैं क्योंकि इनमें हवा जर्मन सिलवर की नलियों के द्वारा जाती है इन बाजों का मूल्य भी अधिक होता है—

नम्बर २

क़िस्म सोम ।

यह बाजा उपरोक्त बाजों में से एक मुख्य बात के लिये भिन्न है अर्थात् यह बाजा केवल दो पेंचों के अलग करदेने से फ़र्शी बनजाता है और बड़ी सावधानी से बजाया जाता है–

नम्बर ३

क़िस्म चहारुम।

यह बाजा मेज़पर रखकर एक पावँ और दो हाथों से बजाया जाता है और डोरी व पैडिल के अलग करदेने से फ़र्शी बन जाता है जिसकी धौंकनी ऊपर की ओर होती है—

नम्बर ४

फ़ोल्डिङ्ग हारमोनियम का मूल्य।

फ़ोल्डिङ्ग हारमोनियम का मूल्य कम से कम ३०) होता है और अधिक से अधिक आज कल्ह भारतवर्ष में दो हज़ार रुपये तक मिलता है इससे अधिक अथवा न्यून मूल्य के बाजे कारीगर खरीदार की मांग पर बना देते हैं—

(२) फ़्लोट का वर्णन।

जिसको भारतवर्षीय फ़र्शी बाजा भी कहते हैं यह केवल एक हाथ से बजाये जाते हैं और इनमें एकही हाथ से हवा दी जाती है यह तीन प्रकार का होता है–

क़िस्म अव्वल।

नम्बर १

यह बाजा कम खर्च बालानशीन होता है दृढ़ता में दूसरों से बराबरी लेजा चुका है एक हाथ से हवा दी जाती है और दूसरे हाथ से बजता है–

क़िस्म दोम।

यह बाजा बलायत काही बना हुआ अच्छा होता है धौंकनी ऊपर को होती है और बायें हाथ से नीचे की ओर दबाई जाती है यद्यपि यह बाजे सुन्दर होते हैं तब भी दृढ़ता में मनमानी सफलता नहीं दिखा सकते बेलो शीघ्र नष्ट होता है–

नम्बर २

क़िस्म सोम।

यह बाजा हेरल्ड के नाम से प्रख्यात है क्योंकि इस तर्ज़ के कर्मारम्भक मिस्टर हेरल्ड थे इसकी तर्ज़ बनावट बनिस्बत और बाजों के अजीब व ग़रीब है इसकी बेलो अकार्डीन बाजे की भांति पीछे लगी रहती है सामने का भाग बहुतही सुन्दर होता है—

नम्बर ३

फ़्लोट का मूल्य।

फ़र्शी बाजों का मूल्य कम से कम पन्द्रह रुपये और अधिक से अधिक पांच सौ रुपये होता है—

रीड्स।

रीड को स्वर भी कहते हैं यह हिन्दोस्तान में नहीं बनाये जाते या यों समझिये कि कोई हिन्दोस्तानी कारीगर इस ओर ध्यान नहीं देता देशी तो यह पीतल के होते हैं परन्तु मूल्य के ध्यान से बाजे में सबसे अधिक मूल्य की वस्तु है जिस बाजे में अच्छे रीड लगाये जाते हैं उनका मूल्य भी

अधिक होता है इसके अतिरिक्त जो बाजे कम मूल्य में आते हैं उनमें रीड बहुत खराब लगाये जाते हैं जिसके कारण शिर-पीड़ा में फँसना पड़ता है हारमोनियम में इनका लगाना और इनको ठीक करके जड़ना बहुत कठिन है जिसको कि होनहार म्यूजिक प्रोफ़ेसर या मास्टरही पूरा कर सकता है बढ़ई लुहार आदि नहीं जड़ सकते जैसा कि आज कल्ह के कारखानों में बहुधा होता है रीड को घिसकर ठीक करने के लिये अनुभविक गुरु की आवश्यकता है क्योंकि न्यूनाधिक होने से स्वर नष्ट हो जाते हैं बाजों में इकहरी दोहरी कभी कभी तेहरी रीड लगाते हैं जिसको सिंगल स्वर डबल स्वर कहते हैं—

रीड यानी स्वर

प्रत्येक हारमोनियम बाजे में कम से कम ३७ रीड होवे हैं और एक पेटी का मूल्य जिसमें ३७ रीड होते हैं कम से कम ४) चार रुपये होते हैं—

शहर पेरिस Peris जोकि मुल्क फ्रांस (योरप) में है बहुत अच्छे रीड बनाये जाते हैं हिन्दोस्तान में हारमोनियम बनाने वाले कारखाने बहुत हैं परन्तु सब रीड वलायत सेही मँगा कर लगाते हैं इसीकारण अभी तक हारमोनियम बाजों के मूल्य में मनमानी कमी नहीं हुई—

बाजे में रीड नीचे लिखे अनुसार लगाये जाते हैं अर्थात् पहिले बड़े फिर छोटे होते चले जाते हैं यहां तक कि अन्त के सप्तक के सा स्वर पर बहुतही छोटा होजाता है जब रीड को धौंकनी के द्वारा हवा लगती है तभी आवाज देता है—

हारमोनियम के भीतरी तख़्ते पर नीचे की भांति रीड लगे रहते हैं—

डबलस्वर ।

भीतरी ओर

पर्दे ।

बाजे में जो सफ़ेद और काले पर्दे दृष्टि आते हैं इन्हीं के नीचे रीड्स लगे रहते हैं जब बाजे में हवा पहुँचाई जाती है और उँगली से पर्दे दबाये जाते हैं तो तुरन्त आवाज़ उत्पन्न होती है पर्दे भी उतनेही होते हैं कि जितने रीड्स होते हैं किसी किसी बहुमूल्य हारमोनियम बाजे में सफ़ेद पर्दे हाथी-दांत के होते हैं परन्तु बहुत कम—सींग अथवा नक़ली हाथी-दांत के बहुधा बनाये जाते हैं काले पर्दे साधारणही लकड़ी के होते हैं और उनपर काला रोग़न किया जाता है यह बहुधा सरेस से लकड़ी पर चिपका दिये जाते हैं और कोई कोई कारी-गर सफ़ेद पर्दों पर पीतल के छोटे छोटे पेंच क़स देते हैं जिससे दृढ़ता अच्छी होजाती है—

पर्दा सफ़ेद पर्दा काला

पर्दों का चित्र ।

आक्टयूज़ ।

जिसको भारतवर्षीय सप्तक कहते हैं बाजे में जो सफ़ेद और काले पर्दे होते हैं वह सब सप्तक पर विभाजित हैं अर्थात् सात सफ़ेद और पांच काले पर्दों का एक सप्तक होता है इसी प्रकार प्रत्येक बाजे के पर्दे गिनने से सप्तक ज्ञात होसकते हैं–

सप्तक ३ से ७ तक होते हैं परन्तु बहुत कम क्योंकि मनुष्य का गला तीसरे सप्तक तक साथ दे सकता है पहिले सप्तक की आवाज़ मोटी दूसरे की दरम्यानी तीसरे की महीन और ऊंची होती है उपरोक्त तीनों सप्तकों के नाम क्रमानुसार मन्दर, मध्य, तार अथवा टीप है फ़ोल्डिंग हारमोनियम में तीन सप्तक से अधिक होते हैं क्योंकि यह दोनों हाथों से बजाया जाता है इसीकारण तीन सप्तक काफ़ी नहीं होते–

पर्दों का चित्र।

आकृटपूल ।

जिसको भारतवर्षीय सप्तक कहते हैं बाजे में जो सफेद और काले पर्दे होते हैं वह सब सप्तक पर विभाजित हैं अर्थात् सात सफेद और पांच काले पर्दों का एक सप्तक होता है इसी प्रकार प्रत्येक बाजे के पर्दे गिनने से सप्तक ज्ञात होसकते हैं—

सप्तक ३ से ७ तक होते हैं परन्तु बहुत कम क्योंकि मनुष्य का गला तीसरे सप्तक तक साथ दे सकता है पहिले सप्तक की आवाज़ मोटी दूसरे की दरम्यानी तीसरे की महीन और ऊंची होती है उपरोक्त तीनों सप्तकों के नाम क्रमानुसार मन्द्र, मध्य, तार अथवा टीप हैं फोल्डिङ्ग हारमोनियम में तीन सप्तक से अधिक होते हैं क्योंकि यह दोनों हाथों से बजाया जाता है इसीकारण तीन सप्तक काफी नहीं होते—

एक आक्टघूज़ का चित्र।

स्टाप ।

स्टाप को बाजे की कुंजी भी कहते हैं यह बाजों में कम से कम एक और अधिक से अधिक नौ होते हैं इनकेही कारण बाजा में भिन्न भिन्न आवाजें उत्पन्न होती हैं स्टाप फोल्डिंग हारमोनियम में अधिक होते हैं और फ्लोट में केवल तीनही चार होते हैं प्रत्येक स्टाप की आवाज़ दूसरे से विभिन्न होती है इनमें एक स्टाप वर्णन योग्य है जिसका नाम " ट्रेमलू " है इसके खोलने से थरथरी आवाज़ उत्पन्न होती है यह आवाज बहुतही दर्दनाक लहजे में सुनाई देती है थेटीकल कम्पनियां इस आवाज को उस समय सुनाती हैं कि जिस समय कोई दर्दनाक सीन देखने में आता है अथवा किसी को सूली दी जाती है जिसके सुनने से सुननेवालों का दिल लरजता है—

स्टाप

स्टाप का चित्र ।

हारमोनियम में नीचे की भांति स्टाप लगे रहते हैं ।

दमकश।

जिसको वेलो कहते हैं और बहुधा धौंकनी भी कहते हैं हारमोनियम बाजों में हवा पहुँचाने के लिये काम में लाई जाती हैं प्रत्येक वाजे में साधारण दो धौंकनियां होती हैं एक बाहर की ओर जोकि हाथ अथवा पावँ से चलाई जाती है और दूसरी भीतर बक्स में होती है इसके द्वारा भीतर वाजा में हवा पहुँचती है जिससे स्वर बोलते हैं यह साधारण रीति से काग़ज़ और चमड़े की बनाई जाती हैं परन्तु साबड़ की अच्छी रहती है इसकी बनावट भिन्न भिन्न प्रकार की होती है-

स्प्रिंग।

बाजे में जो पीतल के तार पर्दों को दबाये रहते हैं वह स्प्रिंग अथवा कमानियां कहलाते हैं सिवा पीतल के तार के और किसी धातु का तार इस काम को अच्छी तरह पूरा नहीं कर सकता क्योंकि जैसी लचक उसमें होती है दूसरे तार में नहीं होती इनका एक सिरा लकड़ी में ठुका हुवा रहता है और दूसरा सिरा पर्दे को दबाये रहता है जितने पर्दे होते हैं उतने ही स्प्रिंग होते हैं-

स्प्रिंगका चित्र।

हारमोनियम की आवाज़।

बहुधा लोगों का यह ध्यान है कि वलायती हारमोनियम

बाजोंकी आवाज़ देशी बाजों से बहुत सुरीली और चित्ताकर्षक होती है वास्तव में उनकी यह भूल है सदैव स्मरण रखना चाहिये कि जो बाजा बहुमूल्य होगा चाहे वह विलायती हो या देशी-आवाज़ सुरीली और मनभावनी होगी क्योंकि बाजे का मूल्य उसके रीड अच्छे होने के कारण अधिक होता है सुन्दरता से नहीं जोकि एक दो मास की दिखाऊ भड़क होती है जब बाजा दोनों हाथों से बजाया जाता है बहुत अच्छा ज्ञात होता है और गानेवाले को साथ करने में अधिक कठिनता नहीं होती क्योंकि दोहरी आवाज़ के उत्पन्न होने में बोल स्वच्छ ज्ञात होता है ऐसेही जो बाजे दोहरे या तेहरे स्वर के होते हैं उनकी आवाज़ और भी चित्ताकर्षक और मीठी होती है—

हारमोनियम की आवाज़ें भिन्न भिन्न प्रकार की होती हैं जैसे गोल आवाज़, खड़ी आवाज़ आदि-यह हारमोनियम के शिक्षक की इच्छा पर निर्भर है कि जैसी आवाज़ उसको पसन्द हो उसी आवाज़ का बाजा लेवे—

कम मूल्य के बाजे यद्यपि तीव्र आवाज़ के होते हैं परन्तु वह आवाज़ सुकुमार चित्तवालों के लिये दर्दशिर है और मुख्यकर विद्यार्थियों और स्त्रियों के लिये तो वबालजान है क्योंकि प्रथम तो उनके मस्तिष्क पहिलेही से निर्बल होते हैं दूसरे शिक्षा में हानि होती है स्मरणशक्ति नहीं रहती यद्यपि प्रैक्टिस के ध्यान से बीस पचीस रुपयेवाला बाजा हर प्रकार अच्छा रहेगा तब भी जहांतक होसके तीस चालीस रुपये वाला बाजा डबल स्वर का लेकर शौक पूरा करना चाहिये—

वलायती हारमोनियम ।

वलायती हारमोनियम बाजे सुन्दरता में निरुत्तर होते हैं सुरीले और दृढ़ भी होते हैं परन्तु भारतवर्ष के वायु जल के अनुसार नहीं होते आये दिन जीर्णोद्धार की आवश्यकता होती है लकड़ी शीघ्र फट जाती है सब संसार में पेरिस का कारखाना जो यम. केसरायल के नाम से प्रख्यात है हारमोनियम के लिये उच्चश्रेणी का कारखाना है–

भारतवर्षीय व्यवसायी अधिकता से इसी कारखाने से हारमोनियम मँगाकर विक्रय करते हैं बहुधा थेट्रीकल कम्पनियां भी इसी कारखाने के बने हुये बाजे काम में लाती हैं इस कारखाने के बाजों का मूल्य और कारखानों से अधिक होता है–

हिन्दोस्तानी हारमोनियम के शौक़ीन जो दूसरी वलायत से बाजा मँगाते हैं यह उनकी भूल है क्योंकि आज कल्ह बहुत अच्छे हारमोनियम हिन्दोस्तानी कारीगर बनाते हैं जिनको देखकर वलायतवाले दंग हैं–

देशी हारमोनियम ।

हिन्दोस्तानी कारीगरों ने इसमें वह उन्नति प्राप्त की है कि जिससे वलायतवाले चकित हैं बरन कोई कोई होनहार कारीगरों ने तो वह तर्ज़ें नई निकाली हैं जोकि वलायतवालों के दिमाग़ी खलियान में भी न पहुँची हों हम ऐसे होनहार और हिन्दोस्तान के नाज़ हारमोनियम के कारीगरों को सच्चे दिल से बधाई देते हैं और हारमोनियम के शौक़ीनों को सूचना देते हैं कि वह कदापि वलायती बाजों को न मँगावें व्यर्थ रुपया न खोवें अपने देश की दशा को देखें और व्यय करें–

हारमोनियम के कारखानों का वर्णन।

सब संसार में लाखों कारखाने म्यूजीकल इन्स्ट्रूमेंट "Musical Instruments" (औज़ार व साज़ गानविद्या) के मस्तुत हैं यद्यपि हिन्दोस्तान में और देशों के इतने नहीं तब भी और देशों से अधिक हैं क्योंकि यह देश गानविद्या की खानि है और सबने मानलिया है कि भारतवर्ष में जितने गानविद्या के मास्टर हैं उतने किसी और देश में नहीं पाये जाते—

पाठक! यह बात इस दशा में उत्पन्न है जबकि यह भारतवर्ष गानविद्या से बिल्कुल हाथ धो बैठा है—

भारतवर्ष।

भारतवर्ष में निम्नलिखित शहर हारमोनियम के लिये मख्यात हैं—

कलकत्ता, लाहौर, अमृतसर, मेरठ, बम्बई, स्यालकोटादि—

दूसरी वलायत।

निम्नलिखित शहर हारमोनियम के लिये मख्यात हैं—

पेरिस, जर्मन, वाशिङ्गटन, न्यूयार्क, लीवरपूल, लंडन, टोकियो, सेंटपीटर्सबर्ग (पिटरोग्रेड), आस्ट्रिया (देश)

नोट—यदि कोई सज्जन संसार के सब कारखाने और दूकानें हारमोनियम सम्बन्धीय व दूसरे अंगरेजी साज़ की पूछना चाहें तो "क़मर म्यूज़ीकल डायरेक्टरी" को देखें जिसमें सब कारखानों और दूकानों के पते और संक्षिप्त समाचार और गानविद्या सम्बन्धीय औज़ार व साज़ लिखे हैं—मूल्य ५) रुपया (प्रोफ़ेसर सोतीकृष्णराय क़मर देहलवी की बनाई व संगृहीत)

हारमोनियम की दूकानें।

आज कल्ह हिन्दोस्तान के प्रत्येक बड़े बड़े शहरों में हारमोनियम बाजों की दूकानें प्रस्तुत हैं जिनमें बहुतसे सौदागर शिक्षकों को धोखा देकर माल खराब देते हैं यही कारण है कि बहुधा शौक़ीन इस साज़ से घृणा करने लगते हैं यदि वह इस पुस्तक को ध्यान से पढ़ें और इसके अनुसार कार्य करें तो मैं प्रण करके कहता हूं कि कदापि धोखा न खायेंगे-

शायक़ीन! दूकान की ऊपरी भड़क और सौदागरों के लल्लोपत्तो और उनकी चापलूसी में न आजाइये उनकी आनबान देखने से कुछ लाभ नहीं किन्तु उनके माल के देखने से उनकी दशा ज्ञात होती है और मूल्य के पूछने से उनकी ईमान्दारी और सच्चाई जान पड़ती है-

शीघ्रता कदापि न कीजिये वरन बड़ी सावधानी से हर प्रकार से जांचकर मूल्य दीजिये जब तक बाजे की ओर से पूरा ढाढस न हो लेना व्यर्थ है-

---

वलायती समाचार।

मुख्य शहर लंडन से चार समाचार गानविद्या सम्बन्धीय निकलते हैं जोकि इस विद्या में पब्लिक को सप्ताहिक और मासिक नई नई मालूमातों का ज़खीरा पहुँचाते रहते हैं जिनका संक्षिप्त समाचार नीचे लिखा है-

(१) "म्यूज़ीकल होम जनरल" सप्ताहिक लंडन से छपकर निकलता है वार्षिक मूल्य ८) है-

(२) "म्यूज़ीकल बजट" मासिकपत्र इसका वार्षिक चन्दा ३) है यह पत्र कमख़र्च बालानशीन है-

(३) " म्यूजीकल हेरल्ड" मासिक छपता है और वार्षिक चन्दा ३) है मनभावता समाचार है-

(४) " म्यूजीकल टाइम्स " इसका वार्षिक चन्दा ५) है और मासिक छपता है इसमें समाचार भी होते हैं-

---

सफ़ेदपोश डाकू ।

मिस्टर की दूकान में दो तीन हारमोनियम बाजों से अधिक न होंगे परन्तु समाचार पत्रों में इनका विज्ञापन चलता रहा है कि सब हिन्दोस्तान के बाजे इनकीही कोठरियों में धरे हैं- जनरल एजंट और कमीशन एजंट तो मानो इनकी पुश्तैनी मालियत है करोड़पती भी ऐसे वैसे नहीं-आधे दाम पर हार-मोनियम बाजे बेच करके इस दुखिया हिन्दोस्तान पर दया करते हैं उपकार जताते हैं लम्बे चौड़े सार्टीफिकेट छाप करके अपने आपको बनाने का परिश्रम करते हैं मोछों पर जरा ताव देकर अपने नाम परही अकड़े जाते हैं गवर्नमेंट पर खैरख्वाही जताते हैं कि दरबार ताजपोशी की खुशी में आधा लाख रुपया माल पर छोड़ दिया जो चाहे सो लूट ले यदि कोई इन से यह पूछे कि मियां सच कहना कभी तुम्हारे बड़े बूढ़ों ने भी ऐसी उदारता की थी तो उत्तर में क्या कहते हैं कि क्यों नहीं ! बाबा हातिम के वंशजों में हमीं तो शेष रहगये हैं जब किसी टेढ़ी खीर से सामना पड़ता है तो महाशयजी की जनरल मर्चेंटी धरी रहजाती है उल्टा बाजा बजने लगता है बड़े घर की सैर करते हुये ध्रुपद अलापते हैं-

गत वर्ष गवर्नमेंट ने इनकी खबर रखने के लिये शहर कल-कत्ता में कोतवाल साहब को नियत किया था जिनकी रिपोर्ट

से ज्ञात हुवा कि बहुतसे ऐसे जनरल मर्चेंट और कमीशन एजंट बने बैठे हैं जिनके घर में खाक धूल भी नहीं–पाठक इसी प्रकार और शहरों का भी अनुभव करसकते हैं जैसे लाहौर आदि–

शायक़ीन हारमोनियम ! जहांतक सम्भव हो विज्ञापनों की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर अपना रुपया व्यर्थ न खो बैठें जहांतक होसके सावधानी से काम कीजिये और अपने परिश्रम से संग्रह किये हुये रुपये इस प्रकार फेंक कर हाथ न मलिये–

संसार में हरप्रकार के मनुष्य हैं इससे प्रत्येक व्यवसायी को उपरोक्त लेखानुसार एकही न समझिये क्योंकि बहुतसे ईश्वर के दास ऐसे भी हैं जो थोड़े लाभ में संतोष करते हैं दूसरों को लाभ पहुँचाते हैं ईमान्दारी और अपनी बात का ध्यान रखते हैं अच्छे बुरे की परीक्षा जो चतुर होते हैं तुरन्त करलेते हैं लेख से ताड़ जाते हैं–

मिसरा ।

" ख़त का मज़मूं भांप जाते हैं लिफ़ाफ़ा देखकर "

हारमोनियम की ख़रीदारी के नियम ।

बहुधा हारमोनियम के शौक़ीन सफ़ेदपोश डाकुओं की लच्छेदार बातों और सौदागरों के लल्लोपत्तो को देखकर व्यर्थ ख़र्च कर बैठते हैं यदि वह नीचे की बातों को स्मरण रखकर बाजा लिया करें तो कभी धोखा न खायेंगे–

(१) यदि बाजा बाहर से मँगाना हो तो किसी अच्छे कारखाने से जोकि स्वयं बाजा बनाता हो ख़रीदना चाहिये

जो बाजे से कुछ भी जानकारी न हो तो अपने किसी मित्र के द्वारा कि जो जानकार हो खरीद करो–

(२) बाजे के एक एक स्वर को स्वयं बजाकर देखलो और सुनो क्योंकि बहुधा सौदागर जो बाजा बनाना जानते हैं दो तीन टूटे हुये स्वरों को बजाते समय प्रकट नहीं होने देते–

(३) धौंकनी को देखो कि कड़ी चलती है या धीरा यदि कड़ी है तो अवश्य खराब होगी और जल्द बिगड़ जायेगी–

(४) वार्निश पर तेल या पानी का धब्बा तो नहीं लगता यदि यह बात होगी तो वार्निश अच्छी न होगी–

(५) यदि बाजे की लकड़ी चीड़ की है तो पायदार न होगी बाजा हलका अवश्य होगा–

(६) आवाज़ को सुनो और ज्ञात करो कि यह चित्त प्रसन्न करनेवाला है या शिर की पीड़ा उत्पन्न करनेवाला है–

(७) बाजा बरसात में नहीं ख़रीदना चाहिये बहुधा धोखा खा जाते हैं अगर बहुत ज़रूरी ख़्याल करो तो अपने किसी मित्र द्वारा ख़रीद करसकते हो जोकि इस बात को जानता है कि बाजा क्यों न ख़रीदना चाहिये–

(८) बहुधा सौदागर पुराने बाजे को वार्निश आदि करके बना बना कर बेच लेते हैं ख़रीदने के समय इसका ध्यान रखना परमावश्यक है–

(९) शिक्षक को चाहिये कि सीखनेके लिये बाजा सिंगल स्वर तीन स्टाप तीन सप्तक का ख़रीद करे जोकि कम ख़र्च बालानशीन होगा–

इति

प्रार्थना

यह "हारमोनियम मास्टर" का दूसरा भाग है जो आपको अतिशीघ्र स्वरों से जानकार बना देगा और इसके पढ़ने के पीछे बेसुरे न कहलायेंगे क्योंकि स्वरों के बाबत हितैषी ने वह सब बातें जोकि हारमोनियस्टको स्मरण करनी चाहिये लिखदी हैं और अन्त में अँगरेज़ी व हिन्दोस्तानी स्वरों का सामना किया है जिस से और अधिक योग्यता हो सकती है मैं आशा करता हूं कि पढ़ने के पीछे यह पुस्तक शौकीनों को हारमोनियम की मनमानी सफलता का मार्ग दिखायेगी—

हितैषी की दृष्टि से बहुतसी पुस्तकें हारमोनियम बाजे की निकलीं परन्तु किसी में स्वरों के समाचार ब्योरेवार दृष्टि न आये—

यद्यपि गानविद्या का ठहराव केवल स्वरों पर है इस कारण विना इनकी जानकारी के कोई मनुष्य किसी साज़ को नहीं बजा सकता और न नियमानुसार गाही सकता है यद्यपि गाना और रोना प्रत्येक मनुष्य को आता है तब भी वह आनन्द, वह रंग, वह ढंग जो नियमबद्ध गाने बजाने में आता है प्रत्येक मनुष्य से नहीं उत्पन्न होसकता जबतक कि वह इन स्वरों से भली विधि जानकार न होजाय इन बातों पर दृष्टि रखते हुये मैंने यह भाग केवल स्वरों के जानने के लिये बनाया है जिससे मुझको आशा है कि गानविद्या के शौक़ीन अवश्य लाभ उठाकर स्वरों की चित्ताकर्षक आवाज़ से आनन्द उठावेंगे—

ग्रन्थकर्त्ता

हारमोनियममास्टर

दूसराभाग ।

गानविद्या ।

राग भी बहुतसे रोगों की औषध हैं जैसा कि चलने फिरने दौड़ने से टांगों को और जिस्म को वर्जिश होती है ऐसाही गाना भी श्वास लेनेवाले स्थानों के लिये संयम का काम देता है और रग व पट्ठों के लिये लाभदायक मानागया है गानेवालों के फेफड़े और दिमाग में रद्दी चीज़ें इकट्ठा नहीं होने पातीं और यह जोड़ जैसा कि वर्जिश का परिणाम है सदैव अपने आहार (खून) उत्पन्न होने की ओर लगे रहते हैं और आहार को खींच करके हरे भरे और नीरोग रहते हैं यद्यपि अच्छी आवाज़ का बड़ाभारी दारोमदार फेफड़े की आरोग्यता और उसकी नली की फराखी तंगी के बराबर रहने पर निर्भर है इसकारण सदैव गाने के शौक़ीन ऐसी चीज़ें जो अत्यन्त उष्ण व शीत हों और तरी पैदा करनेवाली चीज़ों से जिनसे चर्बी की नली ढीली पड़जाय बेहद संयम करें और भारतवर्ष के प्रचलित व संगृहीत पान को अपना सम्बन्धी समझते हैं यह मिला हुवा पान, चूना, कत्था, सुपारी से बना हुवा होता है बहुतही लाभदायक है—

चूना—जो रायटंट गुण रखता है इससे वह मनुष्य कि जिन को पान खाने की बानि नहीं होती उनको बहुधा दुःख देता है परन्तु इसका आरीटंटडिसइन्‌फ़िकेंट हज़्म करनेवाले आलों

की तुर्शी को दूर और लसदार बलग़म को काटकर दूर करने वाला गुण इसको इस बनावट का बड़ा भाग बनाये हुये है—

कत्था—अपने गरिष्ठ गुण के कारण फेफड़े की नली के ढीलेपन को दूर करके अपनी स्वच्छता का गुण दिखाता है और निष्प्रयोजन वस्तुवों को निकालता है व नली पर जो चूने का रायटंट असर पड़ता है इसकी दुरुस्ती करने के कारण इस बने हुये पान के स्वभाव को दूना करता है—

इलायची—में भी गरिष्ठ और डिसइनफ़िकेंट गुण होने के कारण फेफड़े की नली गन्दी और ढीली होने से बची रहती है सौंफ हज़्म होने के आज़ा के भरजाने और बाई को दूर करने के कारण सांस लेने की चीज़ों को ख़राबी पहुँचाने वाला भाग लेने से बचाये रखती है और बलग़म के बिगाड़ को दूर करदेती है—

सुपारी—का भी गरिष्ठ गुण सांस लेने के आज़ा को चालाक व चुस्त बनाने और हलक़ आदि से पानी के बहने रोकने में लाभदायक है और इस मिलाव पान को मातदिल अधिक गुणकारी बनाता है—

पान—स्वयंही सीमा से अधिक सटीमोलींट और सकमक गुण रखता है जिससे चित्त में प्रसन्नता और शरीर में दृढ़ता व चतुरता उत्पन्न होती है इन सब गुणों से जो उस अजज़ा में होते हैं—

इससे यह अर्थ निकला कि मिलाव पान के साथ फेफड़े के सब काम नियमित रीति पर चलाने में रसायन से कम नहीं—

राग का सुनना घावों से बहते रुधिर को बन्द करने में बहुतही लाभदायक निश्चय हुवा है इस कारण फ़ौजी डाक्टर

लिखते हैं कि जब लड़ाई में कोई सिपाही घायल होजावे तो उसे जब राग सुनाया जाता है तो उसके घावों से रुधिर का आना बन्द होजाता है इसका कारण यह है कि राग से बहते हुये रुधिर और धड़कते हुये दिल पर सटीपौलीट गुण करता है इससे बहते रुधिर की तेजी कम होजाती है और एक प्रकार की बेहोशी लाकर दिल की चाल कम करदेती है जिससे रुधिर का बहना बंद होजाता है—

एक पेरिस के डाक्टर "यम. डूनियर्ड" जो दांतों की दवा करने में प्रख्यात हैं कहते हैं कि जब वह दांतों के रोगों की औषध करते थे तो रोगी को ऐसी दवाई देते थे कि जिससे बेहोशी आ जाती थी जिसमें कष्ट कम हो परन्तु जर्राही अमल पूरा होने के पीछे रोगी शिर की पीड़ा और घूमने का रोग बतलाता था और उसे अनिष्ट स्वप्न दिखाई देते थे अब उन्होंने यह नियम अंगीकार किया है कि बेहोशी की दवाई देने से पहिले रोगी को थोड़ीदेर फोनोग्राफ सुनाते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि रोगी को जर्राही अमल होने के पीछे किसीप्रकार का कष्ट नहीं होता है—

नेपोलियन जब सेंटहलीना टापू (आफ्रिका) में बन्दी था तो उसे नष्ट स्वप्न बहुत सताया करते थे जिसकी पूर्ण औषध राग के सुनने से हुई और नष्ट स्वप्नों का नाम तक न रहा—

अन्तिम अभिप्राय यह है कि दिल व दिमाग के बहुतसे रोगों की औषध राग व गान के द्वारा सरलता से किया जाता है दिल धड़कना जिसे अंगरेज़ी में "पलिपटेशन आफ हार्ट" कहते हैं इस रोगवाले को औषध से अधिक लाभ राग के सुनने से होता है—मालीखूलिया जोफ़बाह-रुधिर के बहुतसे रोगियों को राग

व गाना सुनने से पूर्ण लाभ हुवा अर्थ यह है कि राग का गाना या सुनना बहुतसे दुःखों के दूर करने की पूर्ण दवा है और इसका प्राप्त करना प्रत्येक मनुष्य के लिये लाभदायक है—

स्वर का वर्णन।

जो आवाज़ ठीक मनुष्य के गले से निकले वह स्वर कहलाती है चाहे वह स्थिर हो अथवा अनस्थिर—गानविद्या की जड़ केवल सात स्वर हैं जिनसे सब राग रागिनियां निकली हैं यह सातों स्वर भिन्न भिन्न पशुवों के बोल से उत्पन्न हुये हैं प्रत्येक साज़ में [illegible] कैसाही हो निम्नलिखित [illegible] स्वर [illegible] वरन मनुष्य के कंठ में भी यही सा[illegible] स्वर भरे हैं [illegible]

पड्ज[1], ऋषभ[2], गान्धार[3], मध्यम[4], पञ्चम[5], धैवत[6], निषाद—यह सात स्वरों के नाम हैं—

स्थिर स्वर।

सात स्वरों में केवल दो स्वर पड्ज[1] और पञ्चम[2] स्थिर स्वर कहलाते हैं अर्थात् इनका उतार चढ़ाव दूसरे पांच स्वरों की भांति नहीं होता सदैव एकही स्थान पर स्थिर रहते हैं हारमोनियम के शिक्षक को इन दोनों स्वरों से गायन प्रारम्भ करने की बानि डालनी चाहिये जिसमें कि शीघ्र सफलता हो—

न्यूनाधिक स्वर।

ऋषभ[1], गान्धार[2], मध्यम[3], धैवत[4], निषाद[5]—यह पांचों स्वर उतरा चढ़ा करते हैं एकही आवाज़ पर स्थिर नहीं रहते किन्तु न्यूनाधिक होते रहते हैं—

चढ़ा स्वर ।

चढ़ा स्वर उसको कहते हैं जो स्वर की पूरी आवाज़ देवे हारमोनियम में ऐसा स्वर सफ़ेद पर्दा होता है—

उतरा स्वर ।

बराबर हिस्से की आधी आवाज़ लीजाय तो वह उतरा स्वर कहलायेगा जोकि हारमोनियम में काला पर्दा होता है—

स्वर की पहिंचान ।

नीचे के नक़्शे में सातों स्वरों के संक्षेप नाम और उनके चिह्न लिखे हैं जोकि हारमोनियस्ट काम में लाते हैं—

सात स्वर	षड्ज	ऋषभ	गान्धार	मध्यम	पञ्चम	धैवत	निषाद
संक्षेप नाम	सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी
चिह्न	स	र	ग	म	प	ध	न

सरिगम ।

सातों स्वरों को शीघ्रता में सरिगम कहते हैं वास्तव में सरिगम पा धा नी कहना चाहिये जोकि सातों स्वरों के संक्षेप नामों का संग्रह है—

ग्राम ।

षड्ज, मध्यम, पञ्चम यह तीनों स्वर ग्राम कहलाते हैं गानविद्या के जानकार उपरोक्त तीनों स्वरों मेंसे किसी एक को स्थिर करके राग रागिनी अलापते अथवा बजाते हैं क्योंकि जब

एकसे अधिक साज़ एक साथ बजते हैं तो बजाने के पहिले आपस में मिलकर स्वर मिला लिया करते हैं जिसमें कि बीच में दूसरे स्वर को स्थिर करने से गड़बड़ न होजाय बहुधा षड्ज को स्वर मानकर बजाते हैं जोकि बिल्कुल ठीक है इसमें कुछ भेद न आयेगा यदि गानेवाला बीच में दूसरे स्वर को स्थिर करले और गाये तो साज़ साथ न देगा और जो गाने वाला मध्यम, पंचम को स्वर स्थिर करले तो षड्ज के मिले हुये साज़ कुछ बुरे न जान पड़ेंगे–

सम्पूर्ण ।

जिस राग अथवा रागिनी में सातों स्वर बोलैं चाहे वह उतरे हों या चढे उसको सम्पूर्ण कहते हैं–

खाढ़ू ।

जिस राग रागिनी में छः स्वर बोलैं उसको खाढ़ू कहते हैं–

ऊढ़ू ।

जिस राग रागिनी में केवल पांच स्वर बोलैं उसे ऊढ़ू बोलते हैं–

बादी स्वर ।

बादी स्वर वह कहलाते हैं जिन पर राग रागिनी भली विधि ज्ञात होती है जैसे मालकौस मध्यम पर और भैरव धैवत पर–

समबादी स्वर ।

जो स्वर बादी स्वर के साथ बोलैं अर्थात् उनके सहायक हों वह समबादी कहलाते हैं–

अनवादी स्वर ।

जो स्वर वादी और समवादी के साथ बोले अर्थात् समवादी स्वर को सहायता दे जिससे राग रागिनी में और भी आनन्द आये तो उसको अनवादी कहते हैं—

ववादी स्वर ।

ववादी स्वर वह कहलाते हैं कि जो राग रागिनी के रंग को विगाड़ दें जैसे योगिया में धैवत और कल्याण में मध्यम—

स्वर का निकास ।

आगे के नक्शे में उन पशुओं व पक्षियों के चित्र हैं कि जिनसे सातों स्वर उत्पन्न हुये हैं—

मोर	षड्ज
गौ	ऋषभ
बकरा	गान्धार
करांकुल	मध्यम
कोकिल	पञ्चम
घोड़ा	धैवत
हाथी	निषाद

सातों स्वरों के स्थानों का वर्णन ।

गाने बजाने के समय गायन में उतरे चढ़े स्वर बोलते हैं क्योंकि ऐसा न होने से नतो राग रंग पकड़ता है और न कुछ आनन्द आता है इसकारण गानविद्या के जानकारों ने सात स्थान स्वरों के नियत किये हैं अर्थात् प्रत्येक स्वर के लिये तीन स्थान चढ़े के और तीन स्थान उतरे के हैं और एक स्थान उस मुख्य स्वरका है जिसको सिद्ध स्वर कहते हैं यद्यपि स्वरके सात स्थान हैं और स्वर भी कुल सातही हैं इसकारण ७ स्वर × ७ स्थान = ४९ स्थान हुये—

उतरे स्वरों के स्थान ।

(१) शिकारी—जो स्वर सिद्धस्वर से तीन स्थान उतरा हो उसको शिकारी स्वर कहते हैं—

(२) अतिकोमल—या इतिकोमल वह स्वर है जो सिद्ध स्वर से दो स्थान उतरा हो—

(३) कोमल—वह स्वरहै जो सिद्ध स्वरसे एक स्थान उतरा हो—

(४) सिद्धस्वर—(मुख्यस्वर) उसको कहते हैं जो अपनी असली आवाज पर स्थिर रहे और उतार चढ़ाव न करे—

चढ़े स्वर के स्थान ।

(५) तीव्रस्वर—जोस्वर सिद्ध स्वरसे एक स्थान चढ़ा रहताहै—

(६) तीव्रतर—उसको कहते हैं जो सिद्ध स्वर से दो स्थान चढ़ा रहता है—

(७) तीव्रतम—वह स्वर कहलाता है जो सिद्ध स्वर से तीन स्थान चढ़ा हो—

शिक्षा ।

हारमोनियम के शौक़ीनों को इन स्थानों से कुछ अर्थ नहीं

क्योंकि हारमोनियम में केवल दो स्थान हैं एक कोमल, दूसरा तीव्र—इससे निरर्थक कष्ट न उठावें उपरोक्त दोनों उतरे चढ़े स्वरों को हृदयस्थ करलें—

आक्टयूज़ ।

आक्टयूज़ अर्थात् सप्तक तीन से सात तक होते हैं एक सप्तक के बारह स्वर होते हैं जिनमें सात चढ़े और पांच उतरे होते हैं नीचे एक चित्र केवल एकही सप्तक का दिया जाता है जिससे बाजे में शिक्षक को पर्दे की पहिंचान सुगमता से हो जायगी—

चित्र सप्तक ।

१	२	३	४	५
(रे)उतरा	(गा)उतरा	(मा)चढ़ा	(धा)उतरा	(नी)उतरा

(सा)कायम	(रे)चढ़ा	(गा)चढ़ा	(मा) उतरा	(पा) कायम	(धा) चढ़ा	(नी) चढ़ा
१	२	३	४	५	६	७

उपरोक्त चित्र में जो काले पर्दे हैं उतरे हैं केवल मध्यम स्वर का काला पर्दा इसके प्रतिकूल है अर्थात् काला चढ़ा और सफ़ेद उतरा है शेष सब सफ़ेद पर्दे चढ़े स्वर के हैं—

हारमोनियम में पहिला सप्तक बायें हाथ से प्रारम्भ होता है—

सप्तक का वर्णन ।

वास्तव में सप्तक केवल तीनहीं काममें लाये जाते हैं क्योंकि मनुष्य का गला यहीं तक काम दे सकता है आगे साथ देना असम्भव है इन तीनों के नाम मन्द्रि१र, मध्य२ तार या टीप३ हैं—

(१) मन्दिरसप्तक ।

बाजे में जो सबसे पहिला बारह स्वरों का सेट होता है वह मन्दिर या उदारसप्तक कहलाता है इस सप्तक की आवाज़ मोटी होती है गानेवाले को इस सप्तक के स्वरों से आवाज़ मिलाने के लिये अपनी आंतों पर ज़ोर डालना पड़ना है—

(२) मध्यसप्तक ।

मध्यसप्तक अथवा मदारासप्तक दूसरे सप्तक का नाम है इसकी आवाज़ पहिले सप्तक से दुगुनी होती है और इसके स्वरों के साथ देने में कलेजे पर और दिल पर ज़ोर पड़ता है—

(३) तारसप्तक ।

इसको टीप भी कहते हैं यह तीसरा सप्तक होता है इसकी आवाज़ महीन और ऊंची होती है इसके स्वरों के साथ देने में आंखों पर ज़ोर पड़ता है और कभी कभी आंखों से पानी भी निकलने लगता है—

पर्दों के भिन्न भिन्न नाम ।

प्रत्येक मनुष्य काले पर्दे को कोमल अथवा सफ़ेद पर्दे को तीव्र नहीं कहता इनके भिन्न भिन्न नाम हैं जोकि दूसरे देशों में और मुख्य भारतवर्ष में बोले जाते हैं पाठकों के चित्त लगने के लिये नीचे लिखे जाते हैं—

	१	२	३	४	५	६	७	८
कालेपर्दे	Soft	Block	कोमल	उतरा	मुलायम	रहम	काला	
सफ़ेदपर्दे	Hard	White	तीव्र	चढ़ा	सख़्त	ज़ुल्म	सफ़ेद	

हारमोनियम की क़िस्में।

स्वरों के ध्यान से हारमोनियम दो प्रकार के होते हैं—

(१) सी. टू सी. (C. to C.)

(२) यफ़. टू यफ़. (F. t. F.)

सी. टू सी. बाजा।

अंगरेज़ी में (C.) को सा कहतेहैं इसकारण सी. टू सी. के मानी सा से सा तकके हुये ऐसे बाजे भारतवर्ष में अधिकता से प्रचलित हैं इस बाजे में जो सबसे पहिला पर्दा होता है वह षड्ज कहलाता है जिसका नाम संक्षेप रूप से सा है—

दूसरी पहिंचान—दूसरी पहिंचान इस बाजे की यह है कि पहिले सफ़ेद पर्दे के दो काले पर्दे होते हैं—नीचे का चित्र देखो—

चित्र नम्बर (१)

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४ १५

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४ १५ १६ १७ १८ १९ २० २१ २२

यफ़. टू यफ़. बाजा ।

अंगरेज़ी में (F.) को मा कहते हैं इसकारण यफ़. टू यफ़. से यह अर्थ है कि मा से मा तक— यह एक नई बनावट है मेकर (बनानेवाला) ने मा को षड्ज मानकर बाजा बनाया है ऐसे बाजे बहुत कम बिकते हैं इसका सबसे पहिला पर्दा मा होता है—

दूसरी पहिंचान—इस बाजे में सबसे पहिले पर्दे के पीछे तीन काले पर्दे होते हैं जैसा कि नीचे के चित्र से ज्ञात है—

चित्र नम्बर (२)

गुप्तभेद

अर्थात्

सी. टू सी. का यफ़. टू यफ़. बनाना ।

यदि कोई महाशय सी. टू सी. बाजे को यफ़. टू यफ़. बाजा बनाना चाहें तो पहिले पांच पर्दे अर्थात् तीन सफ़ेद और दो काले छोड़कर छठे पर्दे को स्वर यानी षड्ज नियत करलें और फिर बजायें गायन ठीक बजेगा—

शिक्षक हारमोनियम को दोनों बाजे मोल लेने की विशेष आवश्यकता नहीं—

सोलह स्वरों का वर्णन ।

प्रकट हो कि स्वर वास्तव में सोलह हैं परन्तु गानविद्या के ज्ञाताओं ने केवल सातही स्वर स्थिर कर लिये हैं और इन्हीं पर सब राग रागिनियों का ठहराव है—

यहां पर इन सोलह स्वरों का वर्णन करना हारमोनियम-शिक्षकों के लिये लाभकारी होगा जिनसे संस्कृत भाषा के जानने वाले भली विधि बोध रखते हैं नीचे लिखे चित्र को देखिये—

सोलह स्वरों का चित्र ।

अ	اے	ऊ	اُو	अं	انگ		
आ	آ	ए	اے	अः	آن		
इ	اِی	ऐ	آئی	..			
ई	اِی	ओ	آو	..			
उ	اُو	औ	آؤ	..			

उपरोक्त चित्र में जो सोलह स्वर हैं इनमें से चार अर्थात् ऋ ॠ ऌ ॡ मुख्य संस्कृत बोलनेवाले काममें लाते हैं मनुष्य के गले में भी यही सोलह स्वर भरे हुये हैं कोई ऐसा शब्द उनकी जिह्वा से नहीं निकलता जिसमें कोई उपरोक्त स्वर अपनी आवाज़ प्रकट न करें ऐसेही गानविद्या में कोई मनुष्य सात स्वरों से पृथक् नहीं गा सकता और न कभी ऐसा सम्भव हो सकता है इससे जो कुछ प्राचीन समय के जानकारों ने नियम बांधा है वह ठीक है और इसमें उलट फेर कदापि न होगा और न कोई घटाव बढ़ाव का दावा कर सकता है कोई कोई गानविद्या के अभिमानी कहा करते हैं कि गानविद्या की हमने हद करदी अर्थात् उन्होंने सब कुछ जान लिया यह दावा चंडू-खाने की गप से अधिक गौरव नहीं रखता क्योंकि यह विद्या अर्थात् गानविद्या अन्तरहित है इसकी हद नहीं हो सकती चाहे मनुष्य कितनेही जन्म लेकर इसके प्राप्त करने का परिश्रम करे उन सोलह विद्यायों मेंसे कि जिनका वर्णन वेदों और पुराणों में है यह विद्या सबसे अधिक गौरव रखती है और इसके जाननेवाले को गन्धर्व कहते हैं—

सुरीलापन।

बहुधा मजलिसों और नाटकों में जब गवैया गाता है तो किसी किसी मनुष्य को अतिहर्ष आ जाता है और कोई कोई वन्समोर (Once more) की ऊंची ध्वनि करते हैं तालिका-ध्वनि करते हैं जिससे उनकी इच्छा यह होती है कि मानों बहुत अच्छा गाना है एक बार और गाया जाय—

यह बात उस समय उत्पन्न होती है जब गवैया सुरीला हो

अर्थात् अपनी आवाज़ को गानविद्या के नियमानुसार उतारता और चढ़ाता रहे जो बाजा साथ बजता हो उसके स्वरों से मिलाता रहे और किसी किसी समय अलाप कर रागिनी में आनन्द उत्पन्न करे ऐसे गानेवाले को सुरीला गवैया कहते हैं और प्रत्येक मनुष्य उसके गाने को स्वीकार करता है क्योंकि जो रागिनी सुरीलेपन से नियमानुसार गाई जाती है और साथही गवैया समय का भी ध्यान रक्खे तो उसका गुण अवश्य होता है जिससे सुननेवालों का चित्त प्रसन्न हो जाता है इसकारण सुननेवाले इकाइक वाह वाह की ऊंची ध्वनि करते हैं और आनन्द में तालियां बजाते हैं–

हारमोनियमशिक्षक को चाहिये कि जब किसी पर्दे पर उँगली रक्खे और उसमें आवाज़ पैदा होवे तो अपनी आवाज़ को उसके साथ मिलाये इसी प्रकार प्रत्येक स्वर से आवाज़ मिलाने का श्रम करे जिसमें गाने के समय बेसुरा होने से रागिनी का आनन्द न जाता रहे–

बेसुरा।

कोई कोई अच्छे गानेवाले भी बेसुरे हो जाते हैं बनिस्बत बेताले के बेसुरापन कोई बड़ा दोष नहीं तब भी शिक्षक को चाहिये कि गाने से पहिले आ आ आ आ की आवाज़ गले से निकाले और उसको उस रागिनी की तरह अलापे जिसको कि वह गाना चाहता है दो एक बार ऐसा करने से गला खुल जायगा और स्वर ज्ञात हो जायँगे हारमोनियम के पहिले सप्तक पर आवाज़ मिलती हो और बजाने वाला दूसरे सप्तक पर बजाता हो तो मानो बेसुरा न कहलायेगा–

यद्यपि जिस शब्द को कोमल पर कहना हो और तीव्र पर कहे अथवा षड्ज को ऋषभ पर तो उस समय में गवैया वेसुरा कहलायेगा जिससे राग रागिनीका गुण नष्ट हो जावेगा—

ज़मज़मा ।

सितार में जिसको मींड कहते हैं उसको हारमोनियम में ज़मज़मा कहते हैं जो हारमोनियस्ट ज़मज़मा देना जानता है वही राग रागिनी में आनन्द उत्पन्न कर सकता है क्योंकि ज़मज़मा उँगलियों की उस तेज़ ज़रब का नाम है जोकि दो उँगलियों और कभी कभी तीन उँगलियों से एक साथ पर्दे पर मारी जाती है यह बात उस समय में उत्पन्न होती है जब हाथ की उँगलियां बिल्कुल तैयार हो जाती हैं और हारमोनियस्ट के थोड़े से इशारे पर चलती हैं पिछले पृष्ठों में यह बतलाया गया है कि अनवादी और समवादी स्वर वह हैं जो राग रागिनी में अधिक होकर आनन्द उत्पन्न करें इसीकारण ज़मज़मा में लाये जाते हैं जिससे राग रागिनी में आनन्द आजाता है—

ज़मज़मा सदैव पास के पर्दों पर दिया जाताहै और उँगलियों की ज़रब एक साथ दीजाती है यदि इसके प्रतिकूल होगा तो वह ज़मज़मा नहीं कहलायेगा वरन गायन नष्ट होजायगा ज़मज़मा का अधिक विस्तार लिखना व्यर्थ है क्योंकि जब हारमोनियम-शिक्षक की उँगलियां खूब तैयार होजाती हैं तब वह ज़मज़मा देने पर अपने आप आसक्त होता है—

तान ।

गवैया जब गाता है तो उसको किसी किसी स्थान पर अलाप देने की आवश्यकता पड़ती है उस समय वह अपनी ध्वनि में

अर्थात् अपनी आवाज़ को गानविद्या के नियमानुसार उतारता और चढ़ाता रहे जो बाजा साथ बजता हो उसके स्वरों से मिलाता रहे और किसी किसी समय अलाप कर रागिनी में आनन्द उत्पन्न करे ऐसे गानेवाले को सुरीला गवैया कहते हैं और प्रत्येक मनुष्य उसके गाने को स्वीकार करता है क्योंकि जो रागिनी सुरीलेपन से नियमानुसार गाई जाती है और साथही गवैया समय का भी ध्यान रक्खे तो उसका गुण अवश्य होता है जिससे सुननेवालों का चित्त प्रसन्न हो जाता है इसकारण सुननेवाले इकाइक वाह वाह की ऊंची ध्वनि करते हैं और आनन्द में तालियां बजाते हैं–

हारमोनियमशिक्षक को चाहिये कि जब किसी पर्दे पर उँगली रक्खे और उसमें आवाज़ पैदा होवे तो अपनी आवाज़ को उसके साथ मिलाये इसी प्रकार प्रत्येक स्वर से आवाज़ मिलाने का श्रम करे जिसमें गाने के समय बेसुरा होने से रागिनी का आनन्द न जाता रहे–

बेसुरा ।

कोई कोई अच्छे गानेवाले भी बेसुरे हो जाते हैं बनिस्बत बेताले के बेसुरापन कोई बड़ा दोष नहीं तब भी शिक्षक को चाहिये कि गाने से पहिले आ आ आ आ की आवाज़ गले से निकाले और उसको उस रागिनी की तरह अलापे जिसको कि वह गाना चाहता है दो एक बार ऐसा करने से गला खुल जायगा और स्वर ज्ञात हो जायँगे हारमोनियम के पहिले सप्तक पर आवाज़ मिलती हो और बजाने वाला दूसरे सप्तक पर बजाता हो तो मानों बेसुरा न कहलायेगा–

शीघ्रता से आ आ कर जाता है ऐसे स्थान पर हारमोनियम बजानेवाला उसकी आवाज़ के साथ अपनी उँगलियां फुर्ती के साथ उन्हीं स्वरों पर चलाता है जिन स्वरों पर गवैया अलापता है इसीको तान अथवा अलाप कहते हैं तान का बजाना कुछेक कठिन काम है इसके लिये हाथ को हथियार की भांति तैयार करने की आवश्यकता पड़ती है सैकड़े पीछे दश हारमोनियस्ट वर्तमान समय में तान बजाना जानते हैं क्योंकि बहुत से इसको कठिन समझ कर छोड़ देते हैं वास्तव में यह उनकी भूल है क्योंकि रागिनी का आनन्द अलाप सेही आता है विना तान के कुछ आनन्द नहीं आता इसकारण जहां तक होसके तान बजाने का अभ्यास होना चाहिये जोकि हाथ के तैयार होने पर किया जाता है–

तान के बजाने में बहुत से पर्दे शीघ्र बजाने पड़ते हैं जिनके उदाहरण शुभचिन्तक ग्रंथकारने " हारमोनियममास्टर छठे भाग में " ब्योरे के साथ लिखे हैं–

पल्टे ।

तान के उलट कोही पल्टा कहते हैं अर्थात् जिस स्वर से बजाते हुये नीचेकी ओर चलेगये फिर उसही तेज़ी में बजाते हुये उसही स्वर पर आगये जहां से तान प्रारम्भ कीगई इस उलट फेर का नाम पल्टा है–

इसके बजाने में तान से अधिक अभ्यास करने की आवश्यकता पड़ती है हारमोनियमशिक्षक को जब तान देना आ जाये तो उसको पल्टे बजाने की प्रैक्टिस करनी चाहिये जिस हारमोनियस्ट को पल्टा, तान, ज़मज़मा बजाना आ जाता है

चित्र सामना ।

नीचे के चित्र में अंगरेज़ी और हिन्दोस्तानी स्वरों का सामना किया है शौक़ीन अच्छी तरह से कंठाग्र करलें—

१	२	३	४	५	६	७
A.	B.	C.	D.	E.	F.	G.
धा.	नी.	सा.	रे.	गा.	मा.	पा.

शेष सब बातें वही हैं जोकि भारतवर्ष के गायकों ने माना है—

चित्र अंगरेज़ी सप्तक ।

नीचे के चित्र से प्रकट है कि अंगरेज़ी में स्वर (C.) सी. से प्रारम्भ होता है परन्तु कोई कोई हारमोनियममेकर (F.) यफ़. से प्रारम्भ करते हैं—

सरिगम का वर्णन ।

सा रे गा मा पा धा नी को जल्दी में सरिगम कहते हैं प्रत्येक राग रागिनी की एक सरिगम नियत करदी गई है जिन पर वह रागिनी गाई जाती है इससे हारमोनियमशिक्षक को आगे की सरिगमैं खूब याद करलेनी चाहियें क्योंकि जिस हारमोनियस्ट को सब राग रागिनियों की सरिगम आती हैं

पर कभी बेसुरा नहीं हो सकता और न साथ करने में घबड़ाता है सब मिलकर कठिन से कठिन राग को अलाप सकता है जिन शिष्यों के हाथ तैयार होते हैं परन्तु साथ करना नहीं जानते उनके लिये यह बोलियाँ मुख्य कर लाभ पहुँचावेंगी—

सब राग रागिनियों का वर्णन ।

सब राग रागिनियों का इस छोटीसी पुस्तक में वर्णन करना असम्भव है यद्यपि सब प्रसिद्ध समय की रागिनियों का संक्षेप रूप से वर्णन किया गया है—

राग ।

(१) भैरव राग ।

(१) समय ।

इस राग का अन्त सूर्य निकलने से पहिलेही कर दिया जाता है भारतवर्ष में रात के तीन या चार बजे से प्रारम्भ किया जाता है—

(२) भैरव राग का गुण ।

इसका गुण चित्त पर अति शीघ्र होता है सुनने से चित्त प्रसन्न होता है शरीर में चुस्ती बिजली की भांति काम कर जाती है जो मनुष्य नियमित समय पर गाता है और नियमानुसार गानविद्या का अलाप करता है वह कभी बीमार नहीं होता—

(३) सरिगम ।

हारमोनियम में नीचे के पर्दे काम में लाये जाते हैं-

(२) मालकौस राग ।

(१) समय ।

अन्तिमरात्रि अर्थात् रात के दो अथवा तीन बजे यह राग गाया जाता है-

(२) गुण ।

इस राग के सुनने से मनुष्य मस्त होजाता है शराब के नशे की तरह सरूर आता है उस समय चित्त यही चाहता है कि-
मेरे पास बैठा हो वह सनम् लिये अपने हाथ में जामेजम्-
पियें दम् बदम् मय वस्ल हम न खयाल रोज़ हिसाब हो।
मय खुश गवार का दौर हो नशये शराब का ज़ोर हो-
उधर उसके दिल में कुछ और हो इधर हमको जोशे शबाब हो।

(३) सरिगम ।

(३) हिंडोल राग ।

(१) समय ।

यह राग सायंकाल के समय गाया जाता है और बसन्त ऋतु में इस समय अपना गुण रखता है—

(२) गुण ।

इस राग के सुनने से मनुष्य मतवाला हो जाता है चित्त प्रसन्न और मगन होता है गानविद्या के अधिकारी यदि एक लिखी पर अक्षर डालने के लिये मजबूर किये जावें तो इस राग की सहायता से अवश्यही सफलता प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि गानविद्या के नियमों से कुछ भी मेल न रखते हों—

(३) सारिगम ।

झिकारी

सा गा मा धा नी

(४) दीपक राग ।

(१) समय ।

दो पहर दिन को यह राग गाया जाता है यह किंवदन्ती है कि इसके गाने से दीपक प्रज्वलित होजाते हैं—

(२) गुण ।

आतशे इश्क़ से नीम बिस्मिल कि तरह तड़पता—
वे क़रारी व बेचैनी से मजनूं बनता ।

"न आज तक किसीने इसके गुण से दीपक प्रज्वलित किये हैं और न कभी कर सकता है कविता की लम्बी चौड़ी बातें सूर्यवत् प्रज्वलित हैं ज़रासे तिनुके को तीर फ़ौलादी बनाना इनके बायें हाथ का खेल है"—

(३) सरिगम ।

(५) श्री राग ।

(१) समय ।

तीसरा पहर अर्थात् दो बजे से चार बजे तक इस रागका गुण रहता है—

(२) गुण ।

इस राग के सुनने से मनुष्य मालीख़ोलिया व ख़फ़क़ान आदि रोगों से मुक्त हो जाता है और प्रसन्नता प्राप्त होती है चित्त के सब संशय दूर हो जाते हैं और उस समय वे रोक जिह्वा से यह शैर निकलता है—

मारा बजहां ख़ुश्तर अज़ीं यकदम् नेस्त—
कज़ नेक व बद अन्देशः व अज़ कस ग़म नेस्त ।

(३) सरिगम ।

(६) मेघ राग ।

(१) समय ।

इस राग का समय दिन का अन्त है परन्तु कोई कोई गानविद्या के जानकार अन्तिम रात्रि बतलाते हैं और वर्षाऋतु में यह राग हर समय गाया जाता है–

(२) गुण ।

इस राग के सुनने से चित्त को शान्ति होती है प्यास बुझती है और दाह रोग को लाभ होता है बरसात में इसका गुण तुरन्त होता है मुख्यकर श्रावण के महीने में जब बादल उमड़ घुमड़ आते हैं तब यह राग अपना पूरा गुण दिखलाता है परन्तु वर्षा का होना बिल्कुल झूठ है–

(३) सरिगम ।

सा | रे | मा | पा | धा | नी

रागिनियां ।

रागिनियां भैरव राग ।

(१) वीड़ाड़ी ।

यह रागिनी प्रातःकाल गाई जाती है-

(२) गुण ।

आलस्य दूर हो-चित्त प्रसन्न हो-

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

औरत खूबरू-सब्ज़ फ़ाम-औसत अन्दाम-तिरछी नज़र-पतली कमर-खुशरवू-खुशगुलू-

(४) सरिगम ।

(२) मधुमाध रागिनी ।

(१) समय ।

मुख्य समय इस रागिनी के अलापने का प्रातःकाल है-

(२) गुण ।

इस रागिनी का असर कामदेव पर अधिक होता है सुनने वाले से फिर रहा नहीं जाता । चाहै वह कैसाही बलवान, ब्रह्मचारी, जितेन्द्रिय क्यों न हो-

नूहानश पर नूहानश नौंगू पर नौंगू-
लगानक पर लगानश ढोलो पर ढोल ।

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

खूबसूरत औरत-नाज़ुक मिज़ाज-कमसिन-गिलाहिंग-लिबास-सादे-

(४) सरिगाम ।

(३) भैरवी रागिनी ।

(१) समय ।

प्रातःकाल भैरवी की अलाप मुनासिब है ।

(२) गुण ।

बदन में चुस्ती व चालाकी हो-आलस बेदारी हो-इस राग के सुनने से चित्त बहुत प्रसन्न होता है-

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

जैसे खूबरू-मिश्गीं-खुशगुफ्तार-खुशरफ़्तार-
शरमगीं-महेजबीं-चहारदःसाला-मिस्ल उम्र दोशीज़ह-
बरस पन्द्रह याकि सोलह का सिन-
जवानी की रातें मुरादों के दिन ।

(४) सरिगम ।

(४) सिन्धवी रागिनी ।

(१) समय ।

चौथा पहर अर्थात् दिन के अन्तिम भाग में यह रागिनी गाई जाती है—

(२) गुण ।

इस रागिनी के सुनने से दिल को जोश आता है क्रोध से शरीर कांपता है युद्ध की ओर चित्त जाता है धैर्य जाता रहता है और आशा नहीं रहती—

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

औरत खूबसूरत—सुर्ख आंखें—सुर्ख लिबास—शकीला—जमीला नौजवां का इन्तिज़ार—दिलबेक़रार—माही बेआब—गुस्से की आग श्वालहज़न—

(४) सरिगम ।

(५) बंगला रागिनी ।

(१) समय ।

इस रागिनी का समय अन्तिम दिन है–

(२) गुण ।

जिस एक ठिकाने न रहै–कभी जिस में कुछ ध्यान हो कभी कुछ हैरान व परेशान हो–

(३) स्वरूप व साहश्य ।

स्त्री सुन्दर-पति स्मरण में मस्तक-विभूति लगाये हुये छ-छिन्न-वस्त्र पीत-घबड़ाहट की दशा-कमल का फूल हाथ में लिये हुये–

(४) सरिगम ।

रागिनियां मालकोस राग ।

टोड़ी रागिनी ।

(१) समय ।

मुख्य समय इस रागिनी के गाने बजाने का पहर भर दिन चढ़े का है अर्थात् आठ या नौ बजे दिनके गाई जाती है–

(२) गुण।

इस रागिनी का असर पशुवों पर विशेष होता है हरिणादि इसके सुनने से शीघ्र मोहित होते हैं एक अच्छे गवैये के लिये यह रागिनी हथियार का काम देती है—

(३) स्वरूप व सादृश्य।

युवा स्त्री—चन्द्रवदनी—गौर शरीर—घूंघरवाले बाल—बिजली का असर—

(४) सारिगम।

(२) गंकले रागिनी।

(१) समय।

दिनके पांच बजे अथवा छः बजे गानेसे यह रागिनी अपना गुण दिखलाती है—

(२) गुण।

आतशे इश्क़—बेक़रारी—दिलफ़िगारी—परेशानी—सरगरदानी—जुस्तजूये यार—आहोफ़िग़ां—

(३) स्वरूप व सादृश्य।

शकील और हसीन औरत—उम्र चौदह साल—फ़िराक़यार में बेक़रार—ग़म पुरअलम—पज़मुर्दः चेहरा—गर्दन झुकाये हुये—

(४) सारिगम।

(३) खंबावती रागिनी।

(१) समय।

यह रागिनी बहुधा एक या दो बजे रात को गाई जाती है—

(२) गुण।

आराम हासिल हो—तबीयत खुश हो—इन्तिज़ार ज़्यादः हो—दिल कुशादः हो—शिर दर्द दूर हो—

(३) स्वरूप व सादृश्य।

खूबसूरत औरत—परी पैकर—सुर्ख रुखसार—खुश गुफ्तार—चञ्चल रफ्तार—नशे में चूर—लिबास सब्ज़—शृंगार किये हुये किसीका इन्तिज़ार कर रही है—

(४) सारिगम।

रे	ग				नी	
सा	०	०	मा	पा	धा	०

समय बहुत अच्छा समाँ बँध जाता है जिसको कागज़ के छोटे से टुकड़े पर दिखलाना कठिन बात है—

(३) स्वरूप व सादृश्य।

खूबसूरत औरत—चार, मनचल—घुंघरू—घुंघरू—खनकार—नशे में चूर—रक्स करती हुई रागिनी अलाप रही है—

(४) सरिगम।

रागिनियां हिंडोल राग।

(१) रामकली रागिनी

(१) समय।

यह रागिनी वसन्तऋतु में चढ़ते दिन के समय गाई जाती है—

(२) गुण।

दिल उमड़ आता है—छाती फटी जाती है—फ़िक्रें दूर हों—चित्त में चुलबुलाहट का असर हो—रंग पीला हो जाय—

(३) स्वरूप व सादृश्य।

खफ़गी की नज़र—बांकी फबन—नाज़ व अन्दाज़ से पुर-शोख़ चश्म—कम उम्र—करश्मा साज़—

(४) ककुभ रागिनी ।

(१) समय ।

यह रागिनी दोपहर दिन में गाई जाती है और उसी समय कुछ आनन्द भी आता है–

(२) गुण ।

हासिल विसाल हो–दूर दिलका मलाल हो–आलम खामोशी छाजाये–जबान बन्द होजाये–न ग़म है न रंज है–गुनूदगी तारी है–

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

नौजवां नाज़नीन–रश्क हूर–कमसिन–सुरीरंग–ज़र्द लिबास परेशान–ज़ुल्फ़ बिखरी हुई–ज़बान पर मुहर सकूत लगी हुई–

(४) सरिगम ।

(५) गौरी ।

(१) समय ।

जब दिनका अन्त होने लगता है उस समय गौरी रागिनी का अलाप और समय से अच्छा लगता है–

(२) गुण ।

इसके सुनने से चित्त नाच की ओर दौड़ता है और उस

(३) देवसाख रागिनी ।

(१) समय ।

दस या ग्यारह बजे दिनके यह रागिनी गाई जाती है–

(२) गुण ।

सुननेवालों से गानेवाला इस रागिनी के गुण को अधिक मानता है और इस रागिनी का गुण केवल चुम्बक पत्थर की ही भांति नहीं वरन यह रागिनी मनुष्य के चित्त को परवश करदेती है और की सुगन्ध आती है मेघ उत्पन्न होता है–

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

औरत मर्दाना लिबास–जिस्म पहलवान–हाथ में नंगी तलवार लिये हुये–गरेबां चाक–अंगलियां कीसी सूरत–मैदान जंग की तैयारी–

(४) सारिगम ।

सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी

(४) ललित रागिनी ।

(१) समय ।

इस रागिनी का अलाप सुबह के पांच बजे होता है–

(४) सरिगम।

(२) विलावल रागिनी।

(१) समय।

इस रागिनी के अलाप का समय दशबजे दिन अच्छा रहता है—

(२) गुण।

चित्त में उमंग उत्पन्न हो – किसी मुख्य काम को सुगमता से पूरा करे – प्रत्येक काम में सफलता होना—चित्त सदैव लहरैं लेता रहेगा – दुःख का चिह्न तक न रहेगा—

(३) स्वरूप व सादृश्य।

औरत स्याह फ़ाम—नाज़ुक अन्दाम—सांवरी सूरत—मोहनी मूरत—कामिनी और मृगनयनी—लिवास सुर्ख़—जवान उम्र—सर व क़द—आहूचश्म—

(४) सरिगम।

सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी

(३) देवसाख रागिनी ।

(१) समय ।

दस अथवा ग्यारह बजे दिनके यह रागिनी गाई जाती है—

(२) गुण ।

सुननेवालों से गानेवाला इस रागिनी के गुण को अधिक मानता है और इस रागिनी का गुण केवल चुम्बक पत्थर की ही भांति नहीं वरन यह रागिनी मनुष्य के चित्त को परवश करदेती है स्नेह की सुगन्ध आती है मेघ उत्पन्न होता है—

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

औरत मर्दाना लिबास-मिस्ल पहेलवान-हाथ में नंगी तलवार लिये हुये-गरेबां चाक-अंगुलियां कीसी सूरत-मैदान जंग की तैयारी—

(४) सरिगम ।

सा रे गा मा पा धा नी

(४) ललित रागिनी ।

(१) समय ।

इस रागिनी का अलाप सुबह के पांच बजे होता है—

(२) गुण।

दो० विरह आगि तनमें लगी, जरन लगे सब गात।
नाड़ी छूतहि वैद्य के, परे फफोले हात॥

(३) स्वरूप व सादृश्य।

औरत–नेकसीरत–नज़र गौर–हालतज़ार–बुलबुल बीमार–हिज्रसनम–ग़मगीनचेहरा–नाज़ुक अन्दाम–सफ़ेदफ़ाम–

(४) सरिगम।

(५) पटमंजरी रागिनी।

(१) समय।

यह रागिनी आधीरात के समय अपना गुण दिखाती है–तानसेन का कहना है कि पटमंजरी अलापने के समय यदि ज्वर हो तो बिल्कुल दूर हो जाता है जबकि तान का भी ध्यान रक्खा जावे–

(२) गुण।

ज्वर दूर हो–मन प्रसन्न हो–चित्त प्रसन्न हो जाय–भूख अधिक लगे–प्यास भगे–

(३) स्वरूप व सादृश्य।

युवा लड़की–गौर शरीर–लालगाल–धानी रंग साड़ी पहने हुये–जल्दी जल्दी चलती हुई–

(४) सरिगम ।

सा	रें	गा	मा	पा	धा	नी

रागिनियां दीपक राग ।

(१) देश रागिनी ।

(१) समय ।

आधा दिन—कोई कोई गानविद्या के जानकार रात के दूसरने का समय बतलाते हैं और यही समय अति उत्तम मानते हैं—

(२) गुण ।

शरीर दृढ़ हो—हाथ पैर आदि को बल दे—प्रसन्नता प्राप्त हो—

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

नौजवां औरत—सुर्ख़ लब—सब्ज़पोश—जवानी का जोश—

(४) सरिगम ।

सा	रें		मा	पां		नी

(२) कामोद रागिनी ।

(१) समय ।

जब सूर्य अस्त होता है उस समय यह रागिनी अपना पूरा गुण दिखलाती है—

(२) गुण ।

यह रागिनी अपना असर पपैया पर बहुत जल्द डालती है यह पक्षी सदैव इस रागिनी की ध्वनि अलाप करता है–चित्त प्रसन्न हो–मन स्थिर होजाय–ईश्वर का ध्यान रहे–चित्त को ठंढक पड़े–

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

आशिक मिज़ाज–ज़रीं लिबास–कम उम्र–पतली कमर–गूंजती हुई आवाज़–सहरा व जंगल में बैठी है–

(४) सरिगम ।

(३) कान्हरा रागिनी ।

(१) समय ।

दीपक जलने के पीछे अर्थात् सायंकाल से प्रारम्भ होती है–

(२) गुण ।

हाथी को मस्त करदे जबकि उस समय गवैये के साथ सिवा पखावज के और कोई बाजा न बजाया जावे–

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

औरत खूबसूरत–मर्दाना लिबास–गूंजती हुई आवाज़–हाथमें नंगी तलवार–गर्जती है और मस्तानावार झूमती है–

(४) सरिगम ।

(४) केदारा रागिनी ।

(१) समय ।

इस रागिनी के गाने का समय आधीरात है—

(२) गुण ।

आलम खामोशी—तापरनादी—ग़नूदगीतारी—इस रागिनी से ग्रन्थकार अपने मस्तिष्क को हरा भरा कर लिया करते हैं और ताक़त पहुँचाते हैं—

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

योगिनी का वेश—लम्बे लम्बे केश—सुर्ख़ लिबास—गोरावदन—विभूति मले हुये आसन पर बैठी है और अपने दिमाग़ को आराम दे रही है—

(४) सरिगम ।

(५) नट रागिनी ।

(१) समय ।

अन्तिम दिन अर्थात् रात्रि का पहिला पहर इस रागिनी के लिये बहुत अच्छा है और आज कल्ह इसी समय में अलापी जाती है–

(२) गुण ।

आतश इश्क़ श्वालाजन हो–तपे हिज्र से तबीयत ख़राब हो–सच्चा आशिक़ मौत का शिकार हो–बायस इन्तिज़ार यार हो–

(३) स्वरूप व सादृश्य ।

जवान मर्द–दर असल औरत–घोड़ेपर सवार–सिपाहियाना तर्ज़–ग़ज़बनाक मशगूलकार राज़–

(४) सरिगम ।

सा	रे	गा	०	पा	धा	नी.

म

भूमिका ।

शायकीन ! गानविद्या का गुण निस्सन्देह है इस विद्या के जानकार किसी के आश्रयी नहीं रहते-राग रागिनियों को अपने वश में करके अन्तसमय ईश्वर में लीन होजाते हैं इस का गुण प्रत्येक चित्त पर होता है और शीघ्र प्रसन्न होता है और विद्याओं में परमात्मा ने इसको एक मुख्य कारणसे ऊंचा पद दिया है जिसके कारण संसार में मनुष्य और पशु इसके वशीभूत दिखाई देते हैं-

गानविद्या के प्राप्त करने के लिये एक समय आवश्यक होता है मानो विद्या ऐसी है कि प्रत्येक मनुष्य योग्यता को पहुँच जावे तब भी सबको उसके प्राप्त करने की योग्यता नहीं होती-जैसे गाना बजाना प्रत्येक मनुष्य जानता है-

इस विद्या के जानकार वर्तमान समय में नीचजाति में अधिकता से पाये जाते हैं क्योंकि सुल्तान मुगलिया और मुसलमान बादशाहों के समय में जिनमें कि बहुधा पक्षपाती और परिणाम के न विचारनेवाले बादशाह होगये हैं वह गान-विद्या के जाननेवालों से बड़ी ग्लानि करते थे जिसके कारण और बड़े बड़े घरों में भी उनके आधीन होने से यह विद्या नीचदृष्टि से देखी जानेलगी समय के परिवर्तन से गानविद्या के जानकार भारतवर्ष में बहुतही कम रहगये और धीरे धीरे गुप्त होगये इस समय कठिनता से सौ में एक ऐसा गन्धर्व मिलेगा जो किसी मुख्य राग से कुछ जानकारी रखता हो नहीं तो सहस्रों में कोई भी ऐसा न होगा जो सब राग रागिनियों पर अधिकार रखता हो सिवा इसके कि कोई भैरव को अलापता अथवा बजाता है और कोई मालकोस से जानकारी रखता है-

आज कल्ह हारमोनियम ने पब्लिक में यह प्रतिष्ठा प्राप्त की है कि जो प्रचलित समय में कदाचित् किसी साज़ की हुई हो पूर्व से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक मुख्य कर भारतवर्ष में इस साज़ की ऐसी चाह होरही है कि वर्णन नहीं कर सकता एक नवीन और मूल्यवान् साज़ के होने से इसकी रसाई बड़े घरों में और अमीर घरों में होगई है जिससे गानविद्या का ध्यान घर के लोगों का नवीन उत्पन्न हो गया इसकारण स्कूल और मदर्से हारमोनियम सीखने के लिये स्थापित होगये परन्तु अबभी गानविद्या का प्रचार जसा चाहिये नहीं होता है—

यह आवश्यक होगा कि आप पहिले व दूसरे भाग को भली-भाँति हृदयंगम कर लें जिनमें हारमोनियम सम्बन्धीय चित्र स्वरों का ब्योरेवार वर्णन तान, ज़म्ज़मा, पल्टा, लय, राग, रागि-नियां, यफ़. टू यफ़. —सी. टू सी. अँगरेज़ी स्वरादि लिखे हैं नहीं तो क्रम बिगड़ जाने से सफलता न होगी क्योंकि इस भाग में केवल हारमोनियम का बजाना, साथ करना, बोल निकालना, हाथ का तैयार करना बतलाया गया है——

हारमोनियमशिक्षक को चाहिये कि इस पुस्तक को अपना सच्चा पथप्रदर्शक (राह बतलानेवाला) समझ करके इसके अनु-सार कार्य करे और सदैव ध्यान रक्खे कि कोई गुरु मुझको यह सब बातैं बतला रहा है यदि परमेश्वर ने चाहा तो शिक्षक को सिवा इस पुस्तक की सहायता के किसी दूसरे मास्टर की आवश्यकता न होगी जब कि वह दृढ़ता को न छोड़े और हिम्मत हारकर बैठ न रहे——

हारमोनियममास्टर

तीसराभाग

गाना।

कहावत है कि गाना और रोना प्रत्येक को आता है संसार में कोई मनुष्य ऐसा न होगा कि जिसे गाना अथवा रोना न आता हो मतलब कि इस मसल से पशु भी पृथक् नहीं वह भी शामिल हैं क्योंकि जब वह चिल्लाते या चीखते हैं तो उनकी आवाज गानविद्या के स्वरों में से एक न एक स्वर से अवश्य ही रहेगी इसके प्रतिकूल होना असम्भव है—

प्रकार का होता है एक वह जो केवल जबान से करके गाया जाता है जैसे बहुधा थियेट्रिकल कम्प- अंगरेजी तर्जें गाई जाती हैं उन में स्वर का ध्यान अवश्य होता है परन्तु रागियत नहीं होती है अर्थात् जिस रागिनी के स्वर उसमें काम में लाये जाते हैं वह रागिनी भले प्रकार नहीं करते इन्हीं कारणों से यह गाने फीके कह- लाते हैं क्योंकि इनका गुण चित्त पर बहुत कम देखा गया है जैसे थियेटर की एक गायन "देखो करके खयाल किया कैसा कमाल हूं मैं वही रम्माल आगे पहुँचा यहां" है—इसके गाने में केवल ज़बान चलती है गलेबाजी नहीं होती जिसके कारण रागिनी अपना रूप प्रकट नहीं कर सकती वास्तव में यही कारण है कि बड़े बड़े गवैये ऐसी चीजों को नापसन्द करते हैं—

त कम होते हैं क्योंकि सब लोग गानविद्या के नियमों
जानकारी नहीं रखते और अपनी नासमझी से अलाप
ना नापसन्द करते हैं आ आ आ आ करना व्यर्थ समझते
वास्तव में यह उनकी भूल है जो मुख्य बात को छोड़कर
ल बाहिरी सुन्दरता पर मस्त होजाते हैं फिर हमको कैसे
गा होसकती है कि ऐसे गानेवाले इस विद्या में कुछ
ते करके मनमानी मंज़िल तक पहुंच जायेंगे जैसा कि
के शेर से प्रकट है—

स्वर—वेद कहता है बार बार सुभाय ।
आप स्वर होके ईश्वर होजाय ॥
राग वैराग की निशानी है ।
और खटराग सब कहानी है ॥

नाचना ।

जब मनुष्य पशु गाते हैं और उस गाने के प्रभाव से
वह मस्त होकर नाचने लगते हैं राग में
सा गुण होता है जिसके कारण गानेवाले
अपना जोश नाचकर ठंढा करते हैं बहुधा
अपने समाज में नाच करते हुये देखा होगा यह
य में नाचती हैं जिससे प्रकट है कि वह गायन
अदा करके उसके जोश में नाचने लगती हैं
गया है कि नाचनेवाले रागिनी के गुण से
और उनको उस समय किसी बात की पर-

(Fragments from a partially visible facing page, left margin: के, जाता, गि, प्रकार का, करके गा, अंगरेजी, होता है, के स्वर, पं, निच है, अनेक, रागि सुने, प्रकार को, लाते हैं क्योंकि, जैसे थियेटर की, कमाल है मैं वही, में केवल ज़बान, रागिनी अपना, कारण है कि बड़े)

जानने की बहुत [illegible] है जिनको [illegible] करने के लिये एक बड़ी पुस्तक की आवश्यकता है हारमोनियम के शौकीनों के चित्तविनोदार्थ कुछ [illegible] बातों के संक्षेप समाचार नीचे लिखे जाते हैं—

वेश्यायें—वेश्याओं के नाच दो प्रकार के होते हैं एक साधारण दौड़ जोकि गायन के दुगुने [illegible] करने पर होती है दूसरा ठुमका अर्थात् केवल एक स्थान पर [illegible] होकर घुँघरुओं की आवाज़ प्रकट करना—ठुमका हर समय [illegible] नहीं ज्ञात होता वरन कभी कभी किसी मुख्य मिसरा [illegible] कुछ झुककर ठुमका दिया जाता है जोकि बहुत प्यारा ज्ञात होता है—

सदैव स्मरण रखिये कि नाच उसी वेश्या का अच्छा होगा कि जो बताना जानती हो इसके अतिरिक्त नाजुकबदन और नाज़ व नखरे से भरी हो सुन्दर[illegible] की नाच में पैठार नहीं—

स्वांग—सांगीतों में लड़के नाचा करते हैं [illegible] भी नाच वेश्यावों की भांति होता है परन्तु यह एक बात [illegible] वेश्यावों से बराबरी ले जाते हैं अर्थात् गर्दन का हिलाना [illegible] इन लड़कों को खूब आता है कभी कभी अच्छा नाचने वाले नाचने के समय एक एक या दो दो घुँघुरुवों की आवाज़ प्रकट करते हैं जोकि बड़ीही योग्यता की बात है प्रत्येक को यह बल [illegible] नहीं कि वह उनका अनुकरण करसके—खैर कुछही योग्यता क्यों न हो वर्तमान समय में लड़कों का नाचना दोष समझा जाता है परन्तु हमारे ध्यान में नाचना और गाना मनुष्य का स्वाभाविक गुण है यद्यपि स्त्रियों में इसका भाग पुरुषों से अधिक है तबभी पुरुषों के लिये नाचना और गाना कदापि दोष

नहीं होसकता और जो इसको दोष समझते हैं वह सरासर भूलही नहीं करते हैं वरन ईश्वरीय नियमों के प्रतिकूल चलने वाले हैं नाचने की बाबत जो बुरे ख्याल किसी किसी अनजान व नादान दोस्तों में फैले हुये हैं उनको नीचे के शैर से शीघ्र ज्ञात होजायगा कि वास्तव में बात क्या है—

शैर—मय कि बदनाम कुनद अहेल खिरदरा गलत अस्त।
बल्कि मय मी शवद अज़सोहबते नादां बदनाम॥

अर्थ—कहते हैं कि चतुर मनुष्य को शराब बदनाम करती है यह झूठ है किन्तु शराब नादान के साथ में स्वयं बदनाम होती है—

"रामलीला" और "रासलीला"

यद्यपि इनका नाच धार्मिक ढंग को लिये हुये होता है इसकारण प्रत्येक हिन्दू प्रतिष्ठा की दृष्टिसे देखता है स्वरूप श्रीकृष्णजी महाराज का मुख्यकर परमेश्वर की भांति पूजा जाता है यदि धार्मिक पुस्तकें देखी जावें कि जिनसे श्रीकृष्ण जी महाराज के जन्म के समाचार ज्ञात होते हैं तो वहां भले प्रकार प्रकट कर दिया गया है कि श्रीकृष्णजी महाराज गान विद्या के जानकार व नाच में जिनके समान आजतक कोई भी उत्पन्न नहीं हुआ जब ऐसे बड़े बड़े फ़्लासफ़र जिनकी रचना पर करोड़ों मनुष्य चल रहे हैं नाचनेवाले थे और नाच को मनुष्य के चित्तकी नेचरल (स्वाभाविक) बतलाते थे फिर हम इनके सामने एक मूर्ख और अनपढ़ की बात को स्वयं झूठ जानकर कैसे मान सकते हैं शिवाशिव, राधामाधव आदि बड़े बड़े देवता जब अपनी स्त्रियों के साथ नाचा करते थे और गानविद्या से ईश्वर की भक्ति किया करते थे तो बतलाइये वह

समय क्याही सुहावना होता होगा और कैसा प्यारा ज्ञात होता होगा–

थियेट्रिकल नाच–वर्तमान समय के सब नाचों में अंगरेज़ी ढंग के थियेट्रिकल नाच बहुत अच्छे होते हैं ऐसे नाचों में दश पन्द्रह लड़के परियों के पार्ट में मिलकर नाचा करते हैं और केवल एक नाच में भिन्न भिन्न रूप उनके नाचके हो जाते हैं जैसे सर्कस कम्पनियों में छोटे लड़के एक पर एक कमान बनाकर खड़े हो जाते हैं इसीप्रकार थियेट्रिकल कम्पनियों में नाच के समय आन की आन में बड़ी समां हो जाती है तरह तरह के नाच केवल स्टेज के ऊपरही अच्छे ज्ञात होते हैं वेश्यावों और रासधारियों की भांति प्रत्येक स्थान पर अपना पूरा असर नहीं रखते यही कारण है कि बहुधा गानविद्या के जानकार इसको नीच दृष्टि से देखते हैं–[१]

बजाना ।

जबतक गवैये के साथ कोई साज़ नहीं बजता तबतक कुछ भी आनन्द नहीं आता और न गानेवाले को कुछ सहायता मिल सकती है गानविद्या के जानकारों ने साज की तीन क़िस्मैं स्थिर की हैं इन तीन क़िस्मों से अधिक संसार में और कोई क़िस्म नहीं है सब संसार के साज़ इन्हीं तीन क़िस्मों में आ गये हैं–

१—थियेट्रिकल कम्पनियोंके भिन्न भिन्न तमाशों के नाच तसवीरों सहित हारमोनियम में बजाने के ढंग "हारमोनियममास्टर के ग्यारहवें भाग में" देखिये–

ग्रन्थकर्त्ता.

तार—इसमें वह साज़ सम्मिलित हैं जिनमें तार लगाये जाते हैं जैसे सितार, सारंगी, इसर दः तारा आदि—

थाप—जो साज़ थाप के लिये मख्यात हैं वह इसमें सम्मिलित हैं जैसे तबला, ढोलक, मृदंग, चंग, नक़ारा, ताशा आदि—

फूंक—इसमें वह बाजे हैं जो वायु की सहायता से बजते हैं जैसे बीन, बांसुरी आदि—

तानसेन ने जो क़िस्में साज़ों की लिखी हैं वह कुछ और ही ढंग लिये हुये हैं वह कहते हैं कि साज की ढाई क़िस्में हैं जिन में हरएक क़िस्म के साज मिले हैं—

पहिला तार—जैसे सितार आदि—

दूसरे खाल—जिनमें तबला, मृदंगादि मिले हैं—

तीसरे घुंघुरू—यह आधे साज़ में से हैं—

उपरोक्त दोनों मतों की राय एक है इससे हम इसकी बाबत अधिक लिखना उचित नहीं समझते अलबत्ता शिक्षक को कुछ आवश्यकीय बातें यहां पर बतलाना चाहते हैं—

(१) हारमोनियम के सिवा प्रत्येक साज़ में ठाट आदि स्वयं बांधने पड़ते हैं और यही बात कठिनता की है—

(२) जब कोई तार की क़िस्म का साज बजता है उस समय उसके साथ खाल का भी कोई साज़ अवश्य बजना चाहिये जिसमें दूना आनन्द हो—

(३) घुंघुरू और मंजीरे के बजाने में भी परिश्रम दरकार है यद्यपि सबसे सुगम है तब भी प्रत्येक मनुष्य नहीं बजा सकता इसके लिये उचित प्रैक्टिस चाहिये—

(४) तार के साज़ से स्वर और खाल के साज़ से ताल ज्ञात होता है—

(५) वर्तमान समय में हारमोनियम इन सब साज़ों से बराबरी कर चुका है यही कारण है कि प्रत्येक मनुष्य इसके बजाने और सुनने से शीघ्र प्रसन्न होता है–

हारमोनियम ।

भारतवर्ष में हर प्रकार के हारमोनियम प्रचलित हैं जिन का खोलना, बंद करना हारमोनियम बेचनेवाले ख़रीदार को बतला देते हैं इससे यह आवश्यक नहीं कि हम इस स्थान पर हर प्रकार के हारमोनियम बाजों के चलाने की क्रियायें लिखें क्योंकि हज़ारों नमूने चालू हैं जिनका ब्योरेवार लिखना कठिनता के सिवा असम्भव भी है इस कारण हारमोनियम सीखनेवाले को चाहिये कि प्रत्येक बाजे का चलाना, रोकना हारमोनियम विक्रेता से भले प्रकार समझ लें फिर इस पुस्तक के सहारे से बजायें–

हारमोनियम की बहुत सी क़िस्में "हारमोनियममास्टर पहिले भाग में" लिख दी गई हैं जिसमें चित्रों के द्वारा उसका चलाना, रोकना बतलाया गया है गुणग्राहक उसकी सहायता से इस काम को कर सकते हैं–

हारमोनियम की क़िस्में ।

(१) फ़्लूट–अर्थात् फ़र्शी बाजा जिसको सब लोग हाथ का बाजा भी कहते हैं यह बाजा फ़र्श पर रखकर केवल एक हाथ से बजाया जाता है और इसमें दूसरे हाथ से हवा दी जाती है इसकी भी बहुतसी क़िस्में हैं परन्तु आगे के नमूने

वाले अधिक चालू हैं और कम खर्च वालानशीन होने के कारण प्रत्येक मनुष्य ऐसा बाजा मोल ले सकता है:-

(२) फ़ोल्डिङ्ग–यह बाजे दोनों हाथों से बजाये जाते हैं और इनमें दोनों पावों से हवा पहुँचाई जाती है कुर्सी अथवा तिपाई पर बैठकर बाजा बजाया जाता है -

फ़र्शी बाजा ।

इस पुस्तक में हम फ़र्शी बाजा को स्थिर रखकर सब बातों को कहेंगे सीखनेवाले को इसी प्रकार दूसरे बाजों को भी उनके ढंग से काम में लाना चाहिये और नीचे के चित्र को अच्छी तरह से स्मरण कर लेना चाहिये क्योंकि आगे के प्रकरणों में इसके सम्बन्धीय सब नियम लिखे गये हैं—

उपरोक्त बाजा में ३ स्टाप ३ सप्तक बताये गये हैं और बाजा को सिंगल (इकहरा) स्वर माना है—

हारमोनियम का खोलना ।

हारमोनियम को सन्दूक से बाहर निकालकर रक्खो और स्टाप अर्थात् वह खूंटियां जो कि बाजे के बाहर सामने की ओर लगी रहती हैं अपनी ओर को (बाहर की तरफ़) खींचनी चाहिये—

ध्यान रखिये कि स्टाप खींचने के समय अधिक ज़ोर न किया जाय किन्तु धीरे से अपनी ओर खींचना चाहिये जब अपने आप रुक जावे तब उसको वैसेही रहने दीजिये यदि स्टाप चार से अधिक हों तो तीन चार आवश्यकतानुसार खोलने चाहिये—

ऊपर लिखे अनुसार शिक्षक जब स्टाप खोल चुके तो उसको चाहिये कि धौंकनी अर्थात् दमकश जिसके द्वारा हवा बाजे के

अन्दर पहुँचाई जाती है उस कील से अलग कर दे जिसमें वह अटकी रहती है अब बाजा बजने के लिये तैयार होगया नीचे का चित्र देखो—

हारमोनियम का बजाना ।

बाजा खोलने के पीछे सीधा हाथ पर्दों पर चलाने के लिये तैयार कर लेना चाहिये और उँगली पर्दे पर रखकर बायें हाथ से धौंकनी चलानी चाहिये नीचे का चित्र देखो—

बाजा बजाने से पहिले नीचे लिखी बातों पर ध्यान रखना चाहिये—

(१) बजाने के पहिले सबसे पाहिले या अन्त के सफ़ेद पर्दे पर से वह पीतल का स्प्रिंग (कमानी) सरकावो जो उस पर्दे को दवाये रहती है अब वह पर्दा विना उँगली के दवाव

के केवल धौंकनी चलाने सेही आवाज़ देता रहेगा शिक्षक के लिये यह काम आवश्यक होगा ऐसा करने से बाजा शीघ्र नष्ट न होगा—

(२) धौंकनी चलाने के प्रथम पर्दे पर उँगली रखनी अत्यावश्यक है कारण कि धौंकनी चलाने से हवा बाजे में भरेगी यदि इसके निकलने की कोशिश न कीजावेगी (जो कि केवल पर्दे के दबाने से हो सकती है) तो हवा भीतर से निकलने के लिये ज़ोर करेगी जिससे बाजा हवा देनेवाला होजावेगा और शीघ्र नष्ट होगा सदैव इसका ध्यान रखना चाहिये—

(३) धौंकनी सदैव धीरेधीरे चलाना चाहिये और एकही चाल से चलाना चाहिये—

(४) पर्दों पर उँगलियां धीरे धीरे तेज़ चलानी चाहियें पहिले धीरे धीरे चलाओ—

(५) एक पर्दे पर दो उँगलियां मत रक्खो किन्तु एक के बाद दूसरी चलाओ और बीच में खाली देना भी एक अच्छी बानि है—

(६) जहां तक हो सके पर्दे को बहुत कम दबाओ "फट फट" पर्दे का बोलना बाजे के शीघ्र नष्ट होने का चिह्न है—

(७) अपने हाथ को तुला हुआ रक्खो—

(८) बाजा बजाने के समय आगे की तरफ़ मत झुको वरन सीधे बैठे रहो—

(९) कोई कोई शिक्षक जब धौंकनी चलाते हैं तो उनका हाथ पर्दों पर नहीं चलता और जब पर्दों पर उँगली चलाते हैं

तो उस समय धौंकनी नहीं चलती इससे सीखनेवाले को ऐसे समय में हिम्मत हार कर न बैठ रहना चाहिये किन्तु बार बार परिश्रम करना चाहिये एक घंटे के लगातार परिश्रम से यह दोष जल्द दूर हो जायगा और फिर दोनों हाथ इकसां चलने लगेंगे—

(१०) सदैव स्मरण रखिये कि हारमोनियम सीखने के लिये उँगलियों का तैयार करना अत्यावश्यक है इस कारण प्रथमही से अपनी उँगलियों को दुरुस्त करने का परिश्रम करते रहो और उपरोक्त कहे अनुसार चलाते रहो—

(११) जब बाजा बजाना आरम्भ करो उस समय बाजे को भले प्रकार साफ करलो और उँगलियों को रूमाल से साफ करलो जिससे कि पर्दे पर उँगली न चिपके और जल्द चले—

हारमोनियम का बन्द करना।

जब हारमोनियम को बन्द करना चाहो उस समय नीचे लिखी बातों पर ध्यान रखना चाहिये।

(१) बजाते हुये इकदम धौंकनी को हाथ से छोड़ देना चाहिये और पर्दों को हाथ की पांचों उँगलियों से दबाकर हवा निकाल देना चाहिये इस बात से बाजा बजने से रुक जायगा—

(२) जब बाजा रुकजाय उस समय एक हाथ की उँग-लियां पर्दों पर रखकर दूसरे हाथ से धौंकनी को इस कील में अटका देना चाहिये जोकि खास इसी काम के लिये वहां लगी रहती है इसके करने से जबतक धौंकनी पीछे से आकर

कील के निकट होगी पर्दे बराबर आवाज देते रहेंगे अर्थात् हवा सारी पर्दों के मार्ग द्वारा बाहर निकल जायगी–

(३) जब धौंकनी बन्द हो जाय उस समय स्टाप जितने खुले हों उनको पीछे की ओर (अन्दर की तरफ़) सरका देने चाहियें अब बाजा बन्द होगया–

(४) जब बाजा बन्द होजाय उसको सन्दूक या गिलाफ़ में बन्द करके (जैसा हो) रखदेना चाहिये–

(५) सदैव स्मरण रखना चाहिये कि जब बाजा खोला जाता है तब स्टाप सबसे पहिले खोले जाते हैं और इसके अतिरिक्त जब बाजा बन्द होता है उस समय सबसे पीछे बन्द किये जाते हैं–

हारमोनियम के रखने का स्थान।

कोई कोई शिक्षक यह भी नहीं जानते कि हारमोनियम किस प्रकार बैठकर बजाना चाहिये जिससे दोनों हाथ स्वतंत्ररहें और अपना काम बहुत सुगमता और उत्तमता के साथ पूरा करें कारण कि जब इनपर किसी प्रकार का ज़ोर या दबाव पड़ेगा तो बहुत जल्द थककर रह जायेंगे इसकारण सीखनेवाले को अपने बैठने का स्थान प्रथमही से ठीक रखना चाहिये नहीं तो आगे नैराश्यता का मुख देखना पड़ेगा–

बुद्धिमान् को ऐसा काम न करना चाहिये कि जिससे पीछे को पछितावा हो–

नीचे कुछेक हारमोनियम के रखने के स्थान लिखे जाते हैं– हारमोनियम के सीखनेवाले को चाहिये कि जिसको वह स्वीकार करे प्रथमही से उसके अनुसार काम करे जिसमें पीछे को कोई बुराई न पैदा हो–

प्रथम।

यह बैठक साधारण है एक हाथ से धौंकनी चलानी चाहिये और दूसरे हाथ से हारमोनियम बजाना चाहिये नीचे का चित्र देखो—

द्वितीय।

नीचे के चित्र से ज्ञात है कि बायें हाथ से ऊपर की धौंकनी दबा रहा है और दूसरे हाथ से पर्दे दबा रहा है यह बैठक इसी प्रकार के बाजों के लिये है—

तृतीय।

फ़ोल्डिङ्ग हारमोनियम की तरह बाजे को मेज पर रखकर और स्वयं कुर्सी पर बैठकर बायें हाथ से धौंकनी चलाकर सीधे हाथ से बजा रहा है—

चतुर्थ ।

"हेरिल्ड" के बाजे को नीचे के चित्रानुसार मेज़ पर रख कर और स्वयं तिपाई पर बैठ कर अकार्डीन बाजेकी तरह पीछे से धौंकनी चलाकर बजा रहा है—

पञ्चम ।

यह बैठक विशेष करके स्त्रियों के लिये उत्तम है जो बाजे को दोनों जंघावों पर रखकर बजाती हैं ऐसी बैठक अधिकतर बंगाली लेडियों में विशेषरूप से प्रचलित है परन्तु इस दशा में बाजे हलके होने चाहियें नहीं तो कृशवदनी लेडियों को बोझदार हारमोनियम अपनी जंघावों पर रखकर बजाना बोझ ज्ञात होगा और वह शीघ्र थक जावेंगी–

षष्ठ ।

पलँग पर लेटेहुये और एक बड़ा तकिया गर्दन के नीचे रक्खा हुवा दोनों जंघावों पर हारमोनियम रखकर वायें हाथ से धौंकनी चलाकर सीधे हाथ से बाजा बज रहा है—

हारमोनियम में स्वरों का पहिंचानना ।

स्वर के भरोसे से हारमोनियम दो प्रकार के हैं ।

(१) सी. टू सी.

(२) यफ. टू यफ.

(१) सी. टू सी.

जिस बाजे का सा से आरम्भ होता है और सा परही अन्त होता है वह सी. टू सी. कहलाता है अर्थात् यह बाजा पट्ज को स्वर मान करके बनाया गया है—

दूसरी पहिंचान

इस बाजे की यह है कि सबसे पहिले सफेद पर्दे के बाद दो काले पर्दे होते हैं और फिर तीन जैसा कि आगे के चित्र से ज्ञात होगा—

चित्र सी. टू सी.।

निशान पहिला सप्तक							निशान दर्मियानी सप्तक							निशान तीसरा सप्तक							चौथा सप्तक
	१ रे	२ गा		३ मा	४ धा	५ नी		६ रे	७ गा		८ मा	९ धा	१० नी		११ रे	१२ गा		१३ मा	१४ धा	१५ नी	
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२
सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सा
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०

चित्र यफ़. टू यफ़. ।

निशान पहिला सप्तक ×	निशान दूसरा सप्तक	निशान तीसरा सप्तक	
काली पट्टियाँ: ×✲मा, ×✲धा, ×✲नी, ×✲रे, ×✲गा	✲मा, ✲धा, ✲नी, ✲^रे, ✲^गा	✲^मा, ✲^धा, ✲^नी, ✲^रे, ✲^गा	
सफ़ेद पट्टियाँ: ×पा, ×धा, ×नी, ×सा, ×रे, ×गा, ×मा	पा, धा, नी, सा, रे, गा, मा	^पा, ^धा, ^नी, 'सा, ^रे, ^गा, ^मा	=पा
० ० ० ० ० ० ०	० ० ० ० ० ० ०	० ० ० ० ० ० ०	०

नोट—ऐसे बाजे आज कल्ह बहुत कम प्रचलित हैं—"यफ़. टू यफ़." से "सी. टू सी." या सी. टू सी. से यफ़. टू यफ़. बनाने का नियम "हारमोनियममास्टर दूसरे भाग" में लिख दिया गया है—

हारमोनियम पर उँगली चलाना।

बहुधा लोग अपनी उँगलियां बाजे पर ठीक ठीक नहीं चलाते इसीकारण अपने प्रयोजन को नहीं पहुँचते और सदैव गवैये के साथ करने में पीछे रह जाते हैं वस्तुतः यह बड़ा भारी दोप है—हारमोनियम के बजाने में केवल उँगलियों को तैयार करने का परिश्रम करना पड़ता है जब उँगलियां ठीक ठीक तैयार होजाती हैं तो केवल राग रागिनी के समझने की आवश्यकता रह जाती है बहुतसे गुरु राग रागिनी को भले प्रकार जानते हैं परन्तु उनके हाथ तैयार न होने से सब के सब धरे रह जाते हैं और कोई कोई हारमोनियस्ट अपने हाथ को बहुत अच्छा बनालेते हैं परन्तु गानविद्याके न जानने से बहुधा सभाओं में साथ देने से घबड़ा जाते हैं ऐसा कभी कभी होता है। क्योंकि जिसका हाथ तैयार होगा वह गानेवाले का साथ बहुत अच्छी तरह देगा गवैया चाहे जितना कठिन राग गाता हो इसकारण शिक्षक को चाहिये कि प्रथमही से अपनी उँगलियों को नियमानुसार चलाने का परिश्रम करे—

पांचों उँगलियां किस प्रकार पर्दों पर रखनी चाहियें।

सब से प्रथम सीखनेवाले को अपनी उँगलियां नियमानुसार चलाने की प्रैक्टिस करनी चाहिये जैसा कि नीचे के चित्र में है—

सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सां
(×)	(१)	(२)	(३)	(×)	(१)	(२)	(३)

(×) = अँगूठा— (१) = तर्जनी अर्थात् पहिली उँगली अँगूठे के पास की—

(२) = मध्यमा अर्थात् बीचकी उँगली (३)=कनिष्ठिका के पासकी उँगली जिसको अनामिका और अंगरेज़ी में रिंग फ़िंगर कहते हैं—

नोट—उपरोक्त चित्र में यह समझा दिया गया है कि कौन सी उँगली किस पर्दे पर रखनी चाहिये—

(१) अँगूठा उपरोक्त चित्र की तरह सदैव सा और पा पर रखना चाहिये—

(२) कनिष्ठिका अर्थात् लेटिल फ़िंगर को हाथ के तैयार होने पर काममें लाना चाहिये—

(३) अँगूठा काले पर्दे पर कदापि नहीं रखना चाहिये—

(४) काले पर्दों पर भी पीछे के चित्रानुसार उँगलियां रखनी चाहियें–

(५) यदि शिक्षक प्रथमही से पीछे के अनुसार उँगलियां चलाने की प्रैक्टिस (अभ्यास) करेगा तो अति शीघ्र सफलता को प्राप्त होगा बाजे पर उँगलियां फुर्ती से चलेंगी और थोड़े परिश्रम से हाथ तैयार हो जावेगा–

(६) यदि इस नियम के विरुद्ध होगा तो प्रलय तक हाथ का तैयार होना कठिनही नहीं किन्तु असम्भव है उँगलियां कदापि पर्दों पर शीघ्र न चल सकेंगी और तान पर हाथ रुक जायगा–

पहिले इन चिह्नों को स्मरण कर लीजिये।

"सोतीकृष्णवर्मा हारमोनियम सीरीज़" की समग्र पुस्तकों में नीचेके चिह्न हारमोनियम बाजे के पर्दे पहिचानने के लिये नियत किये गये हैं इसकारण शिक्षक को सबसे पहिले इन चिह्नों को भलेप्रकार स्मरण कर लेना चाहिये जिनसे गायन और बोल बाजे में बजा सके और समय पड़ने पर पृष्ठावलोकन करने में अपने मस्तिष्क को कष्ट न देना पड़े–

पहिला सप्तक–जिस पर्दे पर "×" यह चिह्न हो वह पहिले सप्तक का पर्दा होगा जैसे सा रे गा आदि–
(× × ×)

दूसरा सप्तक–जिस पर्दे पर कोई चिह्न न हो वह दर्मियानी सप्तक का पर्दा होगा जैसे सा रे गा आदि–

तीसरा सप्तक–जिस पर्दे पर "^" यह चिह्न हो वह तीसरे सप्तक का पर्दा होगा सा रे गा आदि–
(^ ^ ^)

कालापर्दा–जिस पर्दे पर सूर्य का चिह्न हो "*" वह बिना सन्देह कालापर्दा होगा जैसे रे गा मा आदि–
(* *)

सफ़ेदपर्दा–जिस पर्दे पर सूर्य का चिह्न न हो वह अवश्य सफ़ेद पर्दा होगा जैसे सा–रे–गा–आदि–

मात्रा–उस ठहराव का नाम है कि जितनी देर में मनुष्य एक, दो, तीन कहसके–

ठहराव–जिस पर्दे के आगे एक बिन्दु हो वहां एक मात्रा उँगली को ठहराना चाहिये और इसी प्रकार जितने बिन्दु हों वहां उतनेही मात्रा अधिक ठहरना चाहिये जैसे सा. सा.. सा...आदि–

शीघ्रता–जिस पर्दे के प्रथम एक बिंदु हो वहां एक मात्रा कम ठहरना चाहिये प्रयोजन यह कि जितने बिन्दु हों उतनेही मात्रा कम ठहरो अर्थात् वहां से उँगली शीघ्र हटालो जैसे– .सा..सा...सा इत्यादि–

जरब–जिस पर्दे के आगे गुणा का चिह्न "×" हो और उसके आगे कोई अंक हो वहां उस पर्दे को उँगली से वैसेही दबाओ जैसे अंक बतलाता हो जैसे सा × २ अर्थात् सा सा (दो बार उँगली का दबाव पड़े) इसी तरह और भी समझ लेना चाहिये जैसे सा × ३–सा × ४–सा × ५ इत्यादि–

हाथ को हथियार की तरह तैयार करना।

अपने हाथ को हथियार की तरह तैयार करो जितना परिश्रम हाथ के तैयार करने में किया जायगा उतनाही शीघ्र इस बाजा में सफलता प्राप्त करोगे हाथ का तैयार करना केवल पल्टोंही से भले प्रकार हो सकता है गायन से नहीं जैसा कि बहुधा अज्ञान शिक्षकों का विचार है शीघ्रता कदापि नहीं करनी चाहिये और बोल निकालने से प्रथम संयम करना

चाहिये, जब सीखने वाले का हाथ तैयार हो जाता है तो वह स्वयं गायन निकाल सकता है गायन का निकालना हाथ के तैयार करने से बहुत सरल है—

कोई कोई शीघ्रता करने वाले अज्ञान शिक्षक जहां चार पांच वार सरिगम वजालेते हैं तहां तुरन्त गायन के पीछे हाथ धोकर पड़जाते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि सदैव नैराश्यता का मुख देखते हैं और उनको जन्मभर तक कुछ भी योग्यता नहीं प्राप्त होती न स्वयं उनको कुछ आनन्द आता है और न गाने वाले का चित्त प्रसन्न होता है—

वहुधा ऐसे शौक़ीनों को समय निरर्थक व्यतीत करते हुये देखा है भाग्यवश कुछ चीज़ें याद भी होगईं तो वह भी अधूड़ी, आस्थाई किधर को जाती है तो अन्तरा किधर को जाता है न घटाव वढ़ाव ठीक है न स्वर की खबर है फिर भला रागिनी क्या आनन्द दे सकती है अस्तु हे हारमोनियम के शौक़ीनो ! सबसे पहिले अपने हाथ को तैयार करो फिर किसी गायन को वजावो देखो रागिनी कैसा रंग पकड़ती है और सुनने वाले कैसे मस्त होकर झूमते हैं—

प्रैक्टिस ।

शौक़ीनो ! यदि आप वस्तुतः हारमोनियम में सफलता प्राप्त करने की आशा रखते हो और आपकी इच्छा इसी ओर है तो नीचे के पल्टों पर हाथ चलाइये और अपने वहुमूल्य समय को निरथक न व्यतीत करके इन्हीं पल्टों को भले प्रकार स्मरण कीजिये जोकि आपको एक होनहार और योग्य हार-मोनियस्ट वनादेंगे जब उँगलियां भले प्रकार चालू हो जायँ तब आगे गतों पर हाथ तैयार कीजिये—

प्रतिज्ञा ग्रन्थकार—यदि कोई महाशय नीचे के पल्टों पर भले प्रकार अभ्यास करके ग्रन्थकार से कुछ लेना चाहैं तो शुभ-चिन्तक प्रतिज्ञा से निवेदन करता है कि नित प्रति २० बीस तर्ज़ें नवीन हारमोनियम के सीखनेवाले को याद करा सकता है यदि कुछ गाना भी जानता हो और उर्दू, नागरी, अँगरेज़ी, पंजाबी, तैलिंगी, पूर्वी, फ़ारसी भाषाओं में से किसी एक भाषा में अभ्यास रखता हो—

ग्रन्थकर्त्ता.

पल्टे ।

पल्टा- सारिगम को प्रथम एक चाल में बजाते हुये ऊपर चढ़ना और फिर उसी चाल से नीचे उतरते हुये आना—इस उलट पलट को पल्टे के नाम से प्रख्यात करते हैं—

पिछले लेखों में यह बतलाया गया था कि उँगलियां पर्दों पर किस प्रकार चलानी चाहियें अब उसी नियम से यह पल्टे लिखे जाते हैं शिक्षक को ध्यान करके बजाना चाहिये—

सरल पल्टे ।

नीचे चार पल्टे उँगलियों के ज़रब देने के अभ्यास के लिये लिख गये हैं ध्यान करके एक चाल में उँगलियां चलाओ—

पल्टा नम्बर (१)

साँ—नी—धा—पा—मा—गा—रे—सा

पलट ।

सा—रे—गा—मा—पा—धा—नी—साँ

पल्टा नम्बर (२)

सां–नी × २–धा × २–पा × २–मा × २–गा × २–रे × २–सा × २

पलट ।

सा–रे × २–गा × २–मा × २–पा × २–धा × २–नी × २–सां × २

पल्टा नम्बर (३)

सां–नी × ३–धा × ३–पा × ३–मा × ३–गा × ३–रे × ३–सा × ३

पलट ।

सा–रे × ३–गा × ३–मा × ३–पा × ३ [illegible] ३–नी × ३–सां × ३

पल्टा नम [illegible]

सां–नी × ४–धा × ४– [illegible] सा × ४

पलट ।

सा–रे .. गा .. मा .. पा .. धा .. नी .. सॉं ..

पल्टा नम्बर (७)

सॉं–नी...धा...पा...मा...गा...रे...सा...

पलट ।

सा–रे...गा...मा...पा...धा...नी...सॉं...

पल्टा नम्बर (८)

सॉं–नी....धा....पा....मा....गा....रे....सा....

पलट ।

सा–रे....गा....मा....पा .. धा....नी....सॉं....

नोट

उपरोक्त पल्टे उँगलियों को ठहराकर चला ने के लिये बहुत अच्छे हैं ंगलियां बराबर ठहरती रहें–

तीसरी विधि ।

नीचे के पल्टे उँगलियों के तैयार करने के लिये सबसे उत्तम हैं यदि इनपर भले प्रकार अभ्यास किया जाय तो ज़म्-ज़मे व और राग रागिनी में आनन्द पैदाकर सकते हैं ।

" दो उँगलियों के तैयार करने का पल्टा "

पल्टा नम्बर (९)

सॉं नी–नी धा–धा पा–पा मा–मा गा–गा रे–रे सा–

पलट ।

सा रे–रे गा–गा मा–मा पा–पा धा–धा नी–नी सॉं–

" तीन उँगलियों के तैयार करने का पल्टा "

पल्टा नम्बर (१०)

सां नी धा—नी धा पा—धा पा मा—पा मा गा—मा गा रे—गा रे मा—

पलट।

सा रे गा—रे गा मा—गा मा पा—मा पा धा—पा धा नी—धा नी सां—

" चार उँगलियों के तैयार करने का पल्टा "

पल्टा नम्बर (११) (अ)

सां नी धा पा—नी धा पा मा—धा पा मा गा—पा मा गा रे—मा गा रे सा—

पलट।

सा रे गा मा—रे गा मा पा—गा मा पा धा—मा पा धा नी—पा धा नी सां—

पल्टा नम्बर (१२) (व)

सां नी धा पा मा—नी धा पा मा गा—धा पा मा गा रे—पा मा गा रे सा—

पलट।

सा रे गा मा पा—रे गा मा पा धा—गा मा पा धा नी—मा पा धा नी सां—

चौथी विधि।

नीचे के पल्टे उँगलियों को शीघ्रगामी बनावेंगे हारमोनियम शिक्षक को चाहिये कि क्रमानुसार शीघ्र उँगलियां चलाये—

पल्टा नम्बर (१३)

सॅा–.नी . धा. पा . मा . गा . रे . सा–

पलट ।

सा–. रे . गा . मा . पा . धा . नी . सॅा–

पल्टा नम्बर (१४)

सॅा– .. नी .. धा .. पा .. मा .. गा .. रे .. सा–

पलट ।

सा– .. रे .. गा .. मा .. पा .. धा .. नी .. सॅा–

पल्टा नम्बर (१५)

सॅा–...नी...ध ...पा...मा...गा...रे...सा–

पलट ।

सा–...रे...गा...मा...पा...धा...नी...सॅा–

पल्टा नम्बर (१६)

बहुत शीघ्रता से उँगलियां चलाना चाहिये–

सॅा–....नी....धा....पा....मा....गा....रे....सा–

पलट ।

सा–....रे....गा....मा....पा....धा....नी....सॅा–

पांचवीं विधि ।

नीचे जो पल्टे लिखे गये हैं यह काले और सफ़ेद पर्दों की प्रैक्टिस में बहुत अच्छे रहेंगे चिह्नों का ध्यान रक्खो–

पल्टा नम्बर (१७)

सॅा–नी–धा–पा–मा–गा–रे–सा–

पलट।

सा—रे—गा—मा—पा—धा—नी—सां—

पल्टा नम्बर (१८)

सां नी धा—नी धा पा—धा पा मा—पा मा गा—मा गा रें—गा रे सा—

पलट।

सा रे गा—रे गा मा—गा मा पा—मा पा धा—पा धा नी—धा नी सां—

पल्टा नम्बर (१६)

सां नी धा पा—नी धा पा मा—धा पा मा गा—पा मा गा रे—गा गा रे सा—

पलट।

सा रे गा मा—रे गा मा पा—गा मा पा धा—मा पा धा नी—पा धा नी सां—

पल्टा नम्बर (२०) *

सां—नी—धा—पा—मा—गा—रे—सा—

पलट।

सा—रे—गा—मा—पा—धा—नी—सां—

---

* यहां सफ़ेद और काला दोनों (मा) का स्वर काम में लाया जावेगा—

अभ्यास

हारमोनियमशिक्षक को चाहिये कि सब पल्टों पर विशेष अभ्यास करे और जब उँगलियां भले प्रकार तैयार हो जायें तो आगे गतों को वजाये जिससे कि हाथ हथियार हो जायेगा यद्यपि आपको यह पल्टे और गतें बहुतही खराब ज्ञात होती होंगी और चित्त घबड़ाता होगा तद्पि आपको दृढ़ता से काम करना चाहिये—कहावत है कि जिस कार्य का आरम्भ अच्छा होता है उसका परिणाम भी सदैव अच्छाही होता है यदि आपने परिश्रम करके इन पिछले पल्टों पर भले प्रकार अभ्यास कर लिया है तो सत्य मानिये कि आप हारमोनियम बजाना जान गये कारण कि सब राग रागिनी इन पिछले पल्टों पर भिन्न भिन्न प्रकार से बज सकती हैं—

गायन बजाना और बोल निकालना ऐसा सरल है कि आप पांच मिनट में कर सकते हैं परन्तु उँगलियों का ठीक करना अति कठिन है और हारमोनियम बाजे में केवल यही परिश्रम का काम है यदि आपने अपनी उँगलियों को स्वाधीन कर लिया है तो फिर कोई ऐसी कठिनता शेष न रहैगी कि जिसका सरल करना असम्भव हो—

हारमोनियम के शौक़ीनो! हियाव हारकर न बैठ जाइये नितप्रति कम से कम दो घंटे अवश्य अभ्यास किया कीजिये अभी गायन का ध्यान तक न करो यदि कोई कहे तो भी साफ़ इंकार करदो—किसी दूसरे सीखनेवाले को देखकर मूर्खता कदापि नहीं करनी चाहिये जितना परिश्रम आपको इन पल्टों के तैयार करने में होगा उसका सवां भाग भी बोल निकालने में न होगा दृढ़चित्त हो स्थायी रक्खो—

पलट।

सा–रे–गा–मा–पा–धा–नी–सां–

पल्टा नम्बर (१८)

सां नी धा–नी धा पा–धा पा मा–पा मा गा–मा गा रे–गा रे सा–

पलट।

सा रे गा–रे गा मा–गा मा पा–मा पा धा–पा धा नी–धा नी सां–

पल्टा नम्बर (१९)

सां नी धा पा–नी धा पा मा–धा पा मा गा–पा मा गा रे–गा गा रे सा–

पलट।

सा रे गा मा–रे गा मा पा–गा मा पा धा–मा पा धा नी–पा धा नी सां–

पल्टा नम्बर (२०) *

सां–नी–धा–पा–मा–गा–रे–सा–

पलट।

सा–रे–गा–मा–पा–धा–नी–सां–

---

* यहां सफ़ेद और काला दोनों (मा) का स्वर काम में लाया जावेगा—

अभ्यास

हारमोनियमशिक्षक को चाहिये कि सब पल्टों पर विशेष अभ्यास करे और जब उँगलियां भले प्रकार तैयार हो जायें तो आगे गतों को बजावे जिससे कि हाथ हथियार हो जा-येगा यद्यपि आपको यह पल्टे और गतें बहुतही खराब ज्ञात होती होंगी और चित्त घबड़ाता होगा तद्यपि आपको दृढ़ता से काम करना चाहिये–कहावत है कि जिस कार्य का आरम्भ अच्छा होता है उसका परिणाम भी सदैव अच्छाही होता है यदि आपने परिश्रम करके इन पिछले पल्टों पर भले प्रकार अभ्यास कर लिया है तो सत्य मानिये कि आप हारमोनियम बजाना जान गये क्योंकि सब राग रागिनी इन पिछले पल्टों पर भिन्न भिन्न प्रकार से बन सकती हैं–

गायन बजाना और बोल निकालना ऐसा [illegible] है कि आप पांच मिनट में कर सकते हैं परन्तु उँगलियों [illegible] ठीक करना अति कठिन है और हारमोनियम बाजे में केवलही परिश्रम का काम है यदि आपने अपनी उँगलियों [illegible] कर लिया है तो फिर कोई ऐसी कठिनता शेष न [illegible] कि जिसका सरल करना असम्भव हो—

हारमोनियम के शौक़ीनो ! हियाव हारकर न
नितप्रति कम से कम दो घंटे अवश्य अभ्यास
अभी गायन का ध्यान तक न करो यदि कोपा + पा–धा–मा–
साफ़ इंकार करदो–किसी दूसरे सीखनेवा
मूर्खता कदापि नहीं करनी चाहिये जितनथीत् (नी) नहीं काम
इन पल्टों के तैयार करने में होगा उसका
निकालने में न होगा दृढ़चित्त हो स्थायी

(३) गतिदेश (सोरठ)

ताल तीन

दर्मियानी सप्तक							तीसरा सप्तक						
सा	रे	गा	मा	पा	धा	०	सा̂	रे̂	०	०	०	०	०

सा–सा–रे–रे–रे–मा–पा–सा–नी–सा ∻

रे̂–रे̂–सा̂–नी–नी–धा–पा–सा̂–नी–सा̂ ∻

रे–रे–सा̂–नी–नी–धा–पा–पा–सा–

सा̂–नी–सा̂–सा̂–नी–नी–धा–पा–पा–मा–रे–गा ∻

नोट–यह गति बड़ी जान पड़ती है परन्तु बहुतही सरल और मनोहर है–

(४) गति सिन्दूरह

ताल तीन

पा–धा–मा–पा–पा–सा–नी–सा–सा–सा ∴ साँ–साँ–नी–

साँ–साँ–रेँ–गा–रेँ–साँ–नी– ∴

रेँ–रेँ–साँ–नी–नी–पा–मा–गा–गा–गा–रे–सा–सा–रे–

सा–मा–पा–सा–नी–धा– ∴

नोट–जल्दी जल्दी बजावो तो बहुत अच्छी ज्ञात होगी–

(५) गति केदारा

ताल तीन

पा–पा–मा–धा–पा–मा–मा–पा–पा–सा ∴ –साँ–साँ–नी–रेँ–रेँ–साँ–साँ धा–नी–साँ– ∴

धा–धा–पा–मा–मा–गा–रे–सा–सा–सा– ∴

मा–मा–पा–पा–पा–पा–धा–नी–

नोट–इस गति को ठा में अर्थात् धीरे से बजावो–

दूसरे प्रकार की गतैं

नीचे की गतैं सितार के बोलों पर लिखी जाती हैं हारमोनियम सीखने वाले को चाहिये कि सितार के बोल अच्छी तरह स्मरण करलें सितार की सरिगम नीचे लिखी है–

(१) डिर–डा–डिर–डा–ड़ा–डा–डा–ड़ा ∴ सरिगम सितार–

(१) सा–रे–गा–मा–पा–धा–नी–सा ∴ सरिगम हारमोनियम–

(६) गतिझँझौटी

पहला सप्तक							दर्मियानी सप्तक						
०	०	०	०	पा	धा	०	सा	रे	गा	मा	०	०	०

डिर डा डिर डा ड़ा डा डिर डा

××२ ×धा सा×२ रे गा गा मा×२ गा

ड़ा डा डिर डा ड़ा डा डा ड़ा

मा— रे सा×—२ रे गा सा* धा×× नी ××

नोट—सितार के बोल साफ़ साफ़ निकलते रहेंगे ज़बान से भी कहते जाव—

(७) गीत काफ़ी

दर्मियानी सप्तक						तीसरा सप्तक						
०	०	०	पा		०	सा	रे	०	मा	०	०	०

डिर डा डिर डा ड़ा डा डा ड़ा ..

पा×२ *धा सा̂×२ रे̂ पा मा̂ गा̂* सा̂

डिर डा डिर डा ड़ा डा डा ड़ा :

गा̂×२ सा̂ नी×२ धा पा नी धा नी

नोट—ऐसी गतें सदैव ठा की लय में बजानी चाहिये—

(८) गति ईमनकल्याण

नियमानुसार यफ़० टू यफ़०

दर्मियानी सप्तक

डिर	डा	डिर	डा	डा	डा	ड़ा
नी×२	धा	पा×२	धा	पा	गा	गा

डिर	डा	डिर	डा	डा	ड़ा	डा	डा
रे×२	गा	पा×२	गा	पा	पा	पा	पा

नोट—इस गति को बड़ी सावधानी से बजावो—

(९) गति गुरुसारंग

दर्मियानी सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	गा	मा	पा	धा	०	सा	रे	गा	०	०	०	०

डिर	डा	डिर	डा	ड़ा	डा	डा	ड़ा
रे×२	धा	मा×२	पा	नी※	धा	सा̂	नी※

डिर	डा	डिर	डा	ड़ा	डा	डा	ड़ा
नी×२※सा̂		रे̂×२	गा̂	रे̂	धा	सा̂	नी※

नोट—यह गति यफ़० टू यफ़० के नियम से अच्छी बजैगी—देखो पुस्तक हारमोनियममास्टर दूसराभाग।

(१०) गति जंगला

दर्मियानी सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	गा	मा	पा	धा	०	सा	रे	०	०	०	०	०

डिर डा डिर डा ड़ा डा डा ड़ा

गा×२ मा धा×१ *नी सा× नी धा पा ∴

डिर डा डिर डा ड़ा डा डा ड़ा

सा×२ नी धा×२ गा मा पा पा पा ∴

नोट—तेज़ी से वजावो—

हारमोनियम के साथ गाना ।

कोई कोई हारमोनियम के शौक़ीन किसी गवैये के साथ वजाने में लज्जा करते हैं और साथ देने के समय घवड़ा जाते हैं इसका मुख्य कारण यह है कि ऐसे शौक़ीन कभी मजलिसों और सभावों में हारमोनियम नहीं वजाते न आरम्भ सेही किसी गानेवाले का साथ करते हैं फिर भला वह किसप्रकार हारमोनियम वजाने में योग्यता प्राप्त कर सकते हैं सदैव स्मरण रखिये कि गानविद्या के प्राप्त करने में लज्जा करना शिक्षकों के लिये वहुतही हानिकारक है सहस्रों मनुष्यों में वैठ कर रागिनी का अलाप करना, वाजों का वजाना उसी रूप में अच्छा हो सकता है जब आप लज्जा को उठाकर रखदेंगे और सभा में स्वतन्त्रता से वनावट को छोड़कर अपना काम करेंगे—

इसके अतिरिक्त गानविद्या के सीखने में कान से अधिक काम लेना पड़ता है जिसका सुननेवाला बल तीव्र होता है वह शीघ्र इस विद्या का ज्ञाता हो सकता है जैसे पाठशाला में लड़के इम्ला (डिक्टेशन) लिखने के समय जो कुछ कि मास्टर कहता जाता है वह तुरन्त उसकी वाणी के सुनतेही कागज़ पर उसी शब्द को लिख देते हैं उन्हीं में जो लड़के बुद्धिमान् होते हैं और शीघ्र लेखक भी होते हैं वह तुरन्त लिख देते हैं और कोई कोई मन्द बुद्धि और धीरे लिखनेवाले इम्ला लिखने के समय घबड़ा जाते हैं और अनेक भूलैं कर जाते हैं ऐसेही गानेवाले के साथ हारमोनियम बजाने में काम करना पड़ता है अर्थात् गानेवाले की वाणी को सुनकर तुरन्त जान लेना चाहिये कि उस समय यह आवाज़ कौन से स्वर पर है और अब हमको कौन सा पर्दा लगाना चाहिये जैसे इम्ला लिखनेवाला लड़का गुरु की आवाज़ से पहिंचान जाता है कि इस शब्द के यह अक्षर होने चाहियें इसी प्रकार गानविद्या का विद्यार्थी गवैये के गाने को ज्ञात कर लेता है कि इस गायन में यह स्वर हैं और इन स्वरों के मिलाव से यह रागिनी बना है स्कूल का लड़का जिस शीघ्रता से अपनी लेखनी चलाता है उसी शीघ्रता से नवशिक्षक हारमोनियम के पर्दे दबाने चाहियें जिस सुन्दरता से स्कूल का विद्यार्थी शब्दों को सुन्दर अक्षरों में लिखता है उसी प्रकार हारमोनियम के शिक्षक को साफ़ बोल निकालने चाहियें जैसे वह ह्रस्व दीर्घ के सहित शब्द के उच्चारण को ठीक करता है वैसेही हारमोनियम सीखनेवाले को अनवादी, बादी, समबादी स्वरों को ज़म्-ज़मे देकर रागिनी के आनन्द भरे ठाठ को बांधना चाहिये—

जबतक कि हारमोनियम के शायक़ीन किसी गवैगे का साथ हीं दे सकते तबतक वह बिल्कुल उस लड़के के बराबर हैं कि ो प्रथम पुस्तक पढ़ता है परन्तु इमूला नहीं लिख सकता है र्थात् अक्षरों को पढ़ लेता है परन्तु उनके आकार अपने हाथ े नहीं बना सकता–

इसकारण हे हारमोनियम के शौक़ीनो ! गानविद्या का इमूला लिखा करो अर्थात् हारमोनियम को किसी गाने वाले के साथ बजाने का अभ्यास किया करो जिससे आपको इस विद्या में कुछ मिलजाये नहीं तो आप किसी रूप में अपनी वांछाको फलीभूत नहीं कर सकते–गानविद्या कोई भाषा नहीं है जिसे आप थोड़े समय में ही सीख लें और बोलने लगें यह उन सोलह विद्यावों में सबसे उच्च श्रेणी की विद्या है कि जिसका चर्चा वेदों और पुराणों में विद्वानों ने तर्कणा सहित लिखा है इसके संचय करने में वर्षों परिश्रम करना पड़ता है तब भी पूर्ण-रूप से जान लेना कठिन नहीं किन्तु असम्भव है–

स्मरण रखने वाली बातें ।

(१) सातों स्वरों की आवाज़ों से कान को मित्र करो कि साथ करने में बेसुरे न हो जावो और गानेवाले के गले से स्वर मिलते रहें यह बात कुछ दिन अभ्यास करने से आवेगी जैसे तार द्वारा बात चीत करने के समय गिर-गिट्ट की आवाज़ से तमाम शब्द बन जाते हैं और सिगनेलरों (तारबाबू) को उस की आवाज़ तुरन्त ज्ञात हो जाती है ऐसेही हारमोनियम पर विशेष अभ्यास करने से सातों स्वरों के भेद भले प्रकार ज्ञात हो जाते हैं–

(२) जब हारमोनियम को बजाओ तो उसके साथ स्वयं भी गाया करो—हारमोनियम के पर्दों को देखकर उँगली न चलावो—किन्तु अपने मुख को सीधा रक्खो—बाजे पर झुककर मत बैठो यह बानि अच्छी नहीं है और गानविद्या जाननेवालों के समक्ष में यह अवगुण कहलायेगा—

(३) साथ करने में गानेवाले के आधीन बजानेवाला होता है नकि गवैया बजानेवाले के भरोसे पर गाता है इसकारण जैसे गानेवाला अपने गले को चलावेगा वैसेही बजानेवाले को स्वर देने चाहियें हां बजानेवाला जहां गवैये को बेताला या बेसुरा होता दिखाई देगा तुरन्त बाजे को बन्द कर देगा—

(४) स्वर कान से सुनकर जाना जाता है नकि आंख के देखने से जैसे कि बाज़ शौक़ीनों की बानि पड़जाती है—

"शुभचिन्तक ग्रंथकर्ता के मकान पर एक हारमोनियस्ट महाशय जिनका नाम केवल सुनाही सुना था पधारे—स्वागत और हिन्दोस्तानी लल्लो पत्तो के पीछे उन्होंने मुझसे हारमोनियम सुनने की इच्छा प्रकट की संयोगवश उस दिन मकान पर कुछेक पाहुन आगये थे इसकारण मैंने उनसे क्षमा चाही जिसके उत्तर में उपरोक्त महाशय ने स्वयं हारमोनियम बजाने के लिये मुझसे कहा मैंने तुरन्त एक कसेरायल फ़ोल्डिंग उनके आगे रख दिया जिस समय का यह चर्चा लिखरहा हूं वह सन्ध्या का समय था उक्त महाशय ने दीपक के लिये मुझसे कहा जिसका उत्तर मैंने परीक्षार्थ शून्य दिया उक्त महाशय ने बहुतेरा चाहा परन्तु अंधेरे में बिल्कुल बेसुरे होगये कारण यह था कि उनकी बानि प्रथमही से ख़राब थी जो स्वर को देखकर बजाते थे—

इसकारण जहांतक हो सके कान से काम लो क्योंकि यह विद्या कानों से ही पढ़ी जाती है और कानोंही से सुनी जाती है-

शिक्षायें ।

(१) गायन निकालने से प्रथम उसको एक दो बार गाकर याद करलो जिससे उच्चारण और रंगत ज्ञात हो जायेगी और बाजा में सुगमता से बजा सकोगे-

(२) गायन बाजे में बजाने से प्रथम यह अच्छा होगा कि हारमोनियम के पर्दों पर विना धौंकनी चलाने के उँगलियों को चालू करलें यह कार्यवाही एक ढंग की लाभदायक होगी-

(३) जहांतक हो सके बाजे के साथ तबला, मृदंग, चंग, ढोलक या और कोई खाल का बाजा बजवाया करो जिससे ताल का ज्ञान होता रहे और उँगलियां बहुत शीघ्र चलें-

(४) यदि बाजे के साथ गाना भी होतारहे तो क्याही बात है गवैया भी सुरीला हो जाये और हारमोनियम सीखनेवाला भी शीघ्र उन्नति करले-

(५) सदैव अपने बराबरवाले या किसी प्रवीण मनुष्य से बाजा सीखने का यत्न करे या उनको अपने बाजे के साथ गाने को कहे कभी भूलकर कमीनों और नीच जातों की संगति न करे अपने बराबर व योग्य मास्टरों की संगति करे जिससे कुछ लाभ भी हो-

बोल निकालना ।

जब हारमोनियम सीखनेवाले का हाथ चालू होजाय और

उँगलियों में लचक पैदा होजाय तब हारमोनियम बाजे में बोल निकालना बहुतही सरल बात है हां स्वरों की आवाज़ स्मरण करनी पड़ेगी प्रथमबार बोल निकालना कुछ कठिन ज्ञात होता है इसकारण हम कुछ उदाहरण देते हैं सीखनेवाले को चाहिये कि इनको बाजे में निकाले जब तीन चार पिसरे निकल आवें और उसके सब नियम समझ में आजायें तो आगे पूरे गायन के बोल निकालने प्रारम्भ करे–

इस किताब में बहुतही सीधे और सादे बोल दिये गये हैं शिक्षक को चाहिये कि इनका भले प्रकार अभ्यास करले जिस से इसको सब नीचा ऊँचा ज्ञात हो जाये बोल निकालने में जो चिह्न बतलाये गये हैं उनका समझना अति आवश्यक है कारण यह कि गायन का शुद्ध बजाना उन्हीं चिह्नों पर निर्भर है पहिले आपको कुछ कठिनता ज्ञात होगी परन्तु धीरे धीरे सब सरल हो जायगा एक गायन को पचास वार बजाना मानों उस पर अधिकार कर लेना है इस कारण दृढ़ता और मध्यम चाल मुख्य को समझे शीघ्रता को कभी भी काम में न लाये–

न्यू अल्फ्रेड थियेट्रिकल कम्पनी आफ़ बम्बई–

तमाशा ।

भूलभुलैया ।

(४) दोनों हाथों का ज़ोर पर्दे पर न डालो किन्तु हाथों का बोझ तुला हुवा रक्खो-

(५) बाजा बजाने के समय आगे की ओर न झुको वरन सीधे बैठे रहो-

(६) पहिलीबार सीखनेवाले के दोनों हाथ अकड़ जायँगे परन्तु यह शिकायत एक सप्ताह तकही रहेगी फिर नहीं-

(७) दोनों हाथ से बजाने में कुन (कनिष्ठिका) उँगली अवश्य काम में लाना चाहिये-

(८) जबतक पर्दों पर उँगली न रखलो पैर मत चलावो इस कार्यवाही से स्वर शीघ्र नष्ट होजाते हैं-

(९) पहिले दोनों हाथों से भले प्रकार परिश्रम लेना चाहिये और धीरे धीरे पर्दों पर चलाने चाहियें-

(१०) किसी दूसरे हारमोनियस्ट की प्रति (नक़ल) कदापि नहीं करनी चाहिये यह शिक्षक के लिये हानिप्रद है-

सुगम उपाय

दोनों हाथ से हारमोनियम बजाने का सुगम उपाय नीचे लिखा है-

पहिला उपाय

यदि सीखनेवाले को एक हाथ से हारमोनियम बजाना भली विधि से आता है तो उसको चाहिये कि दूसरा हाथ भी अपने दाहिने हाथ की तरह तैयार करले और जब कुछ चलने लगे तब दोनों हाथ एक साथ चलाना प्रारम्भ कर दे प्रथम बायां हाथ बहुत कम चलता है परन्तु धीरे धीरे तैयार होजाता है-दृढ़ता को हाथ से न छोड़ना चाहिये-

दूसरा उपाय

यदि हारमोनियम का शिक्षक दोनों हाथ से बिल्कुल बजाना नहीं जानता तो उसको उचित है कि प्रारम्भ सेही दोनों हाथ चलाया करे जिसमें उसको जल्द बजाना आजाय अलबत्ता परिश्रम अधिक करना पड़ेगा-

सदैव बायां हाथ सफ़ेद पर्दों की अपेक्षा काले पर्दों पर अधिक चलता है इसकारण दोनों हाथों को काले पर्दों पर अधिक चलाया करो जिस से हाथ शीघ्र तैयार होजावें—

बायांहाथ

सदैव स्मरण रखना चाहिये कि दाहिने हाथ की अपेक्षा बायां हाथ हारमोनियम के पर्दों पर अधिक तेज़ी से नहीं चलसकता इसीकारण दाहिने हाथको भी उसकी पूरी चाल से घटाना पड़ता है बायां हाथ सदैव दाहिने हाथ की तैयारी

पर चलता है जिस सीखनेवाले का दाहिना हाथ तैयार नहीं उसका बायां हाथ कदापि तैयार नहीं होसकता–हारमोनियम सीखनेवाला यदि अपने बायें हाथको हथियारकी तरह बनाना चाहे तो उसको चाहिये कि नीचे के नियमों को भले प्रकार मनन करले जोकि एक सीमातक लाभ देनेवाले होंगे–

(१) सदैव हाथ अकड़ा हुआ रक्खो–

(२) उँगलियों को नर्म करो जोकि नितप्रति के प्रैक्टिस से हो सकती हैं–

(३) केवल बायें हाथ से भी कुछ देरतक हारमोनियम बजाया करो–

(४) उँगलियों को नियमबद्ध रक्खो नहीं किसी गवैये के साथ देनेमें पीछे रह जावोगे–

(५) उँगलियों को सदैव स्वच्छ रक्खा करो और पसीनेको पोंछते रहाकरो जिसमें कि उँगलियां पर्दोंपर चिपक न जायें–

(६) तीन मास नितप्रति दो घंटे बजाने से बायां हाथ तैयार होसकता है और कोई कोई शौक़ीन केवल एकही मास के भीतर तैयार कर सकते हैं जबकि सच्चा प्रेम रखते हों–

(७) बायां हाथ दाहिने हाथ की तरह कदापि तैयार नहीं होसकता यह बात असम्भव जानिये–

मनभावता नियम

हारमोनियम पर दोनों हाथकी उँगलियां एक साथ चलाने का नियम यह है कि जब एक हाथ की उँगली एक सप्तक के किसी स्वर पर हो तो उसी समय दूसरे हाथ की उँगली दूसरे सप्तक के उसी स्वर पर हो—

उदाहरण

एक हाथकी उँगली पहिले सप्तक के मा स्वर पर है तो दूसरे हाथकी उँगली दूसरे सप्तक के मा स्वर पर होनी चाहिये— नीचे का चित्र देखो—

(चित्र सामना)

बाजा															
सीढ़ूसी	सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सा
	पहिला सप्तक							दूसरा सप्तक							

उपरोक्त चित्र का ब्यौरा

उपरोक्त नियम से केवल एक शब्द मा स्वर का निकलेगा जोकि सम्मिलित होनेसे प्यारा ज्ञात होता है—

सदैव स्मरण रखिये कि उपरोक्त नियम से एकही शब्द एकही नाम के दो पर्दों के दबाने से निकलता है यदि इसके प्रतिकूल होगा तो आवाज़ खराब हो जावेगी और शिक्षक के कान ऐसी आवाज़ को कदापि सहन न करेंगे यह एक पहेली है जोकि आपको परीक्षा के पीछे ज्ञात होगा बशर्तेकि आपने दृढ़ता को हाथ से न छोड़ा—

एक नई निकासी

हालमें एकप्रकार के हारमोनियम बाजे बनने लगे हैं जोकि केवल एक हाथ से बजते हैं परन्तु दोनों हाथ का काम देते हैं

अर्थात् एक पर्दे के दबाने से दूसरा वैसाही पर्दा अपने आप दबजाता है वास्तव में यह युक्ति बहुत उत्तम निकाली है हम इसके रचयिता को धन्यवाद देतेहैं जिसने अपनी उग्रबुद्धि और परिश्रम से एक कठिनता को सुगम कर दिखाया है हम उसकी बाबत किसी दूसरे नम्बर में व्योरेवार लिखेंगे और उस गुप्त रहस्य को प्रकट करेंगे जिससे हारमोनियम शिक्षकों के बोध का वृत्त चौड़ा होगा—

उँगलियों का चलाना

परिश्रम का काम

हारमोनियम बजाने में परिश्रम का काम केवल उँगलियों का तैयार करना है जब हाथ तैयार होजाता है फिर सीखने वाले को कोई बात उसके काम में अकाज करने वाली नहीं होती—जहां उँगलियां शीघ्रगामी हुई तुरन्त सीखनेवाला राग रागिनी को बजाने लगता है—

इस कारण सीखनेवालेको उँगलियों की तैयारीमें अधिक समय व्यतीत करना चाहिये और पहिलेही से नियमानुकूल चलानी चाहियें जिससे कि आगे बजाने में कष्ट न उठाना पड़े—

अपने हाथ को हथियार की भांति तैयार करना ऐसा आवश्यक है जैसे कि एक उच्चश्रेणी के हारमोनियस्ट को होना चाहिये जबतक हाथ तैयार नहीं होता गायन बाजेपर आनन्द पैदा नहीं करसकती और न भले प्रकार प्रख्यात होसकती है—

मेरी दृष्टि में बहुत से ऐसे हारमोनियस्ट आये जो गान विद्या को भले प्रकार जानते थे परन्तु हाथके तैयार न होनेसे गवैये का साथ अच्छी तरह नहीं कर सकते थे इसी प्रकार जिनके हाथ अच्छे तैयार होते हैं वह भी राग रागिनी के अलाप को

किसी समय नहीं बजा सकते परन्तु ऐसा बहुत कम होता है जिसका हाथ तैयार होता है वह अच्छा साथ कर सकता है चाहे गवैया कैसाही कठिन राग क्यों न गाता हो–

(२) नियम

उँगलियों के चलाने का नियम शायक़ीन "हारमोनियम मास्टर तीसरे भाग" में देख चुके हैं परन्तु दोनों हाथ की उँगलियों को एक साथ चलाने में कुछ और आवश्यक बातें नीचे लिखना योग्य समझा गया शिक्षक को चाहिये कि प्रथमही से इन नियमों पर चले जिससे शीघ्र अभिलाष पूरी होगी–

एक हाथ से बजाने में केवल चार उँगलियां चलाई जाती हैं परन्तु दोनों हाथ से बजाने में दस उँगलियों से काम लेना चाहिये–

(३) नक़्शा मुक़ाबिला

नम्बर शुमार	दाहिना हाथ	बांयां हाथ	कैफ़ियत
१	अँगूठा	तीसरी उँगली	कनिष्ठिकाउँगली पहिले काम में न लाइये
२	पहिली उँगली	दूसरी उँगली	जब खूब मश्क़ होजावे तो
३	दूसरी उँगली	पहिली उँगली	ज़मज़मा देकर गायनमें आनन्द
४	तीसरी उँगली	अँगूठा	उत्पन्न कीजिये

उपरोक्त नक़्शे से जानोगे कि दाहिने हाथ के मुक़ाबिले में बायें हाथ की कौनसी उंगली चला करती है इससे शिक्षक को उपरोक्त नियम से उँगलियां चलानी चाहियें—

तान

दोनों हाथ से हारमोनियम बजानेमें तान देना कठिन है सीखने वाले को चाहिये कि व्यर्थ परिश्रम न करे ऐसी तेज़ी बायें हाथ में बहुत कम हुआ करती है थियेट्रिकल कम्पनियों में बहुधा हारमोनियस्ट तान बजाते हैं परन्तु वास्तव में वह तान नहीं कहला सकती कारण कि तान का बजाना प्रथम तो कुछ कठिन है दूसरे तान को वही हारमोनियस्ट बहुत खूबी से बजा सकता है जो गानविद्या के नियमोंका भलीविधि ज्ञाता हो परन्तु तब भी तान दोनों हाथों से कदापि नहीं बज सकती—

शीघ्रता

शिक्षकों को उँगलियों के चलाने में शीघ्रता को काम में न लाना चाहिये कारण कि प्रथम तो इस शीघ्रताके कारण बाजा जल्द ख़राब होजाता है दूसरे ताल का स्मरण नहीं रहता और सदैव राग रागिनी का रंग फीका पड़जाता है इससे जहांतक हो अपने हाथ को बजाने के समय तुला हुआ रक्खो उँगलियों को धीरे धीरे चलावो जब भले प्रकार अभ्यास होजावे उस समय ज़मज़में—पलटे—ताल और अँगरेज़ी तर्ज़ों पर हाथ साफ़ करना चाहिये जिसमें सुगमता से प्रत्येक गायन का साथ करसको और गवैये की भी आवाज़ दूनी होजाय—

थियेट्रिकल हारमोनियस्ट

कोई कोई हारमोनियम के प्रेमी जिनको बहुधा थियेट्रिकल

कम्पनियों के तमाशों में हारमोनियम बाजा सुनने का सौभाग्य प्राप्तहुवा है वह यह यत्न किया करते हैं कि किसी प्रकार से वह थियेट्रिकल हारमोनियस्ट से बाजा बजाना सीखैं और इसी ध्वनि में वह अपना बहुत सा रुपया ख़र्च कर बैठते हैं–इसके अतिरिक्त उनको किसी समय अपमान की गठरी शिर पर उठानी पड़ती है अन्त में अपने शौक़ को सदैव के लिये तिलांजलि देना पड़ती है–थियेट्रिकल हारमोनियस्ट जोकि पेशेवर होते हैं भला वह किस प्रकार एक सज्जन पुरुष को उसके शौक़ पूरा करने में सहायता दे सकते हैं–प्रथम तो वह स्वयं गानविद्या के नियमों से बेसुध रहते हैं दूसरे उनका चाल चलन ख़राब सोहबतों में रहने से बिगड़ जाता है तीसरे शौक़ीनों की खुशामद से वह और भी नख़रे दिखाते हैं–फ़ीस वह मांगते हैं कि जो आजकल्ह एक यम. ए., की वेतन के बराबर है उनका बजाना मामूली होता है अलबत्ता पेशावर होने के कारण अभ्यास विशेष हो जाता है परन्तु बे क़ायदा– उनका हारमोनियम जभी तक अच्छा जान पड़ता है जब तक स्टेज में धरा रहेगा और उसके साथ एक कमासिन ऐक्ट्रेस (नाटक करने वाली स्त्री) अच्छे स्वरों से अंगरेज़ी तर्ज़ गाती रहेगी–

संकेतैं

ध्वनि–अर्थात् गायन में राग या रागिनी का ठाठ जानने के लिये इस पुस्तक में ध्वनि का नाम लिख दिया है जिसमें सी-खने वाले को ज्ञात होजावे कि यह गायन किस डिगरिक्स रंगत में बजाई जावेगी जिससे आनन्द दूना होजावे जैसे ध्वनि ज़िला–काफ़ी आदि–

ताल–इस पुस्तक में ध्वनि के साथ ही ताल भी बतला

दिया गया है जिसमें स्वर और ताल के ज्ञात होजाने से रागिनी रंग पकड़े और साज़ बेताला न बजे ताल और उनके दौरे मय बोल तबला के पृष्ठ (२८) पर लिखदिये गये हैं शिक्षक को चाहिये कि उनको अच्छी तरह स्मरण करले जैसे ताल कहरवा आदि–

लय–बिना लय के गाना ठीक नहीं रहसकता–शिक्षक को लय का ध्यान अवश्य रखना चाहिये अर्थात् ठा (धीरे) दुगुन (जल्दी) धीमी–लेटी हुई आदि–

समय–यदि गायन को रागिनी के नियमित समय पर बजाया जावे तो तुरन्त असर होताहै हारमोनियम शिक्षक के अभ्यास के लिये समय की पाबंदी नहीं–

समका स्थान–जब ताल का दौरा खतम हो जाता है और वहां से फिर ताल प्रारम्भ होता है तो समका ध्यान रखना आवश्यक है इस कारण इस पुस्तक में समका स्थान बतला दियागया है–

तर्ज़–थियेट्रिकल तर्जें बहुत कठिन होती हैं और बिना तर्ज़ जाने नहीं बज सकतीं इस कारण गायन के पहिले उसकी तर्ज़ लिखदी गई है जिससे बहुत जल्द ज्ञात हो जावेगा कि यह गायन किस तर्ज़ की है–

चित्र हारमोनियम–जिस गायन में हारमोनियम के जितने पर्दे काममें आना चाहिये उनका चित्र बनाकर बतला दिया गया है सीखनेवाले को उनके देखने से हरप्रकार की भूल तुरन्त ज्ञात हो जावेगी हारमोनियम को अपने सामने रखकर दिये हुये स्केच से मिला लेना चाहिये ताकि बजाने में सुगमता हो–

लहजा और डगर–गायन के नीचे यह भी बढ़ादिया गया है कि यह थियेटर के तर्ज़ तमाशा में ऐक्टर किस लहजा से

गाते हैं जिसमें सीखनेवाले को नाटक की चीज़ें बजाने का पूरा आनन्द आ जावे–

अन्तिम नोट–प्रत्येक गायन के अन्त में जो नोट दिये गये हैं उनको ध्यान से देखना चाहिये–

शिक्षा

(१) वाजे की धौंकनी सदैव धीरे धीरे एकही चाल में चलानी चाहिये–

(२) जो गायन वाजे में निकालना चाहो उसको पहिले एक दो वार गले से भी निकालो और उसका ठाठ भी जानलो कि यह किस रंगत में वजेगी–

(३) तवला–ढोलक–चंगादि का साथ किया करो जिस से ताल ज्ञात होता रहे और हाथ जल्द चला करे–

(४) किसी गानेवाले का प्रथम सेही साथ करना स्वयं गाने से अच्छा है–

(५) साथ करना कुछ कठिन है इसके लिये प्रैक्टिस दरकार है परन्तु लज्जा कदापि नहीं करनी चाहिये और न घबड़ाना चाहिये नहीं तो कुछ भी न आयेगा–

(६) हारमोनियम वजाने से प्रथम पर्दों पर उँगली रखलो तब धौंकनी चलावो और जब वाजा वन्द करना चाहो उस समय पहिले धौंकनी वन्द कर दीजिये पीछे उँगलियां पर्दों पर से हटाइये यदि इसके प्रतिकूल होगा तो वाजा जल्द खराव हो जावेगा–

(७) पर्दोंपर एक के बाद दूसरे पर उँगलियां रखिये और धीरे से पर्दे को दवाइये–

(८) कभी भूल से भी अँगूठा काले पर्दे पर न रखिये—

(९) गाने का अभ्यास अवश्य करना चाहिये जिससे बजाने में सुगमता रहे और जल्द सफलता हो–

(१०) जल्दी जल्दी बाजा बजाना शिक्षक के लिये लाभदायक नहीं किसी दूसरे हारमोनियस्टको देखकर मूर्खता नहीं करनी चाहिये–

(११) एक दिन में केवल एक गायन को तैयार करना अच्छा है इससे अधिक बढ़ना अच्छा नहीं कारण कि जो बात प्राप्त की जावे वह पूरी हो अधूरी नहीं–जिससे सदैव निष्फलता का सामना करना पड़ता है जिस गायन को सीखने वाला निकाले उसको उसमें पूरी योग्यता नहीं हुवा करती इसकारण जहां तक होसके प्रत्येक गायन को पूरे तौर से स्मरण करले और जब तक तैयार न हो दूसरे गायन के निकालने का परिश्रम न करे कितनीही बार परीक्षा की गई है कि इसके प्रतिकूल चलनेवाले शिक्षक सदैव निराश रहते हैं–

कुछ आवश्यक बातें

(१) थियेटर की चीज़ें उस समय आनन्द उत्पन्न कर सकती हैं कि जब हारमोनियम के साथ तबला भी हो–

(२) अँगरेज़ी तर्ज़ें अधिकता से जल्दी जल्दी गाई जाती हैं इसके साथ करने में शिक्षक बहुधा घबड़ा जाते हैं परन्तु यह दोष ऐक्टर के गाने से जाता रहेगा–

(३) हारमोनियम के साथ किसी थियेट्रिकल कम्पनी के देखे हुये गवैये को गवाया करो क्योंकि इन तर्ज़ों को जिस लहजे से कि गाना चाहिये हर कोई कभी नहीं गा सकता और न वह आनन्द आ सकता है जोकि एक कमसिन ऐक्टर के गाने से स्टेज पर आता है–

चिह्न

पहिलासप्तक—जिस पर्देपर यह (+) चिह्न हो वह पर्दा पहिले सप्तक का होगा जैसे सा—रे—गा आदि—
(ऊपर: + + +)

दर्मियानीसप्तक—जिस पर्देपर कोई चिह्न न हो वह सफेद पर्दा होगा और केवल दर्मियानीसप्तक में काम में लाया जावेगा जैसे सा—रे—गा आदि—

तीसरासप्तक—जिस पर्देपर केवल (^) यह चिह्न होगा वह तीसरे अर्थात् टेपकेसप्तक का पर्दा होगा जैसे सा—रे^—गा आदि—

कालापर्दा—जिस पर्देपर सूर्यका चिह्न होगा वह निस्सन्देह कालापर्दा होगा जैसे रे—गा—मा आदि—
(ऊपर: * * *)

सफ़ेदपर्दा—जिस पर्देपर सूर्यका चिह्न न हो वह पर्दा सफ़ेद होगा—

मात्रा—मात्रा उसको कहते हैं कि जितनी देर में आदमी एक दो तीन कहसके उसका चिह्न विन्दु है (.) जैसे सा. रे. गा. आदि—

वक़्फ़ा—जिस पर्देके आगे कोई विन्दु हो वहां उँगली उतनी ही देरतक ठहराना चाहिये—यदि एक विन्दु है तो एकमात्रा ठहरना चाहिये और यदि एकसे अधिक हों तो उतनेही मात्रा ठहरना चाहिये जैसे सा. सा.. सा... आदि—

जल्दी—जिस पर्दे से पहिले कुछ विन्दु हों वहां उतने ही मात्रा कम ठहरना चाहिये जैसे .सा..सा...सा आदि—

ज़रब—जिस स्थान पर एकही पर्देसे बहुत से बोल निकलते हैं वहांपर उसके आगे ज़रब (गुणा) का चिह्न (×) देकर

जितनी बार वह दबाया जावेगा वही अंक लिखदिया गया है जैसे सा × २—सा × ३—सा× ४ आदि—

उदाहरण—(१) धा × ३=अर्थात् पहिले सप्तक का * धास्वर—कालापर्दा तीनबार दबाया जावेगा—(२) धा...अर्थात् तीसरे सप्तक का दिया स्वर तीन मात्रा उँगली की ठहराव होगी—(३)..रे=दर्मियानी सप्तक ऋषभस्वर—सफ़ेद पर्दा दो मात्रा जल्द बजेगा—

शिक्षा

(१) उपरोक्त चिह्न भले प्रकार स्मरण करलेना चाहिये जिसमें गायन के समय पृष्ठावलोकन करना न पड़े और निष्प्रयोजन समय न खोना पड़े—

(२) यह सब चिह्न " सोती कृष्णवर्मा हारमोनियम सीरीज़ " के लिये नियत किये हैं प्रत्येक मनुष्यकी बनाई पुस्तक में इनका ढूंढना व्यर्थ है—

ताल और तबला

इस पुस्तक में जो थियेट्रिकल तर्जें लिखी हैं वह नीचे लिखी तालपर बहुत अच्छी बजैंगी शौक़ीन उनके बोल और मात्राओं को अच्छे प्रकार जान लें जिसमें आपको किसी अनाड़ी तबलची से कष्ट न उठाना पड़े और आप उसको समयपर कुछ बतला सकें—

(१) बोल तबला

तालतीन—धा—धा—धींग—धा—धा—धींग—ता—ता—तींग—धा—धा—धींग (१६ मात्रा)

तालचार–धों–तिरकिट–धीन–ता–धीने–धीन–ता–तिरकिट–तीने–ता–तीने–तीन * (१२ मात्रा)

तालदादरा–धां–तिरकिरटा–धा–धीन–ता * (६ मात्रा)

नोट–उपरोक्त बोल समके स्थान के हैं ध्यान से समझना चाहिये–

(२) दौरा ताल

ताल क़व्वाली–बहुधा ताल क़व्वाली पर सब लोग अधिक रीझते हैं कारण कि यह बहुतही सरल व मनभावनी है इस तालमें आठ मात्रा होती हैं पहिली ताल पांचवीं मात्रापर और एक मात्रा पर ख़ाली इसीप्रकार दौरा प्रारम्भ होता है—

तालकहरवां–ताल क़व्वाली के बराबर है केवल भेद इतनाही है कि अन्तिम ताल की गायन ठा की लय में गाई जाती है–डबल कहरवा इसकी दुगुन करने से बनजाता है–

आवश्यक नोट

(१) गायन निकालने से पहिले उसको कंठस्थ करलो–

(२) थियेट्रिकल तर्जें बहुधा कठिन होती हैं इससे जहां तक होसके हारमोनियम में बजाने से पहिले उनको किसी गवैये से सुनलो जिसमें शीघ्र समझमें आजावें और बाजेमें शीघ्र निकल आवें—

(३) अपने किसी मित्र को अपने बाजे के साथ गवाया करो जिससे गायन की ध्वनि चित्त में समाजावे और प्रत्येक गवैये के साथ देने में सुगमता हो—

(४) थियेट्रिकल चीज़ें सदैव स्वच्छता से बजानी चाहिये विशेष कर दोनों हाथों से ताकि बोल साफ़ कटते रहें जिससे

गानेवाले को अधिक गलेबाज़ी न करना पड़े वेश्यायें बहुधा थियेट्रिकल तर्ज़ों को अपनी अनजानी के कारण बिगाड़ देती हैं इसकारण उनका गाना सुनकर अपना ढंग मत विगाड़ बैठो—

(५) थियेट्रिकल टोन में अधिक आ आ ए ए की आवश्यकता नहीं केवल बोल दिखाने की आवश्यकता है जो गानेवाला गाने के समय ऐसा जानपड़े कि वह बातें कर रहा है और स्वर ताल का ध्यान रखता है तो वह निस्सन्देह एक योग्य ऐक्टर कहला सकता है कारण कि थियेट्रिकल तर्ज़ों (अंगरेज़ी) की वस्तुतः कामना यही है—

चूं चूं का मुरब्बा

मारूफ़बर

तमाशा मुरक्कब

ध्वनि कल्याण–ताल चाचर–लय ठा–नक़ आख़िर दिन–तर्ज़–"मनोहर आये करतार"—

सलामी थियेटर

नंबर (१)

अंगरेज़ी तर्ज़

तू है परवरदिगार–साईं तू सिरजनहार–मालिक जग संसार– तू है परवरदिगार–हम सब तुझ पै निसार–कुदरत कुदरत की बहार–गुलबन गुलतर हज़ार–तू है परवरदिगार—

दर्मियानी सप्तक							तीसरा सप्तक					
सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सां	रें	गां	मां	०	०

(१) तू है प र व र दि गा र
धा. पा. गा मा गा मा गा रे सा. *

(२) साँई तू सिर ज न (न) (न) हार
सा×२. रे गा×२ पा मा गा रे सा. *

(३) मा लि क ज ग स (स) न सा आ र
सा. नी धा नी धा पा मा पा. गा रे गा *

तू है परवर....

(४) हमसब तु भ्र पर नि सार कुद
पा×४ धा पा सां×२. रें सां×२. धा×२

रत तुद र त कीव हा र
सां×२ रें×२ गां मां गां×२ रें सां.

गुल व न गु ल त (आ) र ह ज़
सां×२ नी धा नी धा पा मा पा मा गा

आ र
रे सा : तू है परवर.....

नोट—यह सलामी बहुत से ऐक्टर मिलकर गाया करते हैं और जभी गायन में कुछ आनन्द आता है आवाज़ खूब गूँजती है यह तर्ज़ ठा में अच्छी बजेगी—

लय व लहजा—मर्दानी या जनानी आवाज़—ज़ोरदार अलफ़ाज़ दुज़ानूं होकर गाई जाती है—
महल व मौक़ा—जंगल या सुनसान मकान—ईश्वर की याद में मस्त होकर रागिनी अलापनी चाहिये—

नंबर (२)

ध्वनि मालकौंस—ताल क़व्वाली—लयदर्मियानी—वक़्त दोपहर—तर्ज़ " तरह तरह की मिठाई खिलाई "

तीसरासीन पहिला अध्याय

गाना मज़ाक़िया

तमाशा " अख़्तर हिन्द "

अंगरेज़ी तर्ज़—

(१) पुलाव मुतंजन हलुवासोहन नानवही तफ़्तन वाह वा वाह हेलवान सालन कलिया कुन्दन खाऊं तन तन वाह वा वाह-तरह तरह की हो वरयानी पराठे शीरमाल बाक़रख़ानी मारूं फोड़ूं शिरको तोड़ूं किसे थप्पड़ किसे घूंसा वाह वा वाह

पहिला सप्तक							दर्मियानी सप्तक							
						* नी			ग					
०	०	०	०	०	०	०	सा	०	०	मा	०	०	०	

पुलाव — * धा×२   मुतंजन — सा×३   हलुवा — * +नी×२   सोहन — * गा×२

नान वही तफ़्तन	वाह	वाह	वाह
मा×४.	गा*	सा	+नी..*

नोट–शेष सब पद उपरोक्त ढंग पर बजैंगे बहुत शीघ्रता नहीं करनी चाहिये दर्मियानी चाल अच्छी रहैगी–

लब व लहजा–मर्दाना पार्ट–ज़ोरदार अल्फ़ाज़–सम का ख़्याल ज़रूरी है–

महल व मौक़ा–आलम मशर्रत–जोशख़ुशी–हालत बे परवाई हर जगह—

नंबर (२)

ध्वनि पीलू–ताल क़व्वाली–लय दर्मियानी–वक़्त तीसरा पहर–तर्ज़–" जावो जी जावो किसनःदान "–

पहिला अध्याय आख़िरी सीन–दो परियों का आना–राजा हरिश्चन्द्र से शादी का इसरार–राजा का इन्कार–गाना परी का–

हरिश्चन्द्र

तर्ज़ अंगरेज़ी–

(१) जावो जी जावो बड़े दान के दिलानेवाले–

(२) दिलको दुखानेवाले–हमको जलानेवाले–पापी बन जानेवाले–धर्मी कहलानेवाले–

(३) ज़ालिम जल्लाद बन के सफ़्फ़ाकी दिखलानेवाले–जावोजी जावो०–

(४) (दोहा) राजा को आज यहां झूठा बेईमान देखा।
ऊँची दूकान में फीका ही पकवान देखा॥

(५) पापी हत्यारे जारे–निर्दई नाकारे कारे–कपटी मतवारे न्यारे–दिलको हमारे मारे मारे–

(६) क्या जल्लादी-क्या बरबादी-क्या सय्यादी-क्या बेदादी ओ ज़ालिम तरसाने वाले जावो जी जावो बड़े दान के दिलाने वाले—

पहिला सप्तक							दर्मियानी सप्तक						
०	०	०	०	०	०	०	सा	रे	मा	पा	धा	नी	सां

(१) जावो जी / गा※मा. — जाव बड़ / पा. धा — ये / पा — दान / मा. धा※ — के / पा — दि / मा. — ला / गा※ — ने

वाले / सा×२ ⁘

(२) दिल / गा※. — को / रे — दु / गा※ — खा / सा — ने / रे. — वा / +नी※ — ले / सा. ⁘

(३) ज़ालिम जल्ला / नी×३ — द / सां. — बन / नी — के / धा. — सफ़ / पा — फ़ा / मा — की / धा. — दिख / पा

ला / मा — ने / गा※ — वा / रे — ले / सा. ⁘

(४) राजा को आज यहां झू ठा वे ई मान
नी*×३ सां. पा×२ धा. सां. सां नी* धा×३

देखा
पा×२

(५) पा पीहत यारे जारें
धा मा×२ पा×४

(६) क्या जल ला दी क्या बर बा दी क्या सै
पा सां. नी सां. धा नी. धा नी. पा धा.

या दी क्या वे दा दी ओ ज़ा लम तर
पा धा. मा पा. मा पा. रे. मा. धा.* पा

सा ने वा ले*
मा गा.* रे सा..

नोट—प्रत्येक पद नम्बरवार बजाइये बहुत शीघ्रता न करिये—

लव व लहजा—फ़ीमेलपार्ट—नाच सहित (यदि दुगुन करदी जावे) शब्द नाज़ व अन्दाज़ से निकलते रहें—

महल व मौक़ा—दरबार—महल—हर समय—

नंबर (४)

ध्वनि भैरवी–ताल तीन–लय दर्मियानी–समय प्रातःकाल–तर्ज़–" तोरी नज़रिया पै जान आज वारियां"

पहिला अध्याय

४ सीन

चन्द शराबियों को शराब की तारीफ़ में गाना–

लैली उर्फ़ सितारह मंगरेलिया–

तर्ज़ अंग्रेज़ी

(१) भर के पिला दे शराब यार साक़िया–

(२) घोड़े सवार हूं–चौड़ी वरदार हूं–कोड़े फटकार हूं–भरके पिलादे शराब.....

(३) ऐसी रंगीन खेज़ हो–दिल जिसमें सब का तेज़ हो–जादू भरा हो चश्ममें और तन में– ख़ून आमेज़ हो ः

थोड़ी सी और है शीशे में साक़िया–भरके पिलादे शराब–

(दोहा) ताल नदारद–तबला बन्द–

(४) मय होवे कुंज बाग़ हो साक़ी हो माहेवश–कोई मुख़िल न हो वहां बायस हिजाब का–

गर्दन में हाथ डाल के वह शोख़ वे हिज़ाब–मुहँ से लगा दे मेरे प्याला शराब का–

(तबला शुरूअ़) शबाब हो क़बाब हो और शैर हो फिरा-किया–भरके पिलादे शराब......

दर्मियानी सप्तक								तीसरा सप्तक					
	गा		मा	धा	नी		रें	गीं					
०	०	०	मा	०	०	०	सां	०	०	मां	०	०	०

(१) भर के पि लादे श राब या र साक़िया ∴
मा नी*×२ धा*×३ मा*×३ मा गा* मा×२.

(२) घोड़े सब आर हूं चौड़ी बर दार हूं ∴ भरके
गा *×३ मा×२. मा*×२. धा* मा.* मा.

पिलादे शराब यार साक़िया—.

नंबर (१)

(३) ऐसी रँगी ली खे ज़ हो दिल जिस
सां × ४. मा.. गा* रें* सां मा.. गा*
से सब का ते ज़ हो जा दू
रें सां मा. गा* रें* सां. रें* सां
भरा हो चश म में और दिल में खून
नी*×२ सां. नी* धा*×२ नी.* धा* * मा मा
आ मेज़ हो ∴
गा* मा× ३

—

थोड़ी सी और है शीशेमें (नं० १) साक़िया (४) तबला बंद (दोहा)

मय होवे कुंजबाग़ हो साक़ी हो माह वश आ आ
सा×१३ मा॰ गा॰ रे॰

आ आ आ आ आ कोई मुश्किल न हो वहां बा
सा॰ नी॰ धा॰ *मा॰ मा धा × * ६

यस हि ज आ व का :
नी धा मा मा गा* मा

गर्दन में हाथ डाल के वह शोखवे हि ज आ
सा × १३ नी* सा रे*

व मुँह से लगादे मेरे प्याला
सा —नी*धा*मा—*गा—*मा (वहुतजल्द) मा×*६

शर आब का :
धा* मा मा गा मा

शराब हो कबाब हो और शैर हों फ़िराक़िया॰:॰ (व वज़न फिरके पिलावे) + फिर पहिले से वजाओ—

नोट—इस तर्ज़ को कठिन न समझिये यह बहुत सुगम है गले-बाज़ी का काम है हाथ की तैयारी आवश्यक है एक टुकड़े को पांच पांच बार वजावो—जिसमें अच्छी तरह समझ में आजावे—

लव व लहजा—मिस्ल शराबियोंके झूमते हुये नशेमें गाना—

महल व मौक़ा—दूकान शराब आलम वेहोशी तारी—नशे में बदहोश—

नंबर (५)

ध्वनि बरवा–ताल कहरवा–लय चढ़ी या दुगुन–वक़्त दोपहर तर्ज़–"ऐसी रँगीली"

दूसरा अध्याय

३ सीन

रेलगाड़ी की तारीफ़ में गाना–

फ़िसानअजायब उर्फ़ खुरशेद ज़रनिगार

तर्ज़ अँगरेज़ी–

(१) धुयें की गाड़ी उड़ाये लिये जाय–

(२) पैसे का लोभी फिरँगियारे बाबू–धुयेंकी गाड़ी उड़ाये लिये जाय–

(३) भक ! भक !! धुयेंकी गाड़ी–

(४) ज़ात नहीं देखे जमात नहीं देखे–एकदमही सबको बिठाये लिये जाय–

भक ! भक !! भक !!! धुयेंकी गाड़ी हिन्दू मुसल्मान भंगी चमार से–टिकट के रुपये गिनाये लिये जाय–

टिली ली लीलीभर ! धुयेंकी गाड़ी–

दिल्ली शहर से चले जो मुसाफ़िर–बम्बई कलकत्ता भगाये लिये जाय–

अरा रा रा रा र र ! धुयें की गाड़ी...

भक-भक-भक

दर्मियानी सप्तक								तीसरा सप्तक						
		गा				नी			रें		गां			
सा	०	०	मा	पा	०	०	०	०	०	सां	०	०	०	

(१) धु / सा •• — यें / गा* — की / •मा — गाड़ी / पा×२ — उ / मा — ड़ाये / गा — लि / मा — ये / पा — जा / मा — य / गा •• ⁝

(२) पैसे का लो / सां × ४ — भी / नी * — फिर / •धा — क्रि / *नी — या / सा — रे / पा — बा बू / मा गा*•• ⁝

धुयें की—

(३) ज़ा / पा — त / धा * — न / पा — हीं देखे जमा / नी * × ६ — त न / गा *×२ — हीं / रें * — दे / सां — खे / नी ×•• ⁝

(४) भक-भक-भक / गा * × ५ (अरा रा रा र र-टिली ली ली झर-)

हम वज़न—

नंबर (४)

गायन के पहिले मिसरे नं० ३ के ढंग पर और दूसरे मिसरे नं० (१) के ढंग पर वजैंगे-ध्यान करके बजावो—

लब व लहजा–मर्दाना पार्ट–तेज़ आवाज़–हर एक शब्द ज़बान से जल्द निकले–रुकावट बिल्कुल न हो–जोशमें आकर इधर उधर फिरना–

महल व मौक़ा–स्टेशन–गाड़ी का इन्तज़ार–जल्दी जल्दी क़दम बढ़ाना–

नोट–सम की जगह बहुत सफ़ाई से पार करनी चाहिये नहीं तो गायन निरानन्द रहेगी–

नंबर (६)

ध्वनि ज़िला–ताल झँझौटी–कहरवा–लय चढ़ी–वक्र हर वक्र–

तर्ज़–" मारो मारो पीटो पीटो "

अध्याय दूसरा

सीन चौथा

नौजवां का मार खाना–शोर मचाना–वाय वैला करना–सवाल व जवाब–

तर्ज़ अंगरेज़ी नं० २

(१) लो घेरो–घेरो–पीटो–पीटो–सीधा हो मुवा–
अब छोड़ो छोड़ो भैया–मुझको जाने दो बुवा–
अरे पीटो ज़री पीटो अभी पीटो सभी पीटो–
लगे जूता लगे जूता लगे जूता लगे जूता–
भला खाला बहुत अच्छा मैं लेलूंगा. यह सब बदला–
जब दाऊँ पाऊँगा तो सबको नाच नचाऊँगा–

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
					नी		रे						
०	०	०	मा	पा	धा	०	सां	०	०	०	०	०	०

लो	घे	रो	घे	रो	पी	टो	पी	टो	सी
मा	धा	नी ※	धा	नी ※	सा॑	रे॑ ※	सा॑	रे॑ ※	सा॑

धा	हो	मु	वा
नी ※	धा	पा	मा ··

नोट—शेप सब मिसरे ऊपरी ढंगसे बजेंगे यह ढंग बहुतही सुगम है शिक्षक को ऐसी छोटी छोटी चीज़ोंपर खूब हाथ चलाना चाहिये जिसमें आगे कठिन चीज़ैं सुगमता से बजासकें—

लब व लहजा—मर्दाना और ज़नानापार्ट—गायनमें जहां ज़नाना पार्ट है गाने के समय वह पद गला बदलकर बोलना चाहिये—इस तर्ज़ को जितना जल्द बजावोगे उतनाही आनन्द अधिक आवेगा—

महल व मौक़ा—सवाल व जवाब—मारपीट—बाग़ में महल

नंबर (७)

ध्वनि पहाड़ी-ताल क़हरवा-वक़्त सुबह-लय चढ़ी-
तर्ज़-" देखो करके ख़याल क्या क्या कमाल "

अध्याय दूसरा

सीन पहिला

रास्ता गुलाम दस्तगीर का अपने इरादे में कामयाब होकर गाना-

जौहर शमशेर उर्फ़ क़त्ल बे नज़ीर-

तर्ज़ अंगरेज़ी (१)

(१) हुआ हासिल विसाल-बलेजी है न ढाल-नयादिल को मलाल-करूं क्या मैं बयान-

(२) करूं जानी पै जौर-नहीं अच्छा ये तौर-पड़े मुश्किल कुछ और-बुरा है यह गुमान-

वह है नाज़ुक दिमाग़-कहीं देवे न दाग़-होवे न ठंढा चिराग़-मेरे दिलका यहां-

कभी होकर बेज़ार-यहांसे होवे फ़िरार-मेरी मट्टी हो ख़्वार-उसे पाऊं कहां-

है वह नाज़ुक सनम-कहीं देवे न दम-देखूं मुल्के अदम-हाय मेरे सुजान-

छोड़ूं सख़्ती की चाल-कोई फैलाऊं जाल-उसे फंदे में डाल-करूं ताबे फ़रमां-

(ज़वानी)

यह सब कुछ हुवा मगर बेलुत्फ़ी के साथ

दर्मियानी सप्तक तीसरा सप्तक

	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सां	रें

(१) हुआ हासिल विसालबल्ले जीहेनद हाल न था
सा ×७ नी×३ धा. धा नी
दिल को म लाल करूं क्यामें च गान ः
सा. रे सा नी. धा×२. पा×२. मा. गा..

(२) करूं जानी पै जोर न हीं अच्छा ये तौर
गा×२ धा×४. नी. धा पा×४.
पड़े मुश्किल कुछ और बुरा हैये
रे×२ गा×२. मा पा. धा×२ पा×२.

गु मान ः
मा गा..

नोट—यह तर्ज़ बहुत जल्दी जल्दी बजाना चाहिये—नम्बर (१) के ढंगपर पहिले पद और नम्बर (२) के ढंग पर गायन के दूसरे पद बजैंगे—

लब व लहजा—मर्दाना पार्ट—ज़ोरदार आवाज़—तेज़ी से चलते हुये—जोश मसर्रत में मस्त होकर—

महल व मौक़ा—बाज़ार—रास्ता—शहराह कामियानी का मुन्तज़िर—

ध्वनि पीलू–ताल तीन–वक्त दोपहर–तीसरा पहर–लय चढी–या दुगुन–

तर्ज़–"ऐसा धोखा देनेवाले"

अध्याय दूसरा
सीन दसवां

मकान ग़ुलाम दस्तगीरका नज़ीरखांकी ग़ैरहाज़िरी से ग़ुस्सा होकर जोश में गाना–

तर्ज़ अंगरेज़ी (३)

(१) पड़गये मक्कारों से पाले–जानों जानों के हैं लाले–

(२) पहिंचानी हुशियारी तेरी–सब जानी अय्यारी तेरी–हमने यह मक्कारी तेरी–ग़ैरोंसेहै यारी तेरी–पड़गये मक्कारोंसे पाले–

(३) करके आप तोड़े काफ़िर पावे पशेमानी पशेमानी–दम बाज़ी का सदक़ः है लोहो पानी लोहो पानी–

(४) हमसे भी तो या वह गई–दुश्मन बनकर की दिल जोई–खान्दान की इज़्ज़त खोई–अब वह बचसकी है कोई–पड़गये मक्कारों से पाले–

(५) यों तो पहिलेही से उसकी आदत को पहिंचाने था पहिंचाने था लेकिन इतनी झूठी लंतरी कब माने था कब माने था–

(६) लानत है उसकी सूरतपर–लानत उसकी उल्फ़तपर–लानत है उसपर लानत–

(७) ऐसी चपला है चंचल–खेला मुझसे भी तू छल–ज़रा आवे तू असफ़ल–कैसे तोड़ूंगा काकुल–

(८) आई साई देनेवाले बनके कैसे भोले भाले–पड़गये मक्कारों से पाले–

पहिला सप्तक							दर्मियानी सप्तक								तीसरा सप्तक
								गा			धा	नी			
०	०	०	०	०	०	०	नी+	सा	रे	०	मा	पा	धा	०	सा

(१) पड़ गये म का नों से पा ले
सा नी+ सा रे गा* रे गा* मा

जा नों जा, नों के हैं लाले .:.
पा मा गा* मा गा * रे सा×२.

(२) पहिचानी हो शि यारीतेरी .:.
सा×४. रे. नी+ सा×४

(३) करके आप तोड़ेकाफिर पाते पशेमानी पशेमा नी
सा×३ *गा×१३ (तेज़ी से बजाओ) गा

दमबाज़ीका सदकः है लो हो पानी लो
रे×७(तेज़ीसे बजाओ) गा* रे सा×२ रे

हो पानी .:.
नी+ सा×२

(४) हम से भी तो या वह गई .:.
पा मा पा मा गा रे सा.

(५) योंतो
सा×२
पहिलेही से उसकी आदत को पहिचाने था पहिचाने
नी※×७ (जल्द बजावो) पा नी※×७
था लेकिन इतनी झूठी लन तरी कवमाने था
सां धा×६ नी※ धा पा×४ धा
कव माने था ⁝
मा पा×३
(६) लानत उस की सूरतपर ⁝
पा×२ धा मा पा×४.
(७) ऐसी चपला है चम चल ⁝ खेला मुझे भी
नी※×४ धा नी सां. सां×२ नी※×२ धा
तू छल ⁝ ज़रा आ वेतो अ स्फल ⁝
नी※ सां. सा ×२ नी※ धा×२ नी※ सां
कैसे तोहूं गा का कुल ⁝
सां×२ नी※ ×२. मा नी सा.
(८) आये साईं देने वा ले वन के कैसे भो ले
धा ※ × ५— पा धा पा गा मा गा※ रे
भाले ⁝
सा×२..

नोट—प्रत्येक नम्बर को मिलाकर बजावो—वज़न का ध्यान रक्खो. इस तर्ज़ को जितनी जल्दी बजाना चाहो बजा सकते हो बहुत अच्छी मालूम होगी—

लव व लहजा—जबान कैंची की तरह चलती रहे—सम की जगह पर शब्द को ज़ोर से कहिये—सब शरीर हिलता रहे—मर्दानी आवाज़ पुरजोश

ध्वनि कौंसिया–ताल कव्वाली–लय द्रुतगामी–वक्र) हर वक्र–

तर्ज–" तेरी बातें हैं प्यारी "

अध्याय पहिला

सीन पांचवां

सलीम और हसीना की आशक़ाना गुफ़्तगू–दोनों का गाना–

तमाशा असीरहिर्स

तर्ज़ अंगरेज़ी

(१) तोरी छलबल है प्यारी तोरी कलबल है न्यारी करो घातें न मोसे सँवरिया जान–

तोरी जुल्फें हैं काली तोरे गालों पै लाली तोरी नैनों की लागी कटरिया जान–

(२) जावो जावो नादान हमें न बनावो जान–नैनों से नैना मिलावो मोरी जान–

ज़रा सीने से सीना मिलावो मोरी जान–

(३) (अ) चलो छोड़ो जी हाथ–नहीं होगी यह बात–करो औरों से घात–

(ब) ऐ, जी वाह वाह वा–वाह वाह वा–वाह वाह वा, तोरी छलबल....*

पहिला सप्तक							दर्मियानी सप्तक						
				*	*	*							
०	०	०	०	पा	धा	नी	सा	रे	गा	मा	पा	०	०

(१) तो री छलबल है प्यारी तो री कलबलहैप्यारी
.सा रे गा × ५, .मा गा रे × ५
क रो बातें न मो से सँ व रि या जान
.गा रे सा × . ४ रे . सा नी धा नी . सा ..
(२) (अ) आ वो आ वो नादान मोसे न ब
पा– धा + पा+ सा +नी×२ सा× ३ रे
नावो जान
सा. नी+
(ब) नैनों से नै ना मि ला वो मो री जान
मा × ४ पा . मा गा रे सा रे गा ..
(३) (अ) चलो छोड़ो जी हाथ न हीं होगी यह बात
गा × ६ . .मा गा रे × ४
कर व औरों से घात
गा रे सा × ४
(३) (ब) ऐ जी वा ह वा ह वा वाह वाह वाह
सा रे मा रे सा रे गा सा रे सा ..
वाह वाह वाह
नी+ धा+ +नी सा .
तोरी छलबल...पहिले से बजावो

नोट—यह प्रश्नोत्तर का गाना स्त्री पुरुष का है इस कारण जहां स्त्री उत्तर देती है वहां गानेवाले को अपना गला बदल कर स्त्रीकीसी आवाज करलेना चाहिये अपूर्व आनन्द आयेगा—

लय व लहजा—मर्दाना और जनानापार्ट दोनों इस ढंगमें अदाकिये जावेंगे—औरत का पार्ट नाज़ो अन्दाज़ से भरा होगा और मर्दानापार्ट मुहब्बताना बेसबरी का पहलू लिये हुये होगा—

महल व मौक़ा—ख़ालीमकान—खुशी का वक़्त

नंबर (१०)

ध्वनि विहाग—ताल दादरा—लय चढ़ी—वक़्त शाम व रात

तर्ज़—" अगेन अगेन एंड अगेन "

तीसरा अध्याय

सीन तीसरा

फुलफुलका अपनी दोनों बीबियों से जूते खाना और तोबा तिल्ला करना—

तमाशा जाम जमशेद उर्फ़ जाम जहांनुमा

तर्ज़ अंगरेज़ी

(१) पनाह ! पनाह खुदा की पनाह

(२) की औरत पै औरत उठा इतनी अज़ीयत गया मर खुदा की पनाह—

निकाह ! निकाह ! हुआ जब निकाह—

तब औरत ने डांटा—कि ला दाल आटा चले घर खुदा की पनाह—

शादी ! शादी ! जो हुई दूसरी शादी—

मिली उसकी दादी–दुहाई, मचादी सरासर खुदाकी पनाह–
पनाह ! पनाह ! खुदा की पनाह–

इधर इसने खींचा–उधर उसने ईंचा फटा शिर खुदाकी पनाह–
पनाह ! खुदा की पनाह–

दर्मियानी सप्तक

(१) (अ) प नाह प नाह खु दा की प नाह
सा मा. सा मा सा मा गा रे सा..

(ब) प नाह प नाह खु दा की प नाह
सा मा. सा मा. सा मा गा मा पा..

(२) की औरत पै औरत उ ठा इतनी अज़ीयत गा या
.मा ..धा×५ .पा ..नी×५ .पा धा

मर खु दा की प नाह फिर पहिलेसे बजावो–
पा. मा गा रे. गा मा.

नोट–नंबर १ (अ) शुरूअ में बजाना चाहिये और जब नंबर (१) को नंबर (२) यानी अन्तरे से मिलाना चाहो तो नंबर १ (ब) में बजावो—

नंबर २ की तर्ज़ पर आगे अन्तरे बजेंगे +

लब व लहजा—मर्दानापार्ट में जोरदार अल्फाज अदा किये जावेंगे गानेवाला दोनों बाजुओं की तरफ़ झुकता रहेगा यह तर्ज़ जल्दी जल्दी बजेगी—

महल व मौक़ा—मकान—दो बीवियों के बीच में मियां खड़े हुये खुदा से पनाह मांग रहे हैं—

भूमिका

आहा ! क्याही आनन्द भरा सीन दृष्टि आरहा है थियेटर वाले भी कमाल करते हैं-तुरन्तही जंगलका महल और महल का बाग़ बनादेते हैं अजी यही नहीं और भी सितम करते हैं कि भूतकाल का चित्र आन की आन में ज्यों का त्यों बना कर दिखला देते हैं आश्चर्य तो तब होता है कि जब ऐक्ट भी जैसा चाहिये वैसाही ठीक और मुनासिब ढंगपर किया जाता है जिससे देखनेवाले को यह ज्ञान नहीं होसक्ता है कि यह असल है या नक़ल-कम उम्र और गुलगूना लगाये हुये ऐक्टर अपनी ज़र्क़ वर्क़ पोशाकों में ऐसे दिखलाई देते हैं जैसे सितारे भूमिपर इतराये हुये धीरे धीरे चल रहे हैं उनका गाना और नाज़ो अन्दाज़ से नाचना इन्द्र के अखाड़े का समां बांध देता है थियेटर हाल में इधर ड्रापसीन उठा उधर दर्शकों के मुख प्रसन्नता से गुलाब के फूल की तरह खिलगये-मजाल क्या है कि दृष्टि सामने से हटजाये जबतक ऐक्टर सुरीली तान और शातिर बयानी से काम करता रहता है-सब दर्शकों के मुखोंपर चुपकी की मुहर लगी रहती है ऐक्टर का बताना-छोटी उम्रके लड़कों का मस्ताना झूम झूम के चलना-इधर हरियाली का चमकना दमकना यदि सच पूछिये तो सब के चित्तों पर चुम्बक पत्थर कासा असर करता है-

भारतवर्ष के प्रत्येक भाग में थियेट्रिकल कम्पनी के चर्चे रहते हैं-ऐसा कोई शहर नहीं है जहाँ इसके चाहने वाले दृष्टि न आते हों मतलब कि इसकी धूम खूब ज़ोरोंपर है हर गली कूचों में

थियेट्रिकल तर्जोंकी आवाज गूंजती है नाचने गाने की महफिलों में थियेटर की चीज की फर्मायश जरूर होती है हर हालत में थियेटर पसन्दगी की नजर से देखा जाता है जबकि "रिकार्डिंगमेटर" से भरे हों।

इस भाग में हिन्दोस्तानकी बड़ी मशहूर कम्पनी "इंडियन इम्पीरियल थियेट्रिकल कम्पनी" के लाभदायक ड्रामोंके अच्छे अच्छे गायन लिखे गये हैं और सरलभाषा व मनभावनी तर्जों से संग्रह किया है जिससे अल्पज्ञ भी सुगमतासे प्रत्येक गायन को वजा सकता है—

आजतक इस फेशन की कोई किताब मेरी दृष्टि नहीं पड़ी और न किसी गुरुने इस ओर ध्यान किया कदाचित् सावकाश न हो या कठिन समझकर हियाव हार बैठे हों शुभचिन्तक ने इस कठिनता को सुगम करादिया है और बहुत दिनों का परीक्षा से जो मुझे बहुधा कम्पनियोंमें रहने से ज्ञात हुआ है इस पुस्तक को रचा है जिससे मुझको आशा है कि हारमोनियम शिक्षकों के लिये और मुख्य कर थियेटर के शौकीनों के लिये इससे बहुत कुछ लाभ मिलेगा—

इंडियन इम्पीरियल थियेट्रिकल कम्पनी

यह मख्यात कम्पनी सन् १८८२ ईसवी में जनाब हाफ़िज़ मुहम्मद अब्दुल्ला साहब रईस चितौरह ज़िला फतेहपुर युक्तप्रदेश ने स्थापित की थी और इस बेनज़ीर कम्पनी के सरपरस्त अली जनाब मुअल्ला अलक़ाब सिद्धि श्री महाराजाधिराज श्री राजा सवाई रईसुद्दौला सिपहदारुल्मुल्क सरआमद राजा हायहिन्द श्री सवाई महाराज राना निहालसिंह लोकेन्द्र बहादुर दिलेरजंगजी देव—यम. सी. आई. यच., धौलपुराधीश हुये थे—

उक्त हाफ़िज़जी ने पचास ड्रामे के क़रीब अपनी कम्पनी के लिये स्वयं बनाये थे जोकि सबके पसन्द हुये कि बच्चा बच्चा आपही के बनाये हुये गायन अलापता हुवा दिखाई देता है सैकड़ों थियेट्रिकल कम्पनियां आपकेही बनाये हुये ड्रामों से तमाशा करती हैं और हज़ारों ऐक्टरों का इन्हीं की बदौलत रोज़गार चलता है उक्त हाफ़िज़ साहब का नाम सदैव जीवित रहेगा क्योंकि हिन्दोस्तानियों के दिलों पर आपके गुण भरे और फल देनेवाले ड्रामों का असर बखूबी हो चुका है—

उक्त हाफ़िज़ साहब के शिष्य रशीद मिर्ज़ा नज़ीरबेग साहब ने भी अपने गुरु का ढंग अंगीकार किया है और आज तक तीस चालीस ड्रामे तैयार कर चुके हैं जोकि वास्तव में प्रशंसा योग्य हैं—

उन सब में से हरिश्चन्द्र का ड्रामा बहुत अच्छा है इसकी प्रशंसा करने के लिये कोई उत्तम शब्द नहीं मिलता कि जिससे उसकी धूमधाम प्रकट होसके—संस्कृत के शब्दों को ऐसे स्थान पर लाना वास्तव में एक होनहार ड्रामा देखनेवाले का

काम है इसके समक्षमें और कम्पनियों ने भी ड्रामे बनाये हैं परन्तु उनका विषय भद्दा, ढंग फीका-मिर्जा साहब के बनाये हुये ड्रामे का प्लाट बहुतही बढ़िया है और उसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता कारण यह कि यदि कोई पुरुष स्टेज पर तमाशा न देखसके केवल एकबार सरसरी तौर पर पढ़ही जावे तो वह बिना आंसू टपकाये न रहसकेगा यह बात हर एक में नहीं पाई जाती-अपने शौक़ीनों के चित्त विनोदार्थ उपरोक्त दोनों महाशयों के मख्यात ड्रामों में से कुछेक अच्छी तर्जें और सुगम इस पुस्तक में लिखी गयी हैं जोकि अपने आप में निराली हैं—

ताल और तबला

पाठक ! ताल और तबलेसे भी कुछ बोध रखना हारमोनियम-शिक्षक को अनुचित न होगा यहां पर कुछ नोट लिखे जाते हैं-ब्योरेवार हाल जानने के लिये "हारमोनियममास्टर बारहवां भाग" देखिये—

ताल

थियेट्रिकल चीज़ों के बजाने में ताल का ध्यान रखना परमावश्यक है नहीं तो कुछ समां न बँधेगी कारण कि बहुधा ऐक्टर ताल पर काम करते हैं-यदि ताल में कुछ खराबी आवेगी तो गायन खराब हो जावेगी और ऐक्ट भी निरानन्द होजावेगा-इससे हारमोनियम के सीखनेवाले को चाहिये कि वह ताल को मुख्य समझे और बड़ी सावधानी से बजावे-

तबला

कोई कोई अभिमानी तबलची कहा करते हैं कि तबले को

देखकर हारमोनियस्ट बजावे और तबले का ध्यान रक्खे यदि इन से पूछा जावे कि क्या गानेवाले के गलेके साथ तबला चल सकता है तो अवश्य है कि निषेध में उत्तर देंगे फिर जाना नहीं जाता कि आंखों और कानों पर पट्टी बांध कर यह तबलची ऐसा शब्द क्यों जिह्वा से उच्चारण करते हैं जोकि गानविद्या के बिल्कुलही विरुद्ध है-महाशयो ! सदैव स्मरण रखिये कि हारमोनियम केवल गानेवाले का साथ देगा तबले वाले का नहीं-यदि तबला लयसे आगे या पीछे हो जावे या हारमोनियस्ट तबले से पृथक् काम करता हो तो दोनों दशाओं में तबलची दोषभागी है कारण कि हारमोनियम या सितार सारंगी आदि का काम गानेवाले का साथ देता है और इनको देखकर मंजीरे, चंग, मृदंग, तबला, डफ आदि अपना काम करते हैं इससे हारमोनियम तबले के आधीन नहीं किन्तु तबला हारमोनियम के आधीन है और होना चाहिये—

कुछ आवश्यकीय बातें

(१) थियेट्रिकल गायन के बजाने में हाथ की उँगलियों को भले प्रकार तैयार करना पड़ता है इसलिये जब हाथ खूब तैयार हो जावे तब यह गाइड प्रारम्भ करनी चाहिये-

(२) सदैव अँगरेज़ी तर्ज़ें जल्दी बजाई जाती हैं परन्तु सीखनेवाले को चाहिये कि प्रारम्भ में चाल धीमी रक्खे और धीरे धीरे लय बढ़ाता जाय-यदि प्रारम्भही में तेज़ी से काम लिया जावेगा तो तर्ज़ खराब हो जावेगी-

(३) अँगरेज़ी तर्ज़ों में केवल जीभ चला करती है गलेबाज़ी का काम बहुत कम होता है इसकारण सीखनेवाले को चाहिये कि हारमोनियम में बोल साफ़ साफ़ निकालता रहे नहीं तो वह आनन्द न रहेगा-जैसे जीभ कतरनी की तरह चलती है

वैसेही हारमोनियम पर उँगलियां पदों की आवाज़ काटती रहें—

(४) गाने के समय स्त्री और पुरुष के पार्ट को पृथक् पृथक् कहो—यह आवाज़ बदलने से भले प्रकार ज्ञात होसकती है और गानेवाला जभी " परफेक्ट ऐक्टर " कहला सकता है—

(५) यदि सम्भव हो तो किसी ऐक्टर से उस गायन को एक बार अवश्य सुन लो जो तुम हारमोनियम में बजानी चाहते हो तो बहुतही सुगमता होगी और जल्द सीख जावेगे नहीं यह किताबही आपको एक होनहार ऐक्टर का काम देगी—

शिक्षायें

(१) थियेट्रिकल चीजें गाने के लिये आवश्यकतानुसार लय व लहजा बदलना पड़ता है नहीं तो गायन में मन न लगेगा—

(२) जबतक एक चीज़ ठीक न हो दूसरी प्रारम्भ न करो—

(३) हारमोनियम की ओर बहुत कम देखा करो देखकर बजाना ठीक नहीं—स्वरों की आवाज़ पहिचानो और उनके उतार चढ़ाव का ध्यान रखकर उँगलियां चलाओ कभी नैराश्यता का मुख न देखोगे किन्तु प्रत्येक स्थान में सहायता मिलेगी—

(४) तबला और मंजीरा या चंग हारमोनियम के साथ बजैगा तो बजाने वाले का हाथ बहुत जल्द चालू होगा और ताल का भी ज्ञान हो जावेगा—

(५) किसी दूसरे को देखकर ईर्षा कदापि न करना चाहिये किन्तु अपने से अधिक जानने वाले से कुछ प्राप्त करने का उपाय करना चाहिये क्योंकि यह विद्या समुद्र के समान है प्रत्येक मनुष्य को पूरा गुरु होजाना यह असम्भव है अलबत्ता परिश्रम करना अपना धर्म है—

ग्रंथकर्त्ता

हारमोनियममास्टर।

छठा भाग।

पहिला ऐक्ट–पहिला सीन–महल चन्द्रसेन–

महल में चन्द्रा की विधवा–सहेलियों का नाच–आनन्द भरा सीन–ध्वनि मिली हुई–ताल अद्धा कहरवा–लय दुगुन–वक़् हर वक़्

तर्ज़–"बेचै प्यारी प्यारी मालिनिया"

(नया)

बालबिधवा विवाह नाटक

नया तमाशा

(बनाया)

प्रोफ़ेसर सोती कृष्णराय क़मर देहलवी ग्रन्थकार

गति–नाच–अंगरेज़ी

सब–(१) चमके प्यारी प्यारी सूरतिया मतवारी–

(२) सूरतिया मतवारी–मूरतिया बलिहारी–चमके प्यारी....

चित्रा–(३) हाल सुनाऊं तुम्हें–खूब शर्माऊं तुम्हें

बातें बताऊं तुम्हें–ऐसा जलाऊं तुम्हें

ऐ दिलदार तुम्हें–दिखलाओ बहार हमें

बनाओ निगार हमें–करलो प्यार हमें

चम्पा–(४) बाल बिधवाकी देखो उमंग–

हमसे ऐसा करो न तुम तंग–

जल्दी शादी का करो तुम ढंग—
वर्ना बिगड़ेगा सारा यह रंग—

कमला—(५) जमे शादी का रंग—निकले दिल की तरंग—
हँसी वाली उमंग—कमर न होगा यह ढंग—
सब—(६) गमख्वारी—लाचारी—बेज़ारी चमके प्यारी....

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
■	गा	■	धा	नी			रे	गा^	■	■	■		
०	०	०	मा	पा	०	०	सा^	रे^	०	मा	०	०	०

नंबर (१) चमके प्या री प्यारी सूर ति या म
गा×*रे पा धा* नी*×४ गा* रे गा*
त वा री
^रे* सा. नी*....

नंबर (२) सूरतिया मतवारी मु र ति या वलि
रे×४ गा×४ .. नी* सा^ मा^ गा* रे*
हा री
सा^ नी*....

नंबर (३) हा ल सु नाऊं तुम्हें ख उ व
गा* पा धा* नी*×५ गा* ^रे
शर मा ऊं तुम्हैं
गा* रे* सा^ नी*×२.

नंबर (४) बा ल विधवा की दे खो उ मंग
गा* मा रे*×४ सां रे गा*..

नंबर (५) ज मे शादी का रंग
गा* मां रे×३ गा×*२..

नंबर (६) ग़ म ख़्वारी ला चा री
गा* मां रे×२. सां नी* धा.
वे ज़ा री
पा सां नी*....

सूचना—यह नाच बहुतही अच्छा है और सरल रीति से हारमोनियम पर बतलाया गया है प्रत्येक टुकड़े नंबर वार बहुत स्वच्छता से बजाने चाहिये—

नंबर ५ को बहुत फुर्ती के साथ बजावो और नंबर ४ को कुछ कमी से बजावो—हाथ हारमोनियम पर से उमंग या रंग कह कर जल्दी से हटा लिया करो तो आनन्द आ जावेगा—

इम्पीरियल थियेट्रिकल कम्पनी जोधपुर

चूं चूं का मुरब्बा

पहिला ऐक्ट—पांचवां सीन—कोह क़ाफ़—पर्दा नम्बर ७—

विश्वामित्र का परियों को हरिश्चन्द्र के दर्बार में भेजना चौबोला-ध्वनि ज़िला झँझौटी-ताल क़व्वाली-वक़ दोपहर-लय टा-

तर्ज़—"राजा हूं मैं क़ौम का इन्दर मेरा नाम"

हरिश्चन्द्र

तमाशा

नम्बर (१) विश्वामित्र जी

ऐ परियो अब जावो तुम हरिश्चन्द्र के पास

नाच दिखाना गाना सुनाना उसको वेतरवास
देवे तुम्हें इनाम जब तो कहना श्री महराज
स्त्री अपनी बना लो हमको तुम अपनी शिरताज

परियां

अच्छा ऋषी जी जाते हैं हम राजा के दरबार
जैसा कहा है तुमने हमसे वही करेंगे कार

(परियों का जाना)

पहिला सप्तक	दूसरा सप्तक	तीसरा सप्तक
नी	नी	
० ० ० ० ० ० ०	सा रे ० मा पा धा ०	सां ० ० ० ० ० ० ०

अन्तरा स्थायी

ऐपरियो अब जावो तुम हरिश चन्द र के पास...
रे × २ सा. रे पा. मा. रे×२ सा रे मा-रे-सा+नी*

देवे तु म्हें इन आम जब तो कहना शर इ
रे×२. मा .पा सां नी* सां. पा × २ .सां नी*

महाराज
धा-नी.*-पा:मा

सूचना—शेष सब गायन उपरोक्त वज़न में बजावो—

(२) जहां तक होसके धीरे धीरे उँगलियां चलावो और ताल का भी ध्यान रक्खो—

(३) यह गाना हाकिमाना लहजे में गाया जाता है और आवाज़ भारी अच्छी रहती है–

(४) परियों के जवाब में आवाज़ बदलनी पड़ती है परिश्रम करना चाहिये–

पहिला ऐक्ट–छठासीन–महल हरिश्चन्द्र–पर्दा नम्बर ६ हरिश्चन्द्र के दरबार में परियों का आना और गाना व नाचना–पंजाबी वज़न-ध्वनि पहाड़ी-ताल कहरवा-हरनङ्ग-लय दर्मियानी–
तर्ज़–"महबूब जानी दे"

परियां

(नाच)

नंबर (२)

महाराज गायें अब हम–फिर नाच नाचें छम छम–हीरों का ताज दम दम–करे शीश ऊपर हरदम–और निगहत भी चमके चम चम–

महाराज....

रैयत यह अब तुम्हारी–तुझसे रहे खुश सारी–यह पुत्र तेरा और नारी–यानी कि प्यारा प्यारी–सुख में सदा रहें बाहम–

महाराज....

विनती नजीर हरि से है-यानी ईश्वर से-दिन रैनि अब पावे-सुख की वर्षा बरसे-महाराज तो मैं झमझम-

महाराज ....

विदूषक-(जवानी) अरे कुछ गाना गाओ और एक एक सुनाओ यह क्या गाती हो (नखरे से) छमछम डमडम झलझम टमटम अड़ ड़ड़ धड़म-

पहिला सप्तक							दूसरा सप्तक						
						नी			गा				
०	०	०	०	०	०	+धा	०	सा	रे	०	मा	पा	धा

महाराज गावें अब हम और
.+धा+नी+सा*. रे *गा रे. सारे सा .. +धा+नी*

नाच नाचें छमछम
सारे .. गा*रे सारे सा ....

हीरों का ताज दमदम कर शीश
गा* मा पा. मा धा पा. मा × २पा. मा × २ गा* × २

ऊपर हरदम और निगहत भी चमके छमछम
मा पा मा × २.. गा*रे* गा मा गा* रे. सा × २. सा × २ रे....

सूचना-शेष सब गायन उपरोक्त नियम से बजावो—

(१) यह नाच बहुत सुगम और प्यारा ज्ञात होता है बड़ा देखकर घवड़ा न जावो किन्तु परिश्रम करके निकालो "लो फूल जानी ले लो" से मिलताहुआ है–

(२) इस गायन में जितना गले से आवाज़ का चक्कर अर्थात् घुमाव निकलेगा उतनाही आनन्द पैदा कर देगा–कम उम्र के लड़कों की आवाज़ ऐसेही गानों में खूब गूंजती है यद्यपि ज़नाना पार्ट और ज़नाना लहजा है तदपि पुरुष भी बहुत स्वच्छता से गायन के बोल काटते हैं–

दूसरा ऐक्ट–पहिला सीन–ड्योढ़ी हरिश्चन्द्र–पर्दा नम्बर ६ विश्वामित्र का ताज व तख़्त लेकर तीनों को निकाल देना–तीनों का गाना और चला जाना—

ग़ज़ल–ध्वनि मांड–ताल परतो–वक़्त तीसरा पहर–लय धीमी–
तर्ज़–"ढूंढेंगे आसमां कोई अब ऐ वहन नया"

हरिश्चन्द्र–तारावती–रोहिताश्वकुँवर

नंबर (३)

सब राज पाट छोड़के जंगल को चलते हैं
सबको सलाम करते हैं घर से निकलते हैं
कुछ राज ताज तख़्त के जाने का ग़म नहीं
लेकिन वचन को अपने नहीं हम बदलते हैं
ऐ अहले बज़्म आख़िरी तुमको सलाम है
अपना वचन निभाने को हम यां से टलते हैं
जो कुछ कहा सुना हो हमारा मुआफ़ हो
हिरदै बरे हमारे वचन से दहलते हैं
(चारों का नक्षत्रा सहित वन की ओर जाना)

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सां	०	०	०	०	०	०

स्थायी

सब्र	गा	जफा	न	छो	ड़	के	ज
सा.	रे.	मा×२..	पा.	धा..	पा.	मा..	.मा

न	गल	को	च	ल	ते	हैं
..पा	गा.	रे	..सा	गा.	रे.	सा....

अन्तरा

कुन्दराज	ताज	तरूतकेजा	ने	का	ग	म	न	हीं
पा× ३	धा×२	सां×८...	नी.	धा.	पा	नी	.धा	पा.....

सूचना—शेष सब पहिले पद अन्तरा के वज़न पर बजेंगे और दूसरे पद स्थायी के नियम से बजेंगे—

(२) यह तर्ज़ बहुतही दुःखमय है जिस समय रागिनी का रूप ज्ञात होता है कलेजा मुहँ को आता है और जिगर टुकड़े टुकड़े हो जाता है—गाने वाले का चित्त प्रसन्न नहीं रहता है और वह इतना असर करनेवाला हो जाता है कि एक घंटे तक चुप होकर सो जाता है जबकि समय का ध्यान रखकर रागिनी गाई जावे—

(३) लब व लहजा मिस्ल सितम रसीदः शख़्स के जैसा होना चाहिये अलबत्ता कलपना नहीं चाहिये—

दूसरा ऐक्ट—दूसरा सीन—जंगल वीराना—पर्दा नम्बर ४
राजा हरिश्चन्द्र का स्त्री, बालक, नक्षत्रा सहित वन की ओर
जाते दृष्टि आना और गाना—

गज़ल—ध्वनि सिन्धुरा—ताल चाचर—वक्त दश बजे दिन—
लय दर्मियानी—

तर्ज़—" फिर आता है हमें किस जा तबीयत का बदल
जाना—

हरिश्चन्द्र—तारावती—रोहिताश्व

नंबर (४)

खिलाता रंग है क्या क्या मुक़द्दर का बदल जाना
कभी खूने जिगर पीना कभी लख़्ते जिगर खाना
यह क्या दिल में फ़लक पीरनाहंजार के आया
छुड़ाया रंज देने को सभी अपना व बेगाना
ऐ ईश्वर कौन पाप हमने किया है पृथ्वी पै जो
फिराता है तू यों हमको छुड़ाकर ताज शाहाना
वचन पर अपने हैं साबिर तु सुन फ़रियाद परमेश्वर
तजा सब ऐश व सुख अपना बसाया आके वीराना
नज़ीर अब मेहर हो हरि की विपति टलजाये जो शिर की
नहीं इस जीने से बेहतर है हमको मौत आ जाना

(नक्षत्रा पण्डित का मुकर करके बैठ जाना)

दूसरा सप्तक						तीसरा सप्तक						
		मा	पा	०	०	सां	रें	०	मां		०	०

स्थायी

खि ला ता र रु हैं क्या क्या मु क़द दर
.मा पा नी.* सां नी.* सां मा. गा..रे * सा नी*

का बदल जाना
धा.* नी*सांनी* धा*पा मा.....

दुवारा स्थायी नी* से प्रारम्भ करनी चाहिये जिसमें अन्तरा के साथ ठीक मिलाव रहे :-

छुड़ाया र झ आगे इसी वज़न पर बजाओ वही पर्दे
नी*×२ सां नी*

आयेंगे

अन्तरा

व चन पर अप ने हैं स आ विर
नी* सां गा* मां गा* धा* पा .गा* मा.

तु सुन फर या द प र म ई श्वर
गा*×२ रे गा* मा पा मा गा* रे सा :

सूचना-शेप सब गायन इसी प्रकार बजेगी यह भी एक अच्छा ढंग है जिसके बजाने से चित्त खुल जाता है-

(२) मर्दाना पार्ट है और दुःखमय आवाज़ में गाई जाती है ऐसी ग़ज़लों की दुगन नहीं होना चाहिये नहीं तो कुछ भी आनन्द न आवेगा-

(३) दर्मियानी लय में ताल देते हुये बजाना चाहिये तो आनन्द भरा सीन दिखाई देगा अन्तरा को कम से कम तीन वार कहना चाहिये—

तीसरा ऐक्ट—पहिला सीन—काशीजी का मन्दिर—पर्दा नंबर ८ काशी जी की स्त्रियों का पूजने को आना और गाना—

ठुमरी—ध्वनि—ईमन कल्याण—ताल—पंजाबी ठेका—वक्त शाम—लय दुगुन—

तर्ज़—"देखो आती हैं सीता जी"

कामिनी मृगनयन चन्द्रावलि

नंबर (५)

तुम्हें पूजन को आई हैं—चेरी तुमरी हूँ—लै फूल व पान और धूप दीपक पूजन........

आरती देखन आई हूं—और सुन्दर चीज़ें लाई हूँ—शिंगरफ़ रोली लौंग सुपारी पूजन........

चावल घी काफूर गरी—चोया चन्दन—सिन्दूर भी—लेके नज़ीर अब पूजा तिहारी— पूजन को आई हैं—

(सबका जाना—राजा हरिश्चन्द्र का आना)

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	०	गा	पा	धा	०	सा	रे	मा	०	०	०	०

स्थायी
तु मैं प ऊ जन को आ आ ई हूं
नी* धा. .नी* .रे सा. नी* .धा .पा धा नी*...

च ण री तु म री हूं
मा .पा धा. गा मा मा. गा*....

(१) लै फूल पान और धूप दीपक
नी*×१२

(२) प ऊ जन को आ आ ई
नी* .रे सा. नी* .धा .पा धा.

अन्तरा
हूं (३) आरती देखन आई हूं औ र सुन दर
नी* नी*×३. सा×३ गा*×४ रे सा रे.

ची जैं ला आ ई हूं (४) शि ग रफ़
गा*. मा गा* .रे .स नी*... रे सा नी.*

सूचना—शिगरफ़—रोली—लौंग—सुपारी यह सब एक वज़न हैं इससे उन्हीं पर्दों पर बजानी चाहिये और हरपर्दे के अन्त में "पूजन को आई हूं" नंबर (२) के अनुसार होगा ध्यान करके बजाना चाहिये—

(२) इस गायन को जबतक दुगुन में न बजावोगे कुछ आनंद न आयेगा—

(३) जल्दी २ उँगलियां चलावो और बोल साफ़ काटते रहो—

दूसरा ऐक्ट–दूसरा सीन–जंगल वीराना–पर्दा नंबर ४

राजा हरिश्चन्द्र का तारावती को बेच डालना–तारावती का विलाप करना और रोते हुये गाना–

ग़ज़ल–ध्वनि सोहनी–तालपश्तो–वक़्त आधीरात–लय धीमी–
तर्ज़–"ख़ार हसरत क़ब्र तक दिल में खटकता जायगा"

रानी तारावती

नंबर (६)

क्या मुसीबत है पड़ी अफ़सोस है अफ़सोस है
है अजल शिर पर खड़ी अफ़सोस है अफ़सोस है
जिस दिन ऐ राजा जी तुमने सपना देखा रातको
कौन सी थी वह घड़ी अफ़सोस है अफ़सोस है
आज इस सुख के चमन में अपने गुल से हाय हाय
छूटती है पंखुड़ी अफ़सोस है अफ़सोस है
एक दिन वह था हज़ारों टहलनी थीं टहल को
या मैं बिकती हूं खड़ी अफ़सोस है अफ़सोस है
आपकी चेरी जुदा होती है स्वामी आपसे
दुख व ग़मकी सिल अड़ी अफ़सोस है अफ़सोस है

(रानी का कलप कलप कर रोना)

दूसरा सप्तक | तीसरा सप्तक

मा ० धा नी सा रे गा मा ०

क्या | यु | गी | बत | है | प | ड़ी | अक़ | ल
मा .. | धा | नी. | सा. | रे. | सा. | नी. | सा. | नी

अक़ | लों | स | है -:-
सा .. | नी×२. | धा.....

जिस | दिन | ऐ | रा | जा | जी | तुमने | सप
सा. | गा×२. | मा. | गा. | रे. | सा×२. | नी.

दे | खा | रात | को :
नी | सा. | नी×२ | धा....

सूचना—उपरोक्त दोनों ढंग अच्छे हैं—जब पहिला ढंग ठीक होजावे तब दूसरे अन्तरा के साथ मिलाकर बजाओ जिस कि रागिनी रंग पकड़ जावे—

(२) यह "वही सोहनी" है जिसके सुनने से और गाने से पत्थर का भी कलेजा पानी पानी हो जाता है—

(३) इस गाने को कलप कलप कर गाना चाहिये—

(४) इसके सुनने से यह ज्ञातहुवा करताहै कि गानेवाला स्वर से रोरहा है—

(५) बहुधा ऐसी चीजें शोकमय उच्चारण से गाईजाती हैं—

नोट—हारमोनियम बजाने में उँगलियां बहुतही चतुरता से और हलकी चाल से लगानी चाहिये कारण कि यह रागिनी अधिक तीक्ष्णता को अंगीकार नहीं करती है—

दूसरा ऐक्ट--दूसरा सीन--जंगल वीराना--पर्दा नम्बर ४
जा हरिश्चन्द्र का रानी तारावती और पुत्र रोहित से
नना और उनको विदा करना—

गज़ल—ध्वनि बरवा—ताल पंजाबी ठेका—वक़ तीसरा पहर—
धीमी—
र्ज़—" प्रीति में तेरी हे परमेश्वर राज को मैं ने छोड़ा है"

राजा हरिश्चन्द्र

नंबर (७)

ा प्यारी तारा हमारी हम से जुदा अब होती है
कर ज़रा मन में सबर ऐ प्यारी किसलिये रानी रोती है
ुत्र रोहित लगजा गले से इकबार अब ऐ प्यारे
दुख की मारी को समझाना माता तेरी जान खोती है
स्त्री बालक दोनों छूटे धर्म रहा क्या जीने का
हे परमेश्वर इस जगत में क्या मौत भी मेरी सोती है
राज गया सब देश छुटा अब स्त्री बालक छुटते हैं
हा विधना इन रोजों तक़दीर मेरी क्या खोटी है
(काशीनरेश का रानी तारावती और रोहित कुँवर को
लेजाना राजा हरिश्चन्द्र का पृथ्वी पर गिरना)

दूसरा सप्तक								
					नी		रे	
०	०	०	०	०	धा	०	सा	०

स्थायी

प्राणप्यारी ता रा ह मारी
मा×५. धा पा. गा मा×२.

दा अब हो ती है
पा मा.. गा. रे*. सा....

अन्तरा

कर जरा म न में सबर पे प्या री किस
रे*×४सा रे* गा.. मा. गा रे* सा. रे*

लि ये रा नी रो ती है
सा नी* धा. नी*. सा रे*.. सा....

सूचना—शेष सब पहिले पद अन्तरा के नियम से और दूसरे पद स्थायी के ढंग पर बजेंगे—ध्यान कर के बजाना चाहिये—

(२) यह ढंग भी शोकमय पहलू लिये हुये है अन्तिम पद अर्थात् स्थायी कहने के समय छाती पर ज़ोर पड़ता है ध्वनि बरवा के गाने वाले कफी बीमारियों से सदैव पाक साफ़ रहते हैं—सुनने से चित्त बहुत प्रसन्न होता है और गाने वालों से सुनने वालों को एक प्रकार का गुप्त प्रेम हो जाता है—

तीसरा ऐक्ट—चौथासीन—बाग़ काशी—पर्दा नंबर ६—रोहित कुँवर का बालकों के साथ फूल चुनना और गाना—लावनी ध्वनि ज़िलाभाग-ताल क़व्वाली-वक्त रात-लय दर्मियानी—तर्ज़—" गुल चमन में विच्छू छिपा बड़ा ज़हरी है "

रोहित कुँवर

नंबर (८)

क्या हरी वरकिश में फूलरही फुलवारी
इस फुलवारी की रंग वरंगी क्यारी
इक हाथ में लाला लिये खड़ा है प्याला
आंखों में जादू भरा मधुर मतवाला
कहीं खिला हुवा है चमन में यह गुललाला
सम्बुल की ज़ुल्फ़ पर बल खाता है काला
बुलबुल बोली भी प्यारी प्यारी
इस फुलवारी की रंग वरंगी क्यारी
कहीं खिला मोतिया कहीं खिला है बेला
कहीं फूल रहा है फुलवारी में केला
कहीं सरो खड़ा इक पांव से भी अलबेला
कहीं फुलवारी में नाचे मोर अकेला
क्या हरी भरी है फूलों से फुलवारी
इस फुलवारी की रंग वरंगी क्यारी

(रोहित कुँवर का फूल चुनना सांपका निकलना)

गणपति

बैत

अरे भाग रोहित यहां से शिताब
यह निकला अरे सांप खाने खराब

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	रे	०	मा	पा	धा	०	सां	रें	गां	पां	०	०	०

स्थायी
साँप ने मुझ को डस लि या हाय सि तम गु ज़ब
रे × ३ मा. पा धा .रें सां ... धा. .पा मा .प धा
सि तम ⁝
.पा मा....

अन्तरा
ज़हर यहां से वहां चढ़ा वहां से यहां त लक व
सां × ३ रें ^ मां × ३.. गां ^ रें ^ सां. रें ^ ^गां. रें ^
दा ⁝
सां...

सूचना—शेष सब पहिले पद अन्तरा के ढंगपर बजेंगे और दूसरे स्थायी के नियम से बजाओ—

(२) उँगली धीरे धीरे चलाओ और पर्दों पर अधिक ज़ोर न दो—

(३) कम से कम इस चीज़ को दशबार बजाओ तब तैयार होगी—

(४) यह गाना शोकमय उच्चारण में गाई जाती है कल्पना भी अच्छा ज्ञात होता है—मर्दानापार्ट में ही गायन आनन्दमय ज्ञात हो सकती है—

तीसरा ऐक्ट—छठासीन—बाग काशी—पर्दा नंवर ६

तारावती का गणपति दिनपति के साथ आना और रोहित की शव देखकर पछाड़ खाना—रोना चिल्लाना—

वे गुनह यार ने मारा मुझे दुश्मन बनकर

उस परी ने लबे गुलरंग पै मिस्सी जो मली

और सिमटा वह दहन गुंचये सोसन बनकर

आज उस गुल का अजब हाल हुआ पीके शराब

चम्पई गाल दमकने लगे कुन्दन बनकर

बाल जो उसने जनाज़े पै मेरे खोल दिये

सबने जाना कि परी आई है जोगिन बनकर

दोस्त जब तक है ख़ुदा कुछ नहीं परवा मोनिस

क्या करेगा कोई हासिद मेरा दुश्मन बनकर

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	गा	मा	पा	धा	नी	साँ	रें	गाँ	माँ	०	०	०

स्थायी

दिल मेरा	ज़ुल	फ़े	सि	या	इस	ग	ईं	न	आ
साँ × ३..	नी.	धा.	रें	साँ.	नी.	धा	पा	धा	पा

गिन	ब	न	कर	
गा..	पा	धा	साँ....	⁝

अन्तरा

उस पर	ईं	ने लबे गुलरंग	पै	मि	स्सी
साँ × ३	..रें	गाँ × ६	रें	गाँ	माँ.

जो म	ली	
गाँ×२. रें	....	⁝

सूचना—शेष सब गज़ल उपरोक्त ढंग पर बजाई जावेगी—

परीक्षा—देखो पृष्ठ (२२)

ध्वनि कल्याण—तालतीन—लय धीमी—वक़्त दोपहर—

तर्ज़—"आई बहार बाग़ में बुलबुल क़फ़स में है"

ग़ज़ल।

जानी लिपट जा सीने से दिल तेरे वश में है

जान मिस्ल अन्दलीब गुलिस्तां क़फ़स में है

छूटेगी किस तरह तू मेरे दाम इश्क़ से

ताक़त कहां फ़रार की पाये मगस में है

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सां	०	०	०	०	०	०

स्थायी

जा	नी	लपट	जा	सीं	ने	ये	स	ये	दि	ल	ते
सा.	रे	रे	गा×२	धा.	पा	.मा	.गा	रे	गा	मा.	गा

रे	वश में	है
रे	सा × २	रे...

अन्तरा

छू	टेगीं	किस	त	रह	तू मेरे	दा	म	इश	क
पा	गा×२	पा	धा	सां	×३.	धा .	नी	सां	नी

से	ये
.धा	पा....

सूचना—सब दूसरे पद स्थायीके नियमसे बजेंगे और अन्तरे के ढंग पर पहिले सब पद कहना चाहिये—

नोट—इस ढंग के गाने में कुछ गले को दबाकर कहना पड़ता है भारी आवाज़ मर्दानी अच्छी होती है—

परीक्षा—इस रागिनी से शान्ति होती है कितनाही क्रोध क्यों न हो इसके सुनने से शीघ्र चला जाता है चित्त जब चलायमान हो अथवा किसी प्रकार की चिन्ता व्यथित किये हो तो धीमी चाल में गाना चाहिये अवश्य ही आराम होगा—

ध्वनि जिला झँझौटी—ताल दादरा—लय दर्मियानी—वक़ सब दिन—

तर्ज़—" मिल मुझसे मुझको सब्र अब ऐ नाज़नीं नहीं "

गज़ल ।

लगजा गले से ताक़त ऐ नाज़नीं नहीं
है है खुदा के वास्ते मत कर नहीं नहीं
सुनता है कौन किससे कहूं दर्द बेकसी
हमदम नहीं है कोई मेरा हमनशीं नहीं

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
•	०	गा	मा	पा	धा	नी	सां	रें	०	०	०	०	०

स्थायी

लगजागलेसे ताक़ त अ ऐ न आ आ
सां × ५ नी × २ धा .. धा ..नी पा ..धा ..पा
ज़ नीं न हीं
.मा गा . मा पा.... :

अन्तरा

सुनता है कौन किस से कहूं दर्द बे क
सां × ५ . रें × २ सां ×२. नी × २ धा . सां
सी
नी.... :

सूचना—अन्तरे के ढंगपर गायन के पहिले पद बजाये जावेंगे और स्थायी के ढंगपर दूसरे पद बजेंगे—

परीक्षा—देखो पृष्ठ (२२)

ध्वनि कल्याण–ताल मुग़ली–लय धीमी–वक़्त शाम–

तर्ज़–" ऐ मेरी जां वफ़ा तुझसे "

ग़ज़ल

कम्तरीन।

ले गया वह दिलरुबा दिल आहे दिल अफ़सोस दिल

यह गया दिल वह गया दिल आहे दिल अफ़सोस दिल

मैं न कहता था परेशां होगा दरे सौदाय ज़ुल्फ़

ऐ गिरफ़्तारे बला दिल आहे दिल अफ़सोस दिल

लगगई किसकी नज़र जो हो गया यों मुज़महेल

था भला चंगा मेरा दिल आहे दिल अफ़सोस दिल

नक़्द को दिल की समझकर आहे उस दिलवर ने आज

बे दरम सस्ता लिया दिल आहे दिल अफ़सोस दिल

मैं न कहता था बुतों से ऐ दिले कमतर न मिल

फिर ख़ुदा की जो रज़ा दिल आहे दिल अफ़सोस दिल

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	०	मा	पा	धा	०	साँ	रें	गाँ	मा	०	०	०

स्थायी

ले	ग	या	वह	दिल रु	बा दिल	आहे	दिल	अफ़
धा.	पा	मा×२.	पा × २.	धा×२.	सां×२	रें.	सां.	

सो	स	दिल
धा.	पा	धा....

अन्तरा

मैं न	कह	ता	था परेशां	हो	गा	ओ
सां ×२	रें	गा.	मा ×४.	गा.	रें	सां

सौ	दा	ये	ज़ुल्फ़	{ आ	आ	आ
रें	गा	रें	सां ...	{ नी	.धा	.पा

आ }
धा ... }

नोट—ब्रैकेट की छोटीसी तान यदि बजैगी तो सम बँध जायगा और यदि न बजसके तो हर्ज नहीं—

सूचना—शेष ग़ज़ल उपरोक्त ढंग पर बजावो—.

परीक्षा—देखो पृष्ठ (३५)

ध्वनि पहाड़ी—ताल क़ौवाली-लय दर्मियानी—वक़्त रुब दिन—

तर्ज़—" और होंगे तेरी महेफ़िल से "

ग़ज़ल

दाग़ ।

आप जिसको हदफ़े तीर नज़र करते हैं

रात दिन हाय जिगर हाय जिगर करते हैं

और क्या दाग़ के अशआर असर करते हैं

गुदगुदी दिलपै हसीनों के मगर करते हैं

ग़ैर के सामने यों होते हैं शिकवये मुझसे

देखते हैं वह इधर बात उधर करते हैं

देखकर दूर से दर्बां ने मुझे ललकारा

न कहा यह कि ठहर जावो ख़बर करते हैं

आपकी ग़ैरों से इशारों में हुई हैं बातें

देखते देखते आप आंखों में घर करते हैं

इनसे पूछे जो कोई ख़ाक में मिलते हैं कौन

वह इशारा तरफ़े राहे गुज़र करते हैं

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
					नी								
०	०	०	०	मा	पा	धा	०	सॅा	रें	गा	०	०	०

स्थायी

आप	जिसको	हद्‌फे	ती	र	नज़	र	कर	त
नी * × ६ ..			धा .	पा	म × २.	पा	ध..	.नी

ये	हैं
धा	पा....

अन्तरा

और	क्या	दाग़ के	अश	आर	अ	सर	कर
पा × २	नी*.	सॅा × ४..		नी* × २	सॅा	रें	गॅा *..

ते	हैं
रें	सॅा ....

सूचना—यह ग़ज़ल बिल्कुल नये ढंग पर बनाई गई है—

परीक्षा—देखो पृष्ठ (२२)

ध्वनि काफ़ी–ताल क़ौवाली–लय चढ़ी–वक़ शाम–
तर्ज़–"सरे शोरीदा पाये दश्त पैमां शामो हिजरां था"

ग़ज़ल

दाग़ ।

भौवें तनती हैं ख़ंजर हाथ में है तनके बैठे हैं
किसीसे आज बिगड़ी है कि वह यों बनके बैठे हैं

दिलों पर सैकड़ों सिक्के तेरे जोबन के बैठे हैं
कलेजों पर हज़ारों तीर इस चितवनके बैठे हैं

इलाही क्यों नहीं उठती क़यामत माजरा क्या है
हमारे सामने पहेलू में वह दुश्मन के बैठे हैं

यह गुस्ताखी यह छेड़ अच्छी नहीं है ऐ दिले नादां
अभी फिर रूठ जायेंगे अभी वह मनके बैठे हैं

यह उठना बैठना महफ़िल में उनका रंग लायेगा
क़यामत बनके उट्ठेंगे भभूका बन के बैठे हैं

कोई छींटा पड़े तो दाग़ कलकत्ते चले जायें
अज़ीमाबाद में हम मुन्तज़िर सावुन के बैठे हैं

दूसरा सप्तक								तीसरा सप्तक						
					नी				रें					
०		०	मा	पा	धा	०	सां	रें	०	मां	०	०	०	

स्थायी

भौंरे	तन	ती हैं	खून	जर	हा	थ में	है	तनके
मा × ३..		पा × ३ .		धा	रे ..	सां × २	नी ※ ..	धा×२

वै	ठे	हैं
नी ※	धा	पा.....

अन्तरा

दिलों पर सैकड़ों सि	के	ते	रे	जो	वनके वै
मां × ७	गां ※.	ं. रे※	सां	नी※.	ं रे※×३

ठे	हैं
सां	नी※....

सूचना—शेष सब ग़ज़ल उपरोक्त ढंग पर बजाई जावेगी—

परीक्षा—नेत्र के सब रोग जो वात से पैदा हों इसके अलाप से अच्छे हो जाते हैं एक चतुर गानविद्या का परीक्षक लिखता है कि इसके गानेवाले को कभी आंखों का कष्ट नहीं होता बुढ़ापे में भी नेत्रों का प्रकाश अच्छा रहता है और न इसका गानेवाला मोटा रहता है—

ध्वनि पहाड़ी–ताल दादरा–लय दर्मियानी–वक़्त हर वक़्त—

तर्ज़–"अजब शोर मचा है"

ग़ज़ल।

पा ब ज़ंजीर दुता ज़ुल्फ़ दुता का देखा
इश्क़बाज़ों को गिरफ़्तार बला का देखा
मिस्ल साया के पड़े रहते हैं पांवों पै तेरे
हमने साये को तेरे साया हुमा का देखा
बे वफ़ा तूने वफ़ा कुछ भी न की मुझसे कभी
हमने क्या क्या न सितम तेरी ज़फ़ा का देखा
मुफ़्त में जान गई वस्ल की उम्मैद में
तुझको पाबन्द सदा शर्मोहया का देखा
खुलगये ज़ाहिरो बातिन के यहां पर्दे सभी
जिसने तेरा जो खुला बन्द क़बा का देखा
उसने खुद अपनेही हाथों से किया अपनाही खून
जिसने हाथों पै तेरे रंग हिना का देखा

दूसरा सप्तक									तीसरा सप्तक					
					नी				गाँ					
०	रे	०	मा	पा	धा	०	साँ	रेँ	०	०	०	०	०

स्थायी	पा ब ज़ न जी र दु ल आ ज़ुल फ़
	मा पा नी* साँ ँगा*. रेँ साँ नी* साँ धा. पा
	दु ता का द ये खा
	मा रे. मा. धा पा मा.... ⁛
अन्तरा	मिस ल स आ या के पड़े रहते हैं पा वँ
	मा पा नी* साँ रे ×६ साँ रेँ. गा*.
	पै ते रे
	रेँ×२साँ.... ⁛

सूचना—शेष पहिले पद अन्तरे के ढंग पर बजेंगे और दूसरे पद स्थायी के नियम से बजाये जावेंगे ध्यान करके बजावो—

परीक्षा—देखो पृष्ठ (२२)

ध्वनि भैरवी–ताल दादरा–लय दर्मियानी–वक़्त ८ बजे सुबह–

तर्ज़–"कटी गुनाहों में उम्र सारी"

ग़ज़ल।

नमाज़ किसकी कहां का रोज़ा अभी तो शग़ले शराब में हूं

खुदा की याद आये किस तरहसे बुतोंके क़हेरो अज़ाब में हूं

शराब का शग़ल होरहा है बग़ल में पाता हूं मैं किसीको

मैं जागता हूं कि सो रहा हूं ख़याल में हूं कि ख़्वाब में हूं

न छेड़ इस वक़्त मुझको वाइज़ नहीं है मौक़ा यह गुफ़्तगू का

सवार जाता है वह शराबी मैं हाज़िर उसकी रकाब में हूं

कभी नमाज़ी कभी शराबी कभी हूं रिन्द और कभी हूं ज़ाहिद

खुदा का डर है बुतों का खटका अजब तरह के अज़ाब में हूं

क़यामत आनेका खौफ़ क्या है तरद्दुद व फ़िक्र क्या है आग़ा

हिसाब क्या कोई मुझसे लेगा बताओ मैं किस हिसाब में हूं

दूसरा सप्तक								तीसरा सप्तक						
				नी			रे		ग		मा	धा	नी	
०	०	०	०	०	०	०	सा	०	०	मा	०	०	०	

अन्तरा और स्थायी एकही ढंगपर बजाइये

न	मा	ज	किस	कीकहां	का	र	वो	जह
गा*	रे*	गा*	मा*.	मा×रे	गा*	.मा.	नी*	धा*

अ	भी	तो	श	ग	ले	शर	आ	व	मे
मा*	मा	मा*	.मा	.गा*	रे*.	.गा*	मा.	गा*	रे*

यें	हूं
सा	+नी*....

÷

सूचना—सब गज़ल उपरोक्त ढंग पर बजाई जावेगी बहुत सरल कर दिया गया है जिसमें सीखनेवाले की समझ में रागिनी तुरन्त आजावे—

परीक्षा—देखो पृष्ठ (१७)

ध्वनि योगिया आसावरी—ताल पश्तो—लय मीठी—वक्त १० बजे तक सुबह—

तर्ज़—" ऐ यार कहां तक मैं करूं "

ग़ज़ल ।

दिल हम किसी परी से न हरगिज़ लगायेंगे
हम भी परी रुख़ों से परे घर बनायेंगे

मन्दिर में बुतको पूजने हरगिज़ न जायेंगे
हम दूर डेढ ईंट की मसाजिद बनायेंगे

हम उस जगह से हिलके कहीं को न जायेंगे
जिनको ग़रज़ हो दौड़े हुये आप आयेंगे

मरजायें शिरको फोड़ के फ़रहाद बनके हम
शीरीं की तलख़ बात न हरगिज़ उठायेंगे

फ़रहाद शिर पटकता हुआ पीछे आयेगा
हम जान शीरीं पहिलेही अपनी गवायेंगे

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
■	■		मा	■	नी		रे	■		मा	■	■	
०	०	०	मा	०	धा	०	सां	०	गां	मां	०	धा	०

स्थायी

दिल हम कि सी प री से
सा. गा नी रे* . सा गा . रे
न हर गिज़ ल गा य यें
सा. नी धा. मा* मा .धा .मा
गे :
मा....

अन्तरा

मन्दिर में बुत को पूजने हर गिज़
सा × र रे मा × प .. सा रे*
न आ आ व यें गे :
मा. मा* मा .धा .मा* मा....

स्थायी

हम दू र ह ये द ई ट
सा रे* मा. गा रे* सा . गा रे*
की मस जिद व ना य यें
सा .. नी* धा मा .* मा धा मा*
गे :
मा....

सूचना—शेष सब ग़ज़ल अन्तरे के दोनों पद के नियम से बजेगी कारण कि इस ग़ज़ल में दो स्थायी स्थापित की गई हैं चैतन्यता से धीरें धीरे बजावो यह ग़ज़ल बहुत कठिन स्केच रखती है परन्तु रागिनी साफ़ ज्ञात होती है—

परीक्षा—प्रातःकाल का समय मुख्य है—रोगी को बेहोश करने के लिये क्लोरोफ़ार्म का सा गुण रखती है रोगी कैसाही बेचैन क्यों न हो इसके सुनने से शान्त हो जावेगा जर्राही के काम में बहुत वार परीक्षा कीगई है जर्राह इससे बहुत से काम निकाल सकते हैं—

भूमिका

प्रिय महाशय ! गानविद्या की प्रत्येक भाषा में दखल है और इसका गुण प्रत्येक भाषा में एकसा होता है यद्यपि उच्चा-रण से बाहिरी भेद न्यूनबुद्धिवाले को ज्ञात होता है परन्तु ज्ञाताओं के निकट यह भेद बिल्कुल नहीं है गानविद्या का ठहराव केवल स्वरों पर है और संसार में कोई आवाज़ ऐसी नहीं है जो इन नियमित स्वरों से पृथक् हो इस कारण आवाज़ कैसीही कठिन क्यों न हो वह स्वरों से तुरन्त मिलेगी और उसका गुण नियमबद्ध गान इकसां पड़ेगा कठिन बात जो दूसरी भाषाओं के बजाने में है वह उससे अनभिज्ञ होने के कारण पैदा होती है नहीं तो इसमें कोई ऐसी कठिनाई हमको रोक नहीं होसकती ।

इस भाग में इस बात का ध्यान रक्खा गया है किसी किसी गायन का उल्था सरल हिन्दी भाषा में सीखनेवाले की सुगमता के लिये लिख दिया गया है जिसमें कि गायन को समझ कर बजावें और दूना आनन्द होजावे ।

प्रत्येक गायन के साथ साथ हिंदी गायन का भी ढंग बतलाया गया है जिससे बजाने में कुछ भी कठिनता न पड़ेगी और सीखनेवाला दूसरी भाषाओं के गाने बड़ी उत्तमता से बजा सकेगा आशा है कि प्रेमी इस नये और मनभावते ढंगसे लाभ उठाकर इस शुभचिन्तक को आशीर्वाद देंगे ।

ताल और तबला

कोई कोई शौक़ीन ताल से इतनी ग्लानि करते हैं कि नाम लेना भी दोष समझते हैं यह उनकी तुच्छ बुद्धि है जोकि गान-विद्या के एक ऐसे बड़े भाग को निन्दा की दृष्टि से देखते हैं अर्थात् मुख्य अभिप्राय को बालायताक़ रखकर बाहिरी भड़क से लाभ उठाना चाहते हैं।

यदि आज कल्ह के प्रेमी पखावजको अपनी सोसाइटी में दाख़िल होने की आज्ञा देदें तो वह अति शीघ्र इस न्यूनता को पूरा कर सकता है।

हारमोनियम एक ऐसा साज़ है कि जिसको संसार के किसी साज़ की सहायता दरकार नहीं किन्तु और बाजे इस की सहायता से बज सकते हैं परन्तु यह भी कभी कभी खालके साज़ की सहायता चाहने लगता है जिससे यह अपनी लहरैं और भी अधिक दिखलाता है।

यद्यपि तबला आज कल्ह की शिक्षित समाज, सोसाइटियों में तुच्छ दृष्टि से देखा जाता है (और वस्तुतः ऐसा होना आवश्यक था) इस कारण शुभचिन्तक भी अपने शिष्यों को इस साज़ से परहेज़ करने की सदैव शिक्षा करता रहता है

परन्तु साथही पखावज, चंग, मृदंग, सेडरम, खँजरी आदि खाल के बाजे बजाने के लिये शिक्षा करताहूं क्योंकि बिना खाल के साज़ के कुछ भी आनन्द नहीं आता।

खाल के साज़ से हर समय ताल की खबर होती रहती है हारमोनियस्ट का हाथ दुगुना चलता है और बहुत जल्द उँगलियां तैयार होती हैं इससे हे हारमोनियम के प्रेमियो! एक खाल का साज़ अवश्य सीखिये जोकि ३ मास बराबर परिश्रम से भले प्रकार आसकता है जबकि बतानेवाला " बताना " जानता हो।

आवश्यकीय विज्ञापन

इस भाग में भारतवर्ष की प्रख्यात प्रख्यात भाषाओं की अच्छी अच्छी गायन लिखी गई हैं इस कारण प्रत्येक मनुष्य सब भाषाओं के गायन देखकर अवश्य है कि घबरा जावे परन्तु घबराने की कोई बात नहीं है यदि प्रेमी लोग अपने चित्त को सावधान रक्खें और शुभचिन्तक ग्रन्थकार की लिखी बातों पर ध्यान दें तो ईश्वर चाहेगा कि इस कठिनता को सरल कर सकेंगे और मनमानी सफलता पावेंगे।

ग्रंथकर्ता

हारमोनियममास्टर

आठवांभाग

ज़बान संस्कृत (भाषा)

ध्वनि भैरवी–ताल तीन–लय दर्मियानी–वक़्त सुबह–
तर्ज़–" जय जय कृष्ण मुरारी "

स्तुति (रामायण)

जय जय सुरनायक जन सुखदायक प्रणतपाल भगवन्ता
गो द्विज हितकारी जय असुरारी सिन्धुसुता प्रियकन्ता
पालन सुर धरणी अद्भुत करणी मर्म न जानै कोई
जा सहज कृपाला दीनदयाला करहु अनुग्रह सोई
जय जय अविनाशी सब घट वासी व्यापक परमानन्दा
अविगत गोतीता चरित पुनीता माया रहित मुकुन्दा
ज्यहि लागि विरागी अति अनुरागी विगतमोह मुनिवृन्दा
निशि वासर ध्यावहिं हरिगुण गावहिं जयति सच्चिदानन्दा
ज्यहि सृष्टि उपाई त्रिविधि बनाई सङ्ग सहाय न दूजा
सो करहु अघारी चिन्त हमारी जानिय भक्ति न पूजा
जो भव भय भंजन जन मन रंजन गंजन विपति वरूथा
मन वच क्रम वानी छांड़ि सयानी शरण सकल सुरयूथा

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
सा	०	०	मा	पा	०	०	साँ	०	०	०	०	०	०

स्थायी और अन्तरा बराबर

जय जय	सुर	नायक	जन	सुख	दायक
सा×२	गा*×२	मा×३.	पा×२	धा×२	नी*×३.

प्रण	त	पा	ल	भ	ग	वन	ता
सां.	.नी	धा*	पा	मा	गा*	रे*	सा....

सूचना

(१) शेष सब स्तुति उपरोक्त ढंग पर बजाना चाहिये—

(२) यह स्तुति भैरवी में इस कारण दी गई है कि हारमोनियम के प्रेमी प्रातःकाल बजाकर आनन्द उठावें बहुधा स्तुति (मुनाजात) आदि भैरवी में बजाई जाती हैं—

ज़बान अरबी

ध्वनि सारंग–ताल क़ौवाली–लय दर्मियानी–वक़्१ १बजे दिन–

तर्ज़–" हक़ीक़ ख़ैर उल्नार "

गज़ल ।

मरीज़ुल्इश्क़ मुफ़तूतुन व मजनूनू
सकूवुन् ऐनहू वल्क़ल्ब महेज़ूनू

नुजा महवूसहू मिन्कुल्ल सिजनिन्
फ़मा मसजूनु हाज़ास्सिज्न मसजूनू

व मई यालम तलिद वलदुन् सेवल हिब्बी
फ़हुज़्ज़िया वस्सतन् फ़ीही फ़लातूनू

अलाया साहेबल्वजहिल् हसीनी
तआला हुस्नुकी अम्मा,यकूलूनू

तरह्हम वल्त फ़ितनहवल उशूक़ी
फ़इन् वअदत अनहू मात मजनूनू

बलाउल् इश्क़ या उम्मी बलाऊ
व आलाफुल् मसायबे फ़ीह मशहूनू

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
सा	रे	०	मा	पा	धा	०	सां	०	०	०	०	०	

स्थायी अन्तरा बराबर

मरी	जउल्	इश्क़	मुफ़	तू	नुन	व
सा×२	रे.	मा×२	पा	धा	सां.	.नी*

मज	नुन	
धा	पा...	:

सूचना

(१) शेष सब ग़ज़ल केवल उपरोक्त नियम पर बजैंगी–

(२) अन्तरा इसकारण प्रकट नहीं किया गया है कि तान के बिना अच्छा नहीं लगता उपरोक्त ढंग पर सब पद सादे ढंग में अच्छे बजैंगे–

(३) अरबी के शब्द अधिक ज़ोर देकर या हलक़ में न बोलिये किन्तु फ़ारसी के ढंग पर गाइये नहीं तो हारमोनियम पर बोल कटना कठिन हो जायगा–

ज़बान पंजाबी

ध्वनि कल्याण-ताल पश्तो मिलीहुई-लय धीमी-वक़्त शाम-

तर्ज़-" मेरा जानी किधर है गया "

आशिक़ की आवाज़

कुंडा पार वा नज़र न नीं आवे

कुंडा पार वा..........

गड़ा नी गदाद हो गया-कुंडा पार वा नज़र न आवे हो-

लदी जांदिया वे बेलिया-

कुंडा पार वा..........

जटी हीर नून फ़क़ीर नाल तोर दे

सेती दे मुराद पावेंगी

कुंडा पार वा..........

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक					
०	०	गा	मा	पा	धा	नी	साँ	०	०	०	०	०

न ज़र ना नी आ आ वे कुंडा पा र वा गड़ानी
.गा धा × ४ ..पा नी.. धा×२ पा. मा गा.... सा ×

दा द हो ग या कुंडा पा र वा न ज़र न नी
नी. धा पा. धा नी.. धा×२ पा. मा गा.. .गा धा × ४

आ वे हो ल दी जान दि या वे वे लि या
..पा नी.. धा.. पा धा पा. मा गा धा. पा मा गा.......

जटा हीर नून फ़ ती र ना ल तो र दे सेती दे मु
पा×२ धा×२ पा धा साँ नी धा पा *मा पा— साँ ×४

रा द पा वें गी कुंडा पा र वा :
नी. धा पा. धा नी.. धा×२ पा. मा गा....

सब गायन बजाकर दिखाई गई है जिसमें जल्द समझ में आ जाय—

सूचना

(१) प्रत्येक बोल को स्वच्छता से बजाओ "कुंडा पार वा" दैव एकही ढंग पर बजेगा-

उल्था-नदी का दूसरा तट दृष्टि नहीं आता घड़ा डूब गया है नदी बहती हुई जा रही है अरे कोई बचा लो-

---

नोट-प्रेमियो! लदी एक स्त्री का नाम था जोकि माईदाल पर न व माल से फ़िदा थी और रोज़ घड़े पर बैठ कर अपने यार पास जाया करती थी एक दिन सास ने चालाकी से कच्चा घड़ा ल दिया रात के समय नित्य की तरह नदी में घड़ा डाल सवार कर जाने लगी कच्चा घड़ा मँझधार में डूबगया-यह गायन उसी मय को प्रकट करती है—

ज़बान फ़ारसी

ध्वनि ज़िला–ताल दादरा–लय चढ़ी–वक़्त तमाम दिन–

तर्ज़–"आया करो इधरभी मेरी जां कभी कभी"

ग़ज़ल

इमरोज़ दीगरम बफ़िराके तो शाम शुद

दर आरज़ूये वस्ल तो उमरम् तमाम शुद

आमद नमाज़ शाम न आमद निगारमन

ऐ दीद: पासदार कि ख़्वाबम् हराम शुद

बस्तम् वसे ख़याल कि बीनम् जमाल दोस्त

आं हम् न शुद मयस्सर सौदाय ख़ाम शुद

ख़ाले तो दान दानये ज़ुल्फ़े तो दाम दाम

मुर्ग़े कि दान दीद गिरिफ़्तार दाम शुद

महमूद ग़ज़नवी कि हज़ारां गुलाम दाश्त

इश्क़श् चुनां गिरफ़्त गुलामे गुलाम शुद

पहिला सप्तक							दूसरा सप्तक						
						नी							
०	०	०	०	०	× धा	०	सा	रे	गा	मा	पा	०	०

स्थायी

इमरोज़दीग	रम	बफिरा	क	तो	शा	म
मा×५	गा..	रे×३	सा.	+नी*	धा.+	+नी*

शुद
सा....

.:.

अन्तरा

आमद	नमाज	शा	स दुनिया	मद	नि	गा	र	मन
मा×५		.पा	मा×३	गा	.रे	पा.	मा	गा....

.:.

(आ/.रे आ/.सा आ/रे.) तान .:.

सूचना

(१) शेष सब पहिले पद अंतरे की ध्वनि पर और दूसरे पद स्थायी की ध्वनि पर बजेंगे—

(२) यह ग़ज़ल बहुतही सुगम रीति से वतलाई गई है प्रेमी लोग चलतू करने के पीछे ज़मज़मा देकर आनन्द पैदा कर सकते हैं ब्रैकेट की छोटी सी तान हर अन्तरे पर आनन्द देगी परिश्रम करके बजाना चाहिये—

जवान पूर्वी

ध्वनि देश–ताल कहरवा–लय चढ़ी–वक्त ११ बजे

तर्ज़–" चलो जल्दी करो जी सैर "

रसिया

तनी देखो हमरी ओर

ऊंची ऊंची जोबना पर जिया ललचावे

तनी देखो हमरी ओर····

ऐसी गोरी गोरी छोरी मैंने देखी नहीं राम

कैसी भोली भोली प्यारी प्यारी करे विसराम

तनी देखो हमरी ओर····

चांदी ज्यों रूप चमके सोना ज्यों गाल

नागिनि ऐसे माथे लटके वाके कड़िया बाल

तनी देखो हमरी ओर····

गाल हैं पेड़े मथुराजी के होंठ कदू की फांक

बुइयां ऐसी मोटी आंखें गाजर जैसी नाक

तनी देखो हमरी ओर····

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	०	०	पा	धा	नी	ˆ	रेˆ	गाˆ	०	०	०	०

स्थायी

ऊंची ऊंची जोवना प र जि या ल ल चा
.सा ˆ × ७ नी साˆ ˆगा .रेˆ .साˆ नी..
आ वे त नी दे खो हम री ओर ⁘
धा पा... पा धा नी. साˆ नी×२ धा. पा....

अन्तरा

(१) ऐसी गोरी गोरी छोरी मैंने दे खी न हीं राम
साˆ × ११ रेˆ×२ साˆ. नी..
(२) कैसी भोलीभोली प्यारी प्यारी क रे वि स राम
धा × १० .पा .नी×२ धा पा..
(३) त नी दे खो हम री ओर फिर पहिले
पा धा नी. साˆ नी×२ धा. पा....

से वजाओ—

सूचना

(१) शेष सब गायन उपरोक्त ढंग पर अन्तरे के नियम से वजाई जावेंगी—

(२) व (३) को प्रत्येक अखीरे पर अवश्य वजाना चाहिये जिसमें गायन का आनन्द दूना हो जावे—

ज़बान अंगरेज़ी।

ध्वनि देश–ताल कहरवा–लय दुगुन–वक्त ११ बजे रात–

तर्ज़–" पनाह–पनाह ख़ुदा की पनाह "

थियेट्रिकल तर्ज़।

अगेन–अगेन–अगेन ऐंड अगेन

व्हेन आई वाज़ सिंगिल माई पाकेट वाज़ डिंगिल

आई लांग टूबी सिंगिल अगेन

अगेन–अगेन–अगेन ऐंड अगेन

सा	रे	गा	मा	पा	धा	०	दूसरा सप्तक

सम्पूर्ण गायन बजाकर दिखलाइए १४०

अ	गेन	अ	गेन	अ	गेन	ऐंड	अ	गेन
सा	मा..	सा	मा..	सा	मा	गा.	मा	पा...

हेन आई वाज़ सिंगिल माई पाकेट वाज़ डिंगिल

.मा धा×५ .पा ..नी*×५

आई लांग टू बी सिं गिल

.पा धा पा .मा .गा .रे

अ गेन :: फिर पहिले से बजाओ

गा मा....

सूचना

(१) इस गायन के बजाने में हाथ कुछ फुर्ती से चलाना चाहिये—

(२) ठहराव का ध्यान परमावश्यक है कारण कि यह थियेट्रिकल ढंग है जिसमें रागिनी साफ़ साफ़ ज़ाहिर नहीं होती अलबत्ता बोल काटने से यह इंगलिश टोन आनन्द से भर जाती है—

नोट—उपरोक्त ढंग की चीज़ें "हारमोनियममास्टर पांचवें भाग" और "हारमोनियममास्टर छठे भाग" में बहुत सी लिखी हैं।

ज़बान तैलंगी (दक्षिण)।

रागिनी आसा-ताल तीन-लय धीमी-वक्त प्रातःकाल-
तर्ज़-" प्रभु प्रीतम जिसने बिसारा "

आशिक़ की आवाज़ ।

वाड़ियाड़ा उंटर्ड सूप रम्मां
नान सूपस्ते वोपुन्न अम्मां
वाड़ शामन्ती फूलन्ना गाड़े
वाड़ चेहलील लागंची न गाड़े
वाड़ीदर इयेत्ते नीन तेकन्दू
कडू ऊंची मूदो वेक्रत टडूं

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सां	रें	०	०	०	०	०

स्थायी

(१) वाड़ या ड़ा इस टुकड़े को तीन बार बजावो !

सा×२ रे. मा.

वाड़ या ड़ाउन डू सू प रम मां

सा×२ रे. मा×३. पा धा नी* धा पा..

(२) वा न सू पस ते वू प न अम मां

मा पा धा. पा. मा गा. रे गा रे. सा....

दोनों एकसाथ बजेंगे क्षणिक देरी न हो

अन्तरा

(३) वाड़शा मन ती फू लन न्ना गार ड़े

सां×३. रें. सां. नी.. धा नी धा.. पा..

दूसरा पद नं० २ के ढंग पर एक साथ बजावो–

नोट–शेष सब गायन उपरोक्त ढंग पर बजावो अर्थात् नम्बर ३ के ढंग पर पहिले पद और नम्बर २ के ढंग पर दूसरे पद सिवा नंबर १ के बजाये जावेंगे–

उल्था–हे सखियो ! वह कहां है एक नज़र तो दिखादो (२) यदि उसको बतलादोगी तो बड़ाही यश होगा (३) वह सेवती का फूल यदि होजाता (४) या वह झील में तनिक दृष्टि आता (५) यदि वह थक कर रहजावे तो मैं सहारा दूं (६) और घड़ा उतार कर चुम्मा दूं–

ज़बान उर्दू ।

ध्वनि भैरवी—ताल क़ौवाली—लय चढ़ी—वक्त सुबह—

तर्ज़—" सर शोरीदः पायेदश्त पैमां शाम हिजरां "

ग़ज़ल ।

बलायें ज़ुल्फ़ जानां की अगर लेते तो हम लेते

बला यह कौन लेता जान पर लेते तो हम लेते

न लेता कोई सौदा मोल बाज़ारे मुहब्बत का

मगर जां नक़्द अपनी बेंच कर लेते तो हम लेते

जो होता हमसे हमबिस्तर बता फिर तेरा क्या जाता

तड़पकर करवटें दिन रात गर लेते तो हम लेते

तुझे क्या काम था ऐ बेख़बर जो ढूंढता फिरता

दिले गुमगश्ता की अपने ख़बर लेते तो हम लेते

लगाया जाम होठों से जो उसने मुझको रश्क आया

कि बोसा उसके लब का ऐ ज़फ़र लेते तो हम लेते

पहिला सप्तक							दूसरा सप्तक						
					धा	नी			रे	ग	मा	धा	
०	०	०	०	०	०	०	सा	०	०	मा	०	०	●

स्थायी

बलायें	जुल्फ़	ज	आ	ना	न	की	अ	ग	र
सा×६.			*गा	रे*	सा	*नी+×२.		सा	*नी+
ल	ये	ते	तो	ह	म	ले	ते		
ध*+	.नी+*	रे*.	*गा	मा	*गा	रे.	सा..		

अन्तरा

न लेत	आ	को	ई स	व	द	आ		
सा×३	.रे*	मा..	.मा×२	.धा*	.मा*	.मा		
मो	ल	बाज़ा	र	मु	ह	व	बत	का
गा*..	रे*	सा×२	*रे..	*गा	मा	..गा	*रे.	सा....

सूचना

(१) गायन के सब पहिले पद अन्तरा के ढंग पर और दूसरे पद स्थायी के नियम से बजाये जावेंगे—

(२) काले पर्दे इस ग़ज़ल में अधिक काम में लाये गये हैं ध्यान करके उँगलियों को चलाना चाहिये—

ज़बान फ़ारसी व अरबी।

ध्वनि सिन्धु भैरवी-ताल दादरा-लय दर्मियानी-वक़्त दोपहर या शाम-
तर्ज़-" इलाही खैर हो तेरी "

गज़ल।

असीरे इश्क़ मफ़तूं अस्त मजनूं
हरीफ़ुन् क़ल्बहू वन्नारो मफ़नून्
नमे दानद तबीब आज़ार मारा
बमायः बीह मिनहाजुन् व क़ानून्
नमा तर दामनम् अन्दर नज़ारा
बरीयुन् नफ़्सो ना अम्मा यज़ननून्
शहीदे अकबरस्तई कुश्तये इश्क़
बमा लिज्जुहद वत्तक़वा बममनून्
बिया जाना बनाशम् लुत्फ़ फ़रमा
हुज़ूरुल् हय्य अलल अमवात मसनून्
नयाज़ अन्दर खुमार अस्त ऐ दरेग़ा
बदुन्नुल् खम्र ममलूउन् व मदनून्

स्थायी अन्तरा बराबर

अशीरे	इश	क़ मफ़	तू	नस	त	म
धा*×३.	पा..	मा×२	*गा.	पा	मा	*गा
ज	तून .:.					
रे	सा....					

सूचना

(१) शेष सब गायन उपरोक्त ढंग पर बजाई जावेगी–

(२) अरबी के शब्द हारमोनियम पर फ़ारसी की तरह पर बजाये जावेंगे—

(३) गायन को कठिन समझ कर शिक्षक को घबराना न चाहिये यह ग़ज़ल बहुत सुगम है और सार्थक क़ौवाली की छन्द में है और बसबब हज़रत नयाज़ अहमद रहमतउल्ला अलेह के कलाम होने के मुसलमानों में इज़्ज़त की निगाह से देखी जाती है–

(४) बहुधा सब क़ौवाली की ग़ज़लें उपरोक्त ढंग पर बजाई जाती हैं–

ज़बान तैलंगी व फ़ारसी।

ध्वनि भैरवी–ताल क़ौवाली–लय दर्मियानी–वक़्त सुबह–तर्ज़–" ऐ दिल तू क्यों हर आसान होगया "

शेर

चरू कट्टा मेदा फ़ाख़्ता नशिस्ता बूद

तू पाकी तूने कूटसे पर शिकस्ता बूद

ज़बान मरहटी व फ़ारसी।

ध्वनि देश–ताल तीन–लय पड़ी हुई– वक़्त रात के ११ बजे–तर्ज़–" मेहर्बां–मेहर्बां जानजां "

शेर

दूनान पुख़्ता–बूदम क़ुतरां क्यों घीला

शमूशीर मेकशादम नाला चर पार घीला

दूसरा सप्तक								तीसरा सप्तक						
		गा			धा	नी								
सा	०	०	मा	पा	०	०	सां	०	०	०	०	०	०	

स्थायी अन्तरा बराबर

चरू	कट्टा	मेदा	फा	ख़	ता	बर	न
सा×२	*गा×२	मा×२	पा	.सां	*नी..	पा.	*धा
शिकस	ता	बूद	⁝				
.पा	.मा	*गा....					

सूचना

(१) यह शैर बहुधा राज्य हैदराबाद के जिलों में छोटे छोटे लड़कों की ज़बानी सुना जाता है जोकि उपरोक्त छन्द में गाया जाता है—

(२) दूसरा पद भी उपरोक्त ढंग पर बजावो—

०	रे	गा	मा	पा	धा	०	दूसरा सप्तक
					नी		

स्थायी अन्तरा बराबर

दू	ना	न	पुत्ल	ता	धू	दम	कुत	रा	न
रे	मा.	रे	मा.	पा	ॐनी.	धा..	पा×२	मा.	गा
घची	वन	घे	ला						
पा.	मा	गा.	रे.... ∴						

सूचना

(१) दूसरा पद उपरोक्त नियमानुसार बजाना चाहिये-

(२) यह ज़बान मरहटी का मिला हुआ शैर एक उम्दा ढंग पर बतलाया गया है-

ज़बान पंजाबी व उर्दू ।

ध्वनि भाग-ताल तीन-लय दर्मियानी-वक़्त ११ बजे रात-

तर्ज़-" तसां जो है सुख पावना "

ग़ज़ल ।

हरदम नूं कर तेरियां रुठड़ा न जावें रांझना
इश्क़ तेरे दी वगदी सी रावी
विच पे गैयां घुम्मन घेरियां रुठड़ा न जावे....
तेरे जीहा मेनो होर न कोई
मेरे जीहां लिख चेरियां रुठड़ा न जावे....
सरते-फुलां दीखारी व चाई
दर दर हो कावे रहियां रुठड़ा न जावे....
मेरे रुठियां कुछ नहीं वन्दा
तू रुठियां मर जाने सां रुठड़ा न जावे....

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	साँ	रेँ	०	०	०	०	०

स्थायी

हरदम	नू	कर	ते	र	थां
साँ×४	नी..	धा×२	पा	मा	मा पा धा.. (जल्दी)

रु	ठ	ड़ा	न	जा	वे	रां	झ	ना
पा	धा	पा.	मा	गा..	मा	गा	रे	सा....

अन्तरा

इश्क़	ते	रेदी	त्रग	दी	सी	र
पा×२	धा	साँ×२.	साँ×२.	रेँ.	साँ	नी

आ	आ	आ	दी
..धा	..पा	..धा	नी....

सूचना

(१) गायन के सब पहिले पद अन्तरा के ढंग पर और दूसरे पद स्थायी के ढंग पर वजाने चाहिये—

(२) " रूठड़ा न जावे रांझना " प्रत्येक शैर के अन्त पर अवश्य बजावे—

ज़बान अंगरेज़ी व उर्दू ।

ध्वनि भाग–ताल दादरा–लय तेज़–वक़ १२ बजे रात–

तर्ज़–" मज़ा देते हैं क्या यार तेरे बाल "

नम्बर (१)

हियर–डियर–माई लेडी–लवली फ़ेसवाली

मेडम !

हीज़ डियर................

नम्बर (२)

ध्वनि देश–ताल चार–लय धीमी–वक़ १० बजे रात–

तर्ज़–" कहते हैं वह सच मेरी जान "

टी टय़ूज़िंग ब्यूटी ने माई जंटिल हार्ट को तोड़ दिया

ज़ुल्फ़ तेरी के नेट में फँसकर नाइट स्लीपिंग छोड़ दिया

पहला सप्तक						दूसरा सप्तक						
०	०	०	०	※ धा	०	सा	रे	गा	मा	०	०	०

एक प्रख्यात चीज़ का पहिला पद

हि.	यर	डि	यर	मा	ई	लेडी	लवली	फे	स वा
+.धा	सा×२		रे	गा	रे		मा×४	गा.	रे × २

ल	ई	मेडम
..गा	.रे	सा×२....

सूचना

(१) इस गायन के बजाने में जहां तक हो सके ज़मज़मे देने चाहिये जिससे गायन की भड़क अच्छी तरह से प्रकट हो—

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	रे	गा	मा	पा	धा	०	साँ	०	०	०	०	०	०

(१) टी ट्यूज़िंग ब्यूटी ने माई जेन टिल हार्ट को तोड़
रे×३ मा×२ पा धा॰ पा मा॰ गा॰॰ पा मा॰
दि या
॰गा रे॰॰॰॰ :

(२) जुल्फ़ तेरी के ने ट में फँ स क र नाइट
*नी×६ साँ॰ *नी धा पा ॰मा पा धा॰॰
स ली पिंग छोड़ दि या
*नी धा पा ॰मा गा रे॰॰॰॰ :

(१) बजाने के समय शब्द का ध्यान रक्खो नहीं तो गायन में सिकता पड़ेगा इससे ठहराव का ध्यान रखकर बजावो—

ज़बान फ़ारसी व उर्दू ।

ध्वनि भाग–ताल कौवाली–लय चढ़ी–वक़्त १२ बजे रात–तर्ज़–" जो उम्र देखो तो दश बरस की यह क़हेर आफ़त ग़ज़ब खुदा का "

ग़ज़ल ।

ज़ेहाल मिस्कीं मकुन तग़ाफ़ुल दुराये नैना बनाये बतियां
कि तावहिज्रां नदारम ऐजां न लेव काहे लगाय छतियां
चुशमा सोज़ां चुज़र हैरां हमेशा गिरियां बइश्क़ आं मह
न नींद नैना न अंग चैना न आप आवें न भेजैं पतियां
यक़ बयक़ अज़दिले तुमुज़तर बिबुर्द चश्मश क़रार लेकिन
किसे पड़ी है जो जा सुनावे पियारे पीको हमारी बतियां
शबान हिज्रां दराज़ चुं ज़ुल्फ़ व रोज़ वसलत चु उम्र कोता
सखी पिया को जो मैं न देखूं तो कैसे काटूं अँधेरी रतियां

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	गा	मा	पा	धा	नी	सां	रें	०	०	०	०	०

(१) ज़िहाल मिस्कीं म कुन त ग़ा फुल
सां×५. .सां रें सां .नी धा×२.
दु राय नै ना बना य बतियां
नी सां×२ नी धा. पा×२ मा गा×३.....

(२) कि ताब हिज्रां न दा रम ऐजां न लेव का
..गा धा×५ नी धा पा×२. मा गा×२ मा
हे लगा य छति यां
पा धा×२ .पा मा×२ गा.... ⁘

सूचना ।

(१) शेष सब गायन उपरोक्त नियमानुसार बजाये जावेंगे–

(२) यदि इस ग़ज़ल को दार्मियानी चाल में प्रारम्भ कर के दुगुन की लय में बजावोगे तो रागिनी अच्छी प्रकट होगी–

इति

भूमिका

हारमोनियम के प्रेमियो !

गानविद्या के नियमानुसार जितने पद्य उत्तम कवि बनाते हैं वह प्रत्येक साज पर उत्तमता से बज सकते हैं यदि इसके प्रतिकूल कोई बात जान पड़े तो कवि का अपराध होगा कारण कि वह कविता के नियमानुसार न होगा कविता भी गानविद्या के नियम से बनाई गई है दूसरे अर्थ में गानविद्या का बड़ा भाग कविता है इससे कवि को सिवा कविता जानने के गानविद्या के नियम से भी विज्ञ होना परमावश्यक है कारण यह है कि दोनों बातों के जानने से कवि को मनमानी सफलता प्राप्त होती है और उसकी कविता सदैव अच्छी रहती है और कभी कोई भूल नहीं होती इससे जहाँ तक हो प्रत्येक कवि को कविता के अतिरिक्त गानविद्या के नियम से भी जानकारी प्राप्त करलेनी अयोग्य न होगी—

जो मनुष्य गाने बजाने में कुछ भी अभ्यास रखता हो और किसी एक भाषा में निपुण हो तो उसके लिये कविता एक सुगम बात है काव्य के न जानने पर भी वह उन्नति प्राप्त कर सकता है जबकि कुछ योग्यता भी हो और विचार अच्छे रखता हो क्योंकि वज़न पर वज़न बनाना कोई बड़ी बात नहीं है किन्तु गम्भीराशय को थोड़ा करके पद्य के मोतियों में पिरोना कठिन

काम है जोकि प्रत्येक मनुष्य के आधीन नहीं-यह एक ईश्वरीय वस्तु है जोकि मुख्य मुख्य चित्तों पर लहरें मारता रहताहै-हारमोनियम आज कल्ह प्रत्येक सोसाइटियों में प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखा जाता है और कवियों को भी स्थान मिलगया है कि वह उसकी सहायता से कुछ लाभ उठावें-इन्हीं सब बातों पर ध्यान रकखर यह "हारमोनियममास्टर नवांभाग" उन कवियों को समर्पण करता है जो गानविद्या के नियम से सहायता लेकर अपने अछूते ध्यान को प्रकट करते रहते हैं—

प्रेमियों पर प्रकट हो कि यह पुस्तक सिद्धांत का पहिला नम्बर है। इसके बनाने में शुभचिन्तक ने बड़े परिश्रम से काम किया है और ऐसा सुगम कर दिया है कि जिससे सीखनेवाला अति शीघ्र गायन को बजा सके। यद्यपि तान-ज़मज़मे और तोड़ प्रत्येक गायन के साथ साथ बतलाये गये हैं तब भी कोई कठिनता ऐसी शेष नहीं रक्खीगई कि जो सुगम न हो सके और सीखनेवाला चिन्ता की नदी में डुबकी लगाताही दिखाई दे। इससे प्रेमियों से निवेदन है कि वह ठीक ठीक अभिप्राय के जानने का परिश्रम करें और बाहिरी सुन्दरता पर कटाक्ष न करें।

प्यारे शायक़ीन-हारमोनियम ! इस भाग में वह तमाम मशहूर और आमपसन्द तरीक़े लिखे हैं जिनमें एशिया के कवि अपने मनोभाव का वर्णन किया करते हैं। गानविद्या के ध्यान से यद्यपि अच्छा ध्यान नहीं किया जाता तथापि कविता का ढंग होने के

कारण गान में पेंठ अवश्य है—वर्तमान समय में ग़ज़लों का चलन अधिक है और इस विद्या के जाननेवालों ने भी अपनी कविता में इन्हीं ग़ज़लों की तर्ज़ हारमोनियम के नियमानुसार बतलाई है, इसकारण हितैषी ने भी " हारमोनियममास्टर सातवांभाग " में मुख्य कर उसी विषय को लिखा है ।

परन्तु यह आवश्यक नहीं कि केवल ग़ज़लही बजाये या गाये जाते हों किन्तु कविता के सब ढंग गान के नियमानुसार एकत्रित किये जाते हैं एक पद से लेकर सब पद्य प्रत्येक साज़ में बज सकते हैं जबकि बजानेवाला स्वयं कवि होने के अतिरिक्त गानविद्या में भी योग्यता रखता हो शुभचिन्तक दृढ़ता से कहता है कि हर प्रकार के पद्य हारमोनियम सीखनेवाले थोड़ेही समय में इस पुस्तक की सहायता से बजायेंगे यदि उन्होंने पिछले भागों को भी देख लिया है ।

ग्रंथकर्ता

हारमोनियममास्टर
नवांभाग

ध्वनि काफ़ी—ताल क़ौवाली—लय दर्मियानी—वक़्त तीसरा पहर—
तर्ज़—"यह कैसे बाल बिखरे हैं यह सूरत क्यों बनी ग़मकी"

क़सीदा

प्रशंसा शहंशाह सप्तम एडवर्ड
क़ाज़ी अब्दुल अली साहब अल्मुतख़ल्लिस
बनव्वाब रईस आज़म गढ़मुक्तेश्वर ज़िला मेरठ

रैयत फ़ैज़ गुस्तर हो शरीफ़े बन्दा परवर हो
कि आला ख़ान्दां हो तुम नसीमे बाद सरसर हो
ग़रीबों पर सदा लुत्फ़ो करम है तेरा ऐ शाह
सख़ावत में भी हातिम हो शुजाअत में भी बढ़कर हो
अदल इंसाफ़ में तुमसा कोई आया न आयेगा
अक़ल में इल्म में जौदत में तुम बहरे शनावर हो
करो हो जिस घड़ी इजलास यह मालूम होता है
कि हैं चौगिर्द सय्यारे तुम उनमें मेहर अनवर हो
मुअज़्ज़मशाह के क़ब्ज़े में हफ़्त अक़लीम आजावे
मुतीय हों ताक़तें यूरुप की वह अक़वाल यावर हो
तुम्हारी देख खुश खुल्क़ी तवा जौदत ने यह चाहा
स्याही मुश्क अज़फ़र हो क़लम जब्रील का पर हो
दुआ अब्दुल्अली सुबहोमसा है हक़ ताला में
खुदाबन्दा मुअज़्ज़मशाह शाहेहिन्द क़ैशर हो

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
		गा		पा	नी								
सा	रे	गा	मा	पा	धा	०	सा	०	०	०	०	०	०

स्थायी

रैयत	फ़ै	जगुस्त	र	हो	शरी
सा×२.	सा रे गा मा (जल्दी)	मा×३	*गा	*गा मा पा.. (जल्दी)	मा ×२

फ़	वन	दःपर	वर	हो	⁖
*गा रे सा (जल्दी)	सा रे गा* (जल्दी)	*गा×२	रे	सा..	

(नोट) दूसरा पद भी इसी ढंग पर बजेगा–

अन्तरा

ग़रीबों पर सदालुत	फ़ व	क	रम	है
सां × ७	*नी..	*धा	.पा	मा.

ते	रा ऐ	शा	हा	⁖
मा पा धा* (जल्दी)	*धा×२	पा.	मा..	

नोट–दूसरा पद स्थायी के ढंग पर बजैगा–

सूचना–(१) शेष सब पद उपरोक्त, नियमानुसार यानी सब पहिले पद अन्तरे के ढंग पर और दूसरे पद स्थायी के रूप में बजैंगे–

(२) जिन पदों के नीचे लकीर खींच कर (जल्दी) लिखागया है वह बहुत सफ़ाई के साथ बहुत फुरती के साथ

बजेंगे—इन्हीं को ज़मज़मे और पल्टे कहते हैं जब इतना हाथ तैयार हो जावेगा तो मास्टर आफ़ हारमोनियम बनने में एक थोड़ी देरी रह जावेगी साहस बांधकर प्रैक्टिस करो—

ध्वनि देश—ताल दादरा या क़ौवाली—लय धीमी—वक्त १० बजे रात—

तर्ज़—" क्या हाल हो रहा है मजनून "

वन्दे मातरम्

बंगालका जातीय गीत जिसकी कीर्ति संसार में फैलरहीहै

आह ! यह जान बख़्श पानी यह हवाये ख़ुशगवार
यह तरो शादाब व शीरीं मेवा हाय ख़ुशगवार
ठंढी ठंढी इत्र में महकी हुई वादे जनूब
सब्ज़ खेतों की फ़िज़ायें और यह मैदानों की दूब
ज़िल्ल शफ़क़त हो तेरा ऐ मादर शफ़क़ दराज़
ख़ाक पर क्या क्या तेरी तेरे मकीनों को है नाज़
उफ़ ! यह तेरी चांदनी रातों का मंज़र ख़ुशनुमा
आह ! यह अशजार यह फूलों का ज़ेवर ख़ुशनुमा
सौ तबस्सुम तेरे अन्दाज़े तकल्लुम पर निसार
दिलको करती हैं तेरी शीरीं सदायें वेक़रार
सर ज़मीने ऐश है ऐ मादरे दिलसोज़ तू
आरज़ूओं की है बज़्मे इंबिसात अफ़रोज़ तू
लाखों आवाज़ें हैं तेरे घर में सरगर्म ख़रोश
जान निसारों में हैं लाखों तेरे दोस्त व सरफ़रोश
नौ जवानों की है हिम्मत तू दिलेरों की है सेर
कांपते हैं दुश्मनों के तेरी हैवत से जिगर

नूर दानिश तू फ़रोगे जल्वये ईमां है तू
दिल है तू सरमायये सब्रो शकीबेजां है तू
कूवते नाज़ है मेरी मादरे ग़मख़्वार तू
सीनये पुरग़म में है मेरे नफ़स का तार तू
तेरा देव अस्थान देवी ! दिल के काशाने में है
तेरी तस्वीर मुक़द्दस हर सनम खाने में है
लक्ष्मी तू है ज़माने में उजाला है तेरा
हरकमल का फूल पानी में शिवालय तेरा
सरस्वती का रूप है दुर्गा का है अवतार तू
दिलको दानिश की है देवी मादरे ग़मख़्वार तू
उफ़ ! यह सुन्दरि छवि तेरी यह सांवली सूरत तेरी
दिलके मन्दिर की है ज़ीनत मोहिनी सूरत तेरी
यह तवस्सुम हाय शीरीं यह अदाये जां नवाज़
आह यह शफ़क़त भरी तेरी सदाये जां नवाज़
सब्ज़ये खुदरो का गहवारह है तेरी सरज़मीन
तरूत्तये खुल्देदरीं है तेरी खुश मंज़िर ज़मीन
पाक गंगा जल से बढ़कर है तेरा आबे ज़हूर
तेरे पाकीज़ा समर हैं मेवये शाखो सुरूर
आसमां के नूर की है जिलवागाहे नाज़ तू
खुल्दकी है पाक देवीमादरे दमसाज़ तू

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	ँ	०	०	०	०	०	०

आह यह ज आन बख़ श प आ नी यह ह वा
साँ × ४. नी. धा पा मा पा धा. पा मा गा

ये ख़ुश ग वार
रे. गा रे सा.... ⁝

सब गायन इन्हीं पर्दों पर बजैगी सुनने वाला ईश्वर चाहेगा तो मस्त हो जावेगा क्योंकि दर्दभरी आवाज़ क़ायम कीगई है–

सूचना।

(१) इस गीत को दर्दभरी आवाज़ में गाना चाहिये बहुत अच्छा लगेगा–

(२) बाजा के सब स्टाप बन्द करदो केवल ट्रीमलो स्टाप खुला रक्खो जिससे कि हारमोनियममें थरथरी आवाज़ पैदा होकर सुनने वालों के दिलों पर तुरन्त असर कर जावे–

ध्वनि ज़िला–ताल क़ौवाली–लय दर्मियानी–वक़्त दो पहर–
तर्ज़–"हमभी मरैंगे यारकी दीवार के तले"

फ़र्द

देता है तेरी फ़ौज में नक़ारा जब फ़ज़क
आता है साफ़ चोबकी सूरत नज़र हिलाल

ध्वनि देश–ताल पश्तो–लय धीमी–वक्त १० बजे रा

तर्ज–"मज़ा सोहबत मर्द साभी कहीं है"

शेर

जगह जी लगाने की दुनिया नहीं है

यह इबरतकी जा है तमाशा नहीं

ध्वनि देश–ताल कौवाली–लय दर्मियानी–वक्त १० बजे रात
तर्ज़"सुताने माहवश उजड़ी"

मिसरा

चराकारे कुनद आक़िल कि बाज़ आयद पशेमानी

दूसरा सप्तक						
सा	रे	गा	०	पा	०	०

दे ता है तेरी फ़ौ ज में नक़ क़ा रह
सा रे × ४ गा. रे सा. रे गा पा.

जब फ़ लक
गा रे सा.... ः

दूसरा सप्तक						
सा	रे	गा	मा	पा	धा	०

जगह जील गाने की दुनि या न हीं है
सा × ४ ० गा धा॰ पा मा॰ गा.... ⁘

पहिला सप्तक	दूसरा सप्तक	तीसरा सप्तक
० ० ० ० ० ० ०	सा रे गा ० मा पा धा नी ०	सा ० ० ० ० ० ० ०

चराकारे कु न द अ अ किल ि बा ज़
* नी × ४ धा *नी सा *नी धा पा मा पा मा
आ अ यद प श ये म अ नी
* गा रे सा॰ * नी *सा रे रे ॰सा*नी ⁘

ध्वनि देश—ताल दादरा—लय तेज़—वक़्त १० बजे रात—
तर्ज़—" क्या हिना थी जो चमन "

रुबाई ।

जबतक थे गिरह में अहमक़ों के पैसे
सब कहते थे उनको आप ऐसे ऐसे

मुफ़लिस जो हुये तो फिर किसी ने ऐ ज़ौक़

पूछा न कि थे कौन वह ऐसे तैसे

दूसरा सप्तक						
						*नी
सा	रे	गा	मा	पा	धा	०

स्थायी

ज	ब	तक थे गिरह में	अहमक़ों	क़	ये	प
सा	रे	गा × ५	मा×३	.गा	.रे	..रे

(जल्दी)

ये	ये	से	÷
..गा	..मा	गा....	

अन्तरा

मु	फ़	लिस जो हुये तो फिर	कि	सी	ने	ऐ
गा	.मा	पा × ६	मा	पा	*नी.	धा.

ज़ौक़	÷
पा....	

सूचना ।

(१) यह गायन कुछ सफ़ाई से बजाई जावेगी और ज़मज़मों से भरी है—

(२) मात्रा का ध्यान रखना आवश्यक है—

(३) अन्तरा दुगुनी आवाज़ में बोला जावेगा—

(४) हाथ की उँगलियां लचकती रहैं तो फिर गायन आनन्द-मय होजावेगा—

ध्वनि सिन्धु भैरवी–ताल दादरा–लय धीमी–वक्त शाम या बाद दोपहर–

तर्ज़–"दिलमें तेरा है नारसा"

क़िता

हज़रत सईदी शीराज़ी

बल ग़ल् अला बिकमालिही
कशफ़द्दुजा बिजमालिही
हसुनत् जमीउ खिसालिही
सल्लू अलैहिव आलिही

दूसरा सप्तक	तीसरा सप्तक
० ० ० मा पा धा ०	सा ० ० ० ० ०

(१) वलग़ल् अला बिक मा लि ही
धा × ४. पा×२ धा. रे˜. सां..

(२) कशफ़ द् दु जा बि ज मा लि ही
धा × २ पा मा × २. पा धा.. पा मा....

(१) नंबर (१) के ढंग पर पहिला पद और नंबर (२) के ढंग पर दूसरा पद बजेगा ध्यान देकर बजाइये–

(२) अरबी शब्दों को फ़ारसी के ढंग पर कहो अर्थात् हलक़ पर ज़ोर मत दो–

ध्वनि पहाड़ी-ताल नकटा-लय धीमी-वक्त रात दिन-

तर्ज़-" दिलमेरा ज़ुल्फ़ स्याह डस गई नागिन बनकर"

ग़ज़ल

हज़रत दाग़ देहलवी

यह तो पूछे मेरे मरक़द पै गुज़रने वाले
क्या गुज़रती है तेरी जान पै मरनेवाले
उम्र क्या है अभी कमसिन हैं न तनहा लेटैं
सो रहें पास मेरे ख़्वाब में डरनेवाले
लुत्फ़ क्या हो जो हों महेशर में भी दो दो बातैं
वह कहें कौन हो तुम हम कहें मरनेवाले
मंज़िले ऐश नहीं है यह सराये फ़ानी
रात की रात ठहर जायें ठहरनेवाले
दाग़े दिल दाग़े जिगर नक़्श जफ़ा नक़्श वफ़ा
न मिटाने से मिटैंगे यह उभरनेवाले
आप महेशर में भी हैं क़ौल के सच्चे क्या ख़ूब
उँगलियां उठैंगी वह आये मुकरनेवाले
हज़रते दाग़ जहां बैठ गये बैठ गये
और होंगे तेरी महफ़िल से उभरनेवाले

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक							
०	०	गा	०	पा	धा	नी	साˆ	रे^	गा^	मा^	०	०	०	

स्थायी

यह तो पू | छैं | मे | रे | मर | क़द | पै | गु | ज़
सा×३. | नी. | धा | रे^ | सा. | नी | धा | .पा | .धा

र/पा (ज़मज़मे पा–धा दोनों पर लगावो)

ने | व | अ | ले
गा. | पा. | .धा | सा .... ÷

अन्तरा

उम्रक | या | है अभी | कमसिन | हैं | न | तन | हा
सा×३ | .रे^ | ^गा×६ | | | ^रे | ^गा | ^मा.

ले | टैं
गा. | रे^ ....

सूचना ।

(१) शेष पहिले पद अंतरे के ढंग पर और दूसरे पद यानी मिसरे स्थायी के ढंग पर बजेंगे–

(२) इस ग़ज़ल को धीरे धीरे ठा की चाल में बजावो जिससे कुछ आनन्द भी आवे जल्दी नहीं करनी चाहिये–

ध्वनि देश–ताल पश्तो–लय धीमी–वक्त ११ बजे रात–
तर्ज़–" मैं वह रिन्द हूं "

मुस्तज़ाद ।

तालिबेवस्ल हूं यूसुफ़ सा तू इनकार न कर–है ज़ुलेख़ाकी क़सम
मान मजनूं का कहा हुज्जत व तकरार न कर–तुझको लैलाकी क़सम
सब्र की ताब नहीं जान भी घबराती है–लब पर आ जाती है
ज़ार हूं मानले कहना मुझे बेज़ार न कर–दिले शैदा की क़सम
मिन्नत व आजिज़ी इस वास्ते करता हूं मैं–तुझ पे मरता हूं मैं
शरबते वस्ल पिलादे मुझे बीमार न कर–है मसीहा की क़सम
देख इनकार अबस करती है पछितायेगी–मुफ़्त मरजायेगी
मुझ से यह हीले बहाने अरी मक्कार न कर–हक़ताला की क़सम

दूसरा सप्तक						
सा	रे	गा	मा	पा	धा	०

स्थायी और अन्तरा बराबर

ता	लि	बे	वस्ल हूं यू	सुफ़	सा	तू	इन	कार
सा.	गा	मा	पा × ४.	धा	पा	मा	..पा	गा×२.

न	कर =	
मा	पा....	

है	ज़ुलेखा	कीक़	सम
सा×३	गा..	.रे×२	सा....

सूचना ।

(१) पूरी ग़ज़ल मुस्तज़ाद उपरोक्त ढंग से बजावो–
(२) बहुधा मुस्तज़ाद इसी तरह बजाया करते हैं–
(३) धीरे धीरे उँगलियां चलावो–

ध्वनि ज़िला–ताल दादरा–लय दर्मियानी–वक्त तीसरे पहर–
तर्ज़–"तुझे सैर करने को घोड़ा दिया"

मस्नवी ।

बे नज़ीर बदरे मुनीर

अजब यह रविश है अजब बाग़ है
कि जिसका गुल ख़ुल्दको दाग़ है
किधर मेरी पड़ती है या रब निगाह
नज़र कौन आता है यह रश्के माह
बरस पन्द्रह याकि सोलह का सिन
जवानी की रातें मुरादों के दिन
खुलें रूय रोशन पर इसके हैं बाल
मेरे मुर्ग़ दिल के फँसाने का जाल

(१) अजब यह रविश | है | अ | जब | बा | ग़ | है
पा × ५ | मा॰ | पा | धा॰ | पा | मा | गा....

(२) कि जिसका गुल | ख़ुल | द | कोदा | ग़ | है
रे × ५ | सा | रे | गा×२. | रे | सा....

सूचना ।

(१) शेष सब गायन उपरोक्त ढंग पर बजैगी यानी पहिले पद नंबर (१) के ढंगपर और सब दूसरे पद नंबर (२) के ढंग पर बजेंगे–

(२) उँगलियों को धीरे धीरे चलावो और पासके पदों पर जहां तक हो ज़मज़में लगाते जावो–

ध्वनि सोहनी–ताल पश्तो–लय धीमी–वक्त आधीरात–
तर्ज़–"हर जगह मौजूद है पर वह नज़र आता नहीं"

नज़्म क़िस्सा ।

था इमन में इक बड़ा परहेज़गार
नाम था हामान उसका आशकार
ज़िक्र हक़ में रोज़ शब रहता था वह
मुफ़लिसी के दुख सदा सहता था वह
उस्के घर वाले थे सब उससे ख़फ़ा
कहते थे कुछ रिज़्क़ की कर फ़िक्र जा
छोड़ उनको चल दिया वह सूये दश्त
इश्क़ मौला ने दिखाया रूये दश्त
एक दिन हामान ने की यह दुवा
मौत का मैं मुहँ न देखूं या ख़ुदा
ता क़यामत मैं अगर या रब जिऊं
याद में तेरेही रोज़ो शब रहूं
दी फ़िरिश्ते ने बशारत यह उसे
मौत आयेगी न ऐ हामां तुझे
याद ख़ालिक़ में दिले रहता मुदाम
वर्ना फिर हो जायेगी तुर्की तमाम
मर्तबा हामान को जब यह मिला
रश्क तब शैतान को उससे हुवा
आग बन में उसने अफ़सूं से लगा
ख़ुश्क आब उस दश्त का सब कर दिया
प्यास से मुज़्तर हुवा हामान जब
ले शराब हाज़िर हुवा शैतान तब
औ पिलाई उस्को लाकर दाम में
याद हक़ भूला वह बस इक जाम में

हो गया हामान शैतां का मुरीद
कर दिया उस पाक को मैंने पलीद
फिर हुआ शाहे इमन वह बादश्ख़्वार
साथ शैतां उसके था लैलोनहार

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	०	मा	०	धा	नी	सां	रें	०	०	०	०	०

स्थायी और अन्तरा बराबर कर दिया गया है

था	इ	मन	में	इक	ब	ड़ा	पर
मा	धा	नी	सा	रे	सा	नी	सा

※ (नी—धा)	ह	ये	ज़	गार
जल्दी	.धा	·· नी सा.	नी	धा....
	जल्दी			

यह ही ढंग क़िस्सों की नज़्म के लिये सबसे अच्छा है बहुधा क़िस्से रात के वक़् पढ़े जाते हैं दिनमें इनको बहुत कम देखते हैं कारण कि दिन में इतना समय नहीं मिलता—

उपरोक्त कारणों पर दृष्टि रखकर हमने इस पद्य पर रात के समय की रागिनी कल्याणी स्थिर की है प्रथम तो यह मस्त रागिनी होती है दूसरे क़िस्सा कैसाही निरर्थक क्यों न हो इस रागिनी के अलाप से मनभावता हो जाता है—

(नोट) सब नज़्म उपरोक्त ढंग पर बजेगी—

ध्वनि भाग–ताल क़ौवाली–लय धीमी–वक़्त १२ बजे रात–
तर्ज़–"एक तीर फेंकता जा तिरछी कमान वाले"

ग़ज़ल ।

मैं वह क़ल्ब मुज़्तरब हूं जिसे कल से कल न आये
मैं वह नख़्ल बे समर हूं जो फलूं तो फल न आये
मुझे जोश में जिनूं के जो ख़याल है तो यह है
मेरा हाल ज़ार सुनकर कहीं वह निकल न आये
वह मज़ाके इश्क़ है क्या जोकि एकही तरफ़ हो
मेरी जान मज़ा तो जब है कि तुझे भी कल न आये
न मरो तुम उन पै मुज़्तर कि यह बुत हैं चन्द रोज़ा
तुम उसी ख़ुदा को पूजो कि जिसे अजल न आये

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	गा	मा	पा	धा	नी	सा̑	रे̑	गा̑	०	०	०	०

स्थायी

मैं वह कल बे मुज़ त रब हूं जिसे कल

गा×२ पा. गा पा. धा सा̑ नी.. धा×२ पा.

से कल न आ ये

मा धा. पा मा गा....

अन्तरा

मुझे जोश ये जि नूं में जो ख़ या

पा×२ धा×२ .सा रे̑ गा×२ रे̑×२ सा̑.

ल है तो यह है

नी रे̑ .सा̑ नी. धा....

सूचना।

(१) शेष सब गायन उपरोक्त ढंग पर बजावो यानी अन्तरे के ढंग पर पहिले पद और स्थायी के नियम से दूसरे पद ग़ज़ल के बजैंगे—

(२) जब "कल से कल न आये" बजावो तो "आये पर" ज़मज़मा दो—मा—गा—दोनों पर लगेगा—

(३) "मुज़तरब" पा—धा—नी—सा—पर एक बार भी बजा सकते हो—

ध्वनि जिला—ताल कौवाली—लय दर्मियानी—वक़ बाद दोपहर—
तर्ज़—"क्या भीड़ मैकदेके दर पर लगी हुई"

मुसद्दस।

दुर्गाप्रसादजी

क़ुदरत की है लकीर दयानंद ने लिखा
भीषमपिता ने यही युधिष्ठिर से था कहा
इंसान वह जिसने इन्द्रियों को बस में कर लिया
है वही इन्द्र वरुन वही वह है देवता
क़ब्ज़े में उसके दुनिया की दौलत तमाम है
दुनिया का माल सामने उसके गुलाम है
गुरुकुल बग़ैर ब्रज की रक्षा मुहाल है
गुरुकुल बग़ैर धर्म की शिक्षा मुहाल है
यों ब्रह्मचारियों की परीक्षा मुहाल है
गुरुकुल की बरकतों की यह अदना मिसाल है
भीषम से और जनक से अगर चाहो हों यती
गुरुकुल बनावो जायगी मिटि सब यह दुर्गती
भारत में अमनसिंह जी हैं साहबे हमम
राजा बली से जिनकी सख़ावत नहीं है कम
हरिश्चन्द्रजी से आपने आगे रक्खा क़दम
नाज़ुक समा था जिनमें किया आपने करम
भारत के हाल ज़ार पै करके दया बड़ी
गुरुकुल को दान देदिया गावँ अपना कांगड़ी
दाख़िल हुये हैं बच्चे गुरुकुल में आज जो
निकलेंगे वेद पढ़के यह भारत का ताज हो
संसार से उठायेंगे यह बद रिवाज को
फैलायेंगे यह दुनिया में आर्यसमाज को

दूसरा सप्तक								तीसरा सप्तक						
						नी								
०	०	०	मा	पा	धा	०	सा	रे	गा	०	पा	०	०	

(१) कुद् रतकी है ल की र दया आ
सा रे ×४ गा. रे सा ×२ .. रे.
नन द ने लि खा
गा पा. गा. रे सा....

(२) भी षम पि ता ने यह ही युधिष
नी सा. .रे सा नी धा पा मा×२
ठिर से था क हा
पा×२ धा. नी* सा....

सूचना।

(१) शेष सब मुसद्दस उपरोक्त ढंग से बजाइये—

(२) नंबर (१) के ढंग पर सब पहिले पद और नंबर (२) के ढंग पर सब दूसरे पद बजेंगे—

(३) दूसरा पद छाती पर ज़ोर देकर गाया जावेगा और आवाज़ को घटाना पड़ेगा—

ध्वनि जंगला–ताल क़ौवाली–लय दर्मियानी–वक़्त बाद दोपहर–
तर्ज़–" हज़रते दाग़ जहां "

सेहरा।

हज़रत ज़ौक़ देहलवी।

ऐ जवांबख़्त मुबारक तुझे सर पर सेहरा
आज है इमन व सआदत का तेरे सर सेहरा
आज वह दिन है कि लाये दुरे अंजुम से फ़लक
किश्तये ज़र में मह नौ के लगाकर सेहरा
एक को एक पै तज़ई है दमे आरायश
सरपर दस्तार है दस्तार के ऊपर सेहरा
इक गुहर भी नहीं सदकान गुहर में छोड़ा
तेरा बनवाया है ले ले के जो गौहर सेहरा
सर पै तुर्रः है मुज़ैयन तो गले में बद्धी
कँगना हाथ में ज़ेबा है तो सर पर सेहरा
रूनुमाई में तुझे दे मह व ख़ुरशेद फ़लक
खोल दे मुहँ को जो तू मुहँ से उठाकर सेहरा
दुर ख़ुशआब मज़ामीन से बनाकर लाया
वास्ते तेरे तेरा ज़ौक़े सनागर सेहरा

दूसरा सप्तक								तीसरा सप्तक						
						नी								
०	०	०	मा	पा	धा	०	सां	०	०	०	०	०	०	

स्थायी

ऐ जवां बख़्तमुबा रक तु फ़ेस र पर से
*नी × ७ धा॰ पा मा×२ पा धा॰ *नी
ह रा *
धा पा....

अन्तरा

आज वह दिन है कि ला ये दुरे अन जुम से
मा×२ पा *नी × ४॰ पा×३ *नी सा॰ नी*
फ़ लक :
धा पा....

सूचना ।

(१) इस सेहरे को उपरोक्त ढंग से वजाइये–

(२) यह सेहरा भिन्न भिन्न रंगतों में गाया जाता है परन्तु मैने बिल्कुल नये ढंग पर स्केच खींचकर दिखाया है–

ध्वनि जिला–ताल दादरा–लय दर्मियानी–वक्त पूरा दिन–
तर्ज़–" हाय कौशल्या तेरी जाई "

खमसा ।

आतश ।

अगिया लागी सुंदर बन जलिगयोरे

(१) भड़क के इश्क़की सारे बदन में आग लगी
वह ख्वाला आहका सारे चदन में आग लगी
तेरे तो आतशे रुख़से चमन में आग लगी
मेरे तो जानो जिगर और मन में आग लगी
यह रो रो कहती थी बुलबुल चमन में आग लगी
अगिया लागी......

(२) किया इलाज अतिब्बा ने ना रसाई से
न आखिरस हुई सेहत किसी दवाई से
यह रंग जिस्म का है तेरी आशनाई से
जली है लाश मेरी आतिशे जुदाई से
मदद को पहुँचो सनम अब कफ़न में आग लगी
अगिया लागी......

(३) वह क्या हिना थी चमन से मँगाई शीरीं ने
और उसकी खलक़ में शोहरत उड़ाई शीरीं ने
यह सब को मीर अजायब दिखाई शीरीं ने
उधर तो हाथों में मेंहदी लगाई शीरीं ने
फिर उस तरफ़ को दिले कोहकन में आग लगी
अगिया लागी......

(४) तुम्हारी चुप से मेरी चुप ज़बां है बोलो तो
हमारे दिलमें कुछ औरही गुमां है बोलो तो
लबों को देख के हैरां जहां है बोलो तो

मिस्सी ये होठों पै है या धुवां है बोलो तो
यह सुर्खी पान की है या दहन में आग लगी
अगिया लागी........

(५) भरे थे कुमकुमे हरएक गुल की झोली में
गुलों ने घेर लिया था उसे ठठोली में
छिड़कते जाते थे हरएक रंग चोली में
गुलाल जुल्फों में उनकी पड़ा था होली में
तो लाला बोला कि मुश्के खुतन में आग लगी
अगिया लागी........

(६) अगर्चे होते हैं गुलरुख हज़ार गुस्से में
पै इस तरह की न देखी बहार गुस्से में
यह वस्फ़ तुझही में देखा निगार गुस्से में
हुवा है चेहरा तेरा ज़र्द यार गुस्से में
तो बुलबुलों ने भी जाना कि चमन में आग लागी
अगिया लागी........

(७) हुवा जो अम्र कशिश दिलका दिलमें तब उसके
वह खुद बखुद वह लगा दौड़ गले से मेरे
यह सैर जिसने न देखी वह आनकर देखे
तलब जो बोसा किया मैंने उस भभूके से
ज़बां तो शमा बनी और दहन में आग लगी
अगिया लागी........

(८) मिला है नामेखुदा मुझको इक सनम ऐसा
कि जिसके देखने से होते हैं सैकड़ों शैदा
मैं भूली बातों का उसके बयां करूं क्या क्या
शफ़क को देखके कहता है नौजवां मेरा
अजब तमाशा है चर्खेकुहन में आग लगी
अगिया लागी सुँदर बन जलिगयोरे

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
					नी			धा					
सा	रे	गा	मा	पा	धा	०	सां	०	०	०	०	०	०

(१) अगिया लागी सुन दर ब न जल ग यो :
मा × २ गा×२ सा रे गा×२. रे सा....

(२) भड़क के इश्क की सा रे बदन में आग ल गी :
सा×२ रे गा × ४ मा × ३ गा रे×२ मा गा ..

शेष तीनों पद इसी ढंग पर बजाइये–ज्ञात हो कि सब चौक गायन के इसी ढंग पर बजाये जावेंगे–ज़मज़मे इस कारण नहीं दिये गये कि यह चौकड़ी ज़मज़मों से भरी है सीखनेवाले की समझ में आना कुछ कठिन होगा यदि अँगुलियों में लचक हो तो शौक से ज़मज़मे दीजिये परन्तु उपरोक्त ढंग भी अच्छा है–

(३) यह रो रो कहती थी बुलबुल च मन में आ
गा×२ मा पा × ५ गा पा धा *नी सां

ग ल गी :अगिया लागी ....
..धा×२ पा...

सां विशेष ज़रूरी नहीं

शेष पांचो पद इसी प्रकार से बजैंगे ध्यान करके बजाइये–

ध्वनि ज़िला–ताल दादरा–लय धीमी–वक़् तमाम दिन–
तर्ज़–" अरे वाह मियां जी वाह "

साक़ी नामा।

देहली पंच।

(१) हमें देता है साक़ी क्या पियाली
करें हम खुम के खुम दम भर में ख़ाली
मैं वह हल्क़ः बगोश दुख़्तरज़हूं
कि-बेची आख़िरश बीबी की बाली।
जवानी के नशे में आंख है बंद
और उसपर है सितमकी देखाभाली
यह दौर इनक़िलाव आस्मां है
हरामी बनगये सदहा हलाली
शरर क्या बात है उस कमसखुन की
अदू से बात की और तुझ पै डाली
रहे मै ख़्वार का जब हाल बेहाल
कहां से आवे चेहरे पर वहाली

देहली पंच।

उपरोक्त ढंग पर।

(२) सुनों जी ! ओढ़ली जब हमने लोई
कहो ! फिर क्या करेगा हमरा कोई
हसीनों की सदा चाहे ज़क़न में
बड़ों के नाम की लुटिया डुबोई
था जबतक गांठ में पैसा थे सब यार
नहीं अब पूछता कौड़ी को कोई

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
						नी०							
०	रे	गा	मा	पा	धा	०	साँ	रें	०	०	०	०	०

स्थायी

हमें दे	ता	है सा	की	क्या	प	इ	आ ली
※नी×३ ··	धा·	पा×२	मा ··	धा·	·धा	·मा	·गा रे····

अन्तरा

वह	हल्क़ः ब	गोश	दुख़	त	र	ज	हैं
·मा	पा×३	※नी×२	साँ··	※नी	·रे	सा	※नी ··

[उन उन उन उन] तान [तोड़]

उन	उन	उन	उन
·धा	पा	·मा	पा····

सूचना ।

(१) यह हास्यरसपूरित साक़ीनामा सार्थक और परिणाम से भरा है—

(२) पहिले मिसरे अन्तरा के ढंग पर और दूसरे मिसरे स्थायी के ढंग पर बजाइये और छोटी सी (तान) तोड़ के अवश्य बजाइये आनन्द से भरा है—

ध्वनि ज़िला—ताल दादरा—लय चलती हुई—वक़ तमाम दिन—तर्ज़—" आया करो इधर भी मेरी जां कभी कभी "

मरसिया।

मुहर्रम।

मज़लूम बेवतन है कि प्यासा हुवा शहीद
दरिया तरफ़ लेजाओ जनाज़ा हुसेन का
भाई है तेरा लाल वरूथे ज़मीं पड़ा
वहां से उठाये आवो जनाज़ा हुसेन का
आदर गरीब जोकि अदम में है बेक़रार
जल्दी उसे दिखावो जनाज़ा हुसेन का
फूलों का होये साया जहां और हवा हो सर्द
चलकर वहां रखाओ जनाज़ा हुसेन का
अब्बास और अकबरो क़ासिम को साथ लो
बासर फ़ुगां बुलावो जनाज़ा हुसेन का
पूंछे जो कोई किसका जनाज़ा है यह अगर
जाता है देखलो यह जनाज़ा हुसेन का

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	गा	मा	पा	धा	नी	सा	रे	गा	०	०	०	०

स्थायी

मज़लूम ये व	तन है कि प्या	स	आ	आ	हु	वा
सा ×५	नी. धा × ३	.पा	.धा	पा.	मा	गा.

श	हीद
मा	पा....

अन्तरा

भाई है तेरा	ल	अ	ल	अरु	ये	ज़ मीं	प
सा ×५	रे	गा	रे	सा ×२	नी	धा रे	सा

ड़ा	(आ	आ	आ)
नी....	.धा	.पा	धा....

सूचना।

(१) मरसिया गान के नियमानुसार अच्छे नहीं होते क्योंकि यह विल्कुल गद्य की तरह बोले जाते हैं और ताल का ध्यान तक नहीं रहता इसकारण हम असल ढंग बतलाने को पसन्द नहीं करते कारण कि प्रेमीलोग मनमानी इच्छा पूरी न कर सकेंगे इससे इस मरसिया को ग़ज़ल की ध्वनि पर दिखाया है और वहुधा सभाओं में मुसलमान लोग इसी तर्ज़ को पसन्द करते हैं—

(२) पहिले पद अंतरे के ढंग पर और दूसरे स्थायी के ढंग पर बजैंगे—

ध्वनि देश–ताल क़ौवाली–लय दर्मियानी–वक़् १० बजे रात–
तर्ज़–" मुनव्वर शाहज़ादा का शिफ़ा पाना मुबारक हो "

मुबारकबाद ।

आर्यसमाज ।

यह जलसा तुमको सालाना मुबारक हो मुबारक हो
मिले हैं ख़ेश बेगाना मुबारक हो मुबारक हो
सुशोभित आपने जो आज मंदिर को किया साहब
करम हमपर यह फ़र्माना मुबारक हो मुबारक हो
कहां था देशका हित और कहां पर उसकी उल्फ़त थी
रंडियां बूढ़ी बुलाव कि है बूढ़े की बरात
बूढ़े खूसट का वही गायेंगी मिलकर सेहरा
बूढ़े नौशा की सवारी को गधा मौज़ूं है
और टूटे हुये जूतों का बँधे सर पै सेहरा
तालियां बजती हैं लाहौल के नारे हैं बुलन्द
कैसा मौज़ूं है यह खन्नास के सर पर सेहरा

दूसरा सप्तक						तीसरा सप्तक						
०	०	मा	०	०	०	सां	०	०	मां	०	०	०

जब बँधा सर पै ते रे बू ढ़े मु
रे ×३ सां —नी धा* धा*नी*मां —नी* धा* मा*

छ न द र सेह रा
मा मा*-- धा* मा*— मा*धा*नी* धा*--

जब बँधा सर पै तेरे बू देमु छन द र
मा ^ * × ६ – गा*- मा*×३ धा* नी*-- सा ^
से हरा ⁘
नी* धा*--

अन्तरा

रंडिया न बू डी बुला व के है
सा ^×३ नी* नी*सा ^ रे ^ * रे ^ *×३ धा* सा ^×३
बू डे की ब रात आ †
सा ^ रे ^ * *गा ^ मा ^ गा ^ * रे ^ * सा ^ नी* धा*नी*--

† यह टुकड़ा हर अन्तरे के पीछे अवश्य बजाना चाहिये जिसमें आवाज़ उतार पर आ जावे–

नोट–शेष पहिले मिसरे अन्तरा के ढंग पर और दूसरे मिसरे स्थायी के ढंग पर बजेंगे–

गायन

आशिक़ व मालिन का झगड़ा

अंगरेज़ी वज़न

गजरा बेचन वाली तू कहां चली
फूलों के गजरे सैयां बेचन चली
गजरा.................. ⁘

फूलों का हार प्यारी मुझको पहिना दे
फिर तो खिले मेरे दिलकी कली
गजरा.................. ⁘

जाव-जाव सैयां मोसे न बोलो
तुमतो फिरते हो सैयां गली गली
गजरा.................. ⁘

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
			धा	नी			रें	गां					
०	०	०	०	पा	०	०	सां	०	०	मां	०	०	०

गज रा बे चन † वा ली तू क हां

धा* पा धा* नी*- धा* धा*नी * सां- सां रें* सां

च ली

नी* धा*-

अन्तरा—

फूलों का हार प्यारी मुझको पिन्हा दे

सा×२ रे* गा*×४ मां×४ *गां-

फिरतोखिले मे रे दिल क ई क ली

मां×४ *गां मां *रें *गां*---रें *मां गां*

गजरा बेचन वा ली तू क हां च ली

सां×४ *नी सां- *रें×२ सां. *नी धा*--

† यह टुकड़ा प्रत्येक अन्तरे और स्थायी के पीछे लगाइये—

नोट—मर्दाना हिस्सा धीमी चाल में और ज़नाना हिस्सा तेज़ी से गाया जावेगा—" फिर तो खिले मेरे दिल की कली " यह बोल नज़ाकत से अदा होगा—मुख्य कर शब्द " दिल की कली " ❖

गायन

खान्दान हामा

दादरा

तर्ज़—"मारेपड़े हम तिरछी नज़रके"

मारे पड़े हम प्यारी फवन के—
प्यारी फवन के जी नाज़ुक वदन के
मारेपड़े………… ∴

इनकार छोड़ो—इक़रार जोड़ो—
दूल्हा बनावो जान प्यारी दुलहिन के
मारेपड़े………… ∴

मिसरी खिलाऊं शर्बत पिलाऊं
बोसे दे डाल प्यारी प्यारे दहेनके
मारेपड़े………… ∴

दिलका गनी हूं घर का धनी हूं
गमज़े दिखाव मोहिं सारे जोबन के
मारेपड़े………… ∴

दूसरा सप्तक	तीसरा सप्तक
रे, गा, मा, धा, नी	
० ० ० मा ० ० ०	० ० ० ० ० ० ० ०

मारे प ड़े य हम प्या री फव न के
माX२ गा* मा धा* मा*– मा गा* माX३ गा* रे*--
प्यारी फ ब न के जी नाज़ुक ब द न् के .:०-
धा*X२ नी* धा* मा* मा गा* गा*X२ मा* मा गा*रे*–
इनका र छोड़ो इक़रार जो ड़ो दूल्हा ब ना
माX२ मा*धा*X२– नी*X४ धा*– माX२– गा* मा
वो जान प्या री दु ल हिन के .:.
धा* मा*– मा गा*– मा* मा गा*रे*–

नोट—शेष गायन उपरोक्त ढंगपर बजाइये—

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	०	०	पा	०	०	सा	०	०	मा	०	०	०

म न मै लमिटे त न ते जबदे द. ये

धा* पा धा*- नी*×३- धा* पा धा* नी ×३ नी* सा

रं ग भं ग का ल व टा

रे..- गा*×२ रे* सा- नी* सा धा*-

नोट—अगले दोनों पद इसी प्रकार बजैंगे-फिर यह बजावो-

तन साफ़ मन साफ़ हो सा फ़ आद मी खो वो

मा गा*- मा रे*- सा×२ रे*×३ सा .नी*..सा

टा

धा*-

ल य क़न्द दू ध में घो ला

सा रे*- गा*×३ मा मा*- मा गा*-

" तो भंग बना अनमोला-कर पार भंग का गोला-हर वार बोल बम्भोला" तीनों पद " ले क़ंद " के ढंग पर बजावो-

उठ भोर नहा के गंग

रे*×३ रे*×२ गा* रे*-

चढ़ा ले भंग आदि इसी प्रकार बजावो पीछे नीचे का टुकड़ा बजावो-

दिखादे जंगी कूंड़ी स व टा

गा*×३ रे*×२ सा×३- नी*... सा- धा*- फिर

पहिले से बजावो—

गायन

हरिश्चन्द्र

अंगरेज़ी वज़न–

मन मैल मिटे तन तेज बढ़े दे रंग भंग का लोटा

सौ रोग टले सौ सोग जले करे भंग अंग को मोटा

जब तार जमे आज़ार रमे तो हाथ बढ़े जी मोटा

तन साफ़ मन साफ़ हो साफ़ आदमी खोटा

ले क़न्द दूध में घोला–तो भंग बना अनमोला

कर पार भंगका गोला–हरवार बोल बम्भोला

उठभोर–नहाके गंग–चढ़ाके भंग–जमाले रंग

निराले ढंग–दिखादे जंगी कूंड़ी सोंटा

मनमैल मिटे..................

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	०	०	पा	०	०	साँ	०	०	माँ	०	०	०

म न मै लमिटे त न ते जबदे द. ये

धा* पा धा*–नी*×३–धा* पा धा* नी ×३ नी* साँ

रं ग भं ग का ल व टा

रे..ँ–ँगा*×२ रे ँ* साँ–नी* साँ धा*–

नोट—अगले दोनों पद इसी प्रकार बजैंगे–फिर यह बजाओ–

तन साफ़ मन साफ़ हो सा फ़ आद मी खो बो

ँमा ँगा*–माँ रे*–साँ×२ रे*×३ साँ .नी*..साँ

टा

धा*–

ल य क़न्द दू ध में घो ला

साँ रे*– ँगा*×३ माँ माँ*–माँ ँगा*–

" तो भंग बना अनमोला–कर पार भंग का गोला–हर वार बोल बम्भोला" तीनों पद " ले क़ंद " के ढंग पर बजाओ–

उठ भोर नहा के गंग

रे*×३ रे*×२ गा* रे ँ*–

चढ़ा ले भंग आदि इसी प्रकार बजाओ पीछे नीचे का टुकड़ा बजाओ–

दिखादे जंगी कूंड़ी स व टा

ँगा*×३ रे*×२ साँ×३–नी*... साँ– धा*– फिर पहिले से बजाओ—

गायन

रसिया

तर्ज़—"गौना करदेरे बाप महापापी गौना करदे"

बिन बादर बिजुली कहां चमकी—बिन बादर
न कहीं बरसे न कहीं गरजे--गोरिया के माथे बेंदिया चमकी
बिन बादर—

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	रे	०	मा	०	०	०	सां	०	०	०	०	०	०

बिन बादर बि जुली क हां चम की बि न
रे × ६ गा*×३ मा— नी*×२ धा*— मा गा*

बा दर न क हीं ग रजे न क हीं ब
मा— गा*×२ मा×२ धा*×२ नी*×२— धा*×२ नी* धा*

र से
मा गा*

गोरिया के मा थे य बें दिया च म की
रे*×५— सा नी* नी* धा*×२ धा* नी* नी*

बि न बा दर फिर पहिले से बजाइये—
मा गा* मा गा*×२

नोट—फिर पहिले से बजाइये-इस वज़न पर सैकड़ों रसिया प्रचलित हैं—चाल और आवाज़ दर्मियानी रहे वक़्फ़े का ध्यान रखकर बजाइये—

गायन

मुरीदशक—दादरा

कोई मुझे बूटी पिला के लुभागया कोई मुझे बूटी पिला के लुभागया—

वड़े सबेरे जो कोइ छाने वाकी लम्बी डीट
उड़ती चिड़िया वह पहिंचाने गिरी सड़कके बीच
सबेरे फेर छनेगी भंग

दुसरे पहरे जो कोइ छाने वाके लम्बे कान
तवा कटोरा बेच डाल के घर लोटे पर ध्यान
सबेरे फेर छनेगी भंग

तिसरे पहरे जो कोइ छाने ज्यों भादौं की कीच
घर के जानैं मर मये औ आप नशे के बीच
सबेरे फेर छनेगी भंग

चौथे पहरे जो कोइ छाने बचा आपही आप
बे जोड़ू बे ससुरे के हो छः बच्चे का बाप
सबेरे फेर छनेगी भंग

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
०	०	०	०	०	०	०	साँ	०	०	माँ	०	०	०

बूटी पिला के लुभायग यो कोईसु भ्के बू
रे ॅ * × ६ ॅगा* सां×३ रे ॅ* सां

टी पिला
नी*×२

के लु भा य ग यो रे बड़े सेरे जो कोईछाने
धा*- नी* सां रे ॅ* सां नी* धा*- - रे ॅ*×५ ॅगा*×४

वाकी लम बी डीट
मां×३ रे ॅ* ॅगा*- -

उ ड़ती चिड़िया को पहिंचा ने गि री स
रे ॅ* रे ॅ* ॅगा*मां मां × ६ ॅगा*×२ मां×२

ड़क के बीच
गा*- रे ॅ* सां

सेवेरे फेर छनेगी भंग
रे ॅ * × ७ ॅगा*-

सबेरे फेर छने गी भंग
रे ॅ*×४ सां×२ नी* धा*- -

नोट—शेष गायन उपरोक्त ढंगपर वजाओ-रफ़्तार पहिले दर्मियानी रहे फिर दुगुन करदो—(अड़त) पर जमज़मा नहीं है किन्तु लगाव है—लगाव उसको कहते हैं जिसमें पर्दे पर एक

गायन

अलीबाबा चालीस चोर

अंगरेज़ी वज़न—चूरनवाला—

चूरनवाला—मैं देहली से हूं आया—अच्छे अच्छे चूरन लाया
जिसने एक ज़रासा खाया—उसने बेहद लज़्ज़त पाया
बाज़ारी—जिसने चूरन तेरा खाया—उसने लज़्ज़त कुछ ना पाया
बल्कि आख़िरको पछिताया—ओवे कैसा चूरन लाया
चूरनवाला—जो कोइ चूरन मेरा खावे—उसकी बीमारी सब जावे
मिस्ल रुस्तम वह कहलावे—कुश्ती देवों को लड़वावे
बाज़ारी—तेरा चूरन जो कोइ खावे—उसको बदहज़मी होजावे
गर्दन उसकी मौत दबावे—सीधा सोनापुर में जावे

पहिला सप्तक							दूसरा सप्तक						
										मा			
०	०	०	०	०	०	०	सा	०	गा	०	०	०	०

मैं देह ली से हूं आ या अच्छे अ च्छे चू रन
सा रे* गा×२ गा* गा मा* धा*×२ गा मा* गा गा*

लाया
रे*×२—:

" जिसने एक ज़रा सा खाया उसने बेहद लज़्ज़त पाया "

उपरोक्त ढंग पर बजेगा—आगे इस प्रकार बजाइये—

जिसने चूरन तेरा खाया उसने ल ज़्ज़त कुछ ना पाया
धा*×८ मा*×३ धा*×३ मा* गा×२

बल्कि आ ख़िर को पछ ताया ओ बे तू कै सा चू
गा × ३ मा*×२ गा×२ गा*×२ रे* सा रे* गा* गा×२

रन लाया
गा* रे*×२:

नोट—आगे सब चूरनवाले का जवाब इसी प्रकार बजेगा चाल एकसी रहेगी ठा में बजाइये—

गायन

ताजनेकी

अँगरेज़ी वज़न–

सुनो मेरे यारो यह छैल का कहना अकेले रहना बड़ा मज़ेदार–

जंजाल हैं जोड़ू बच्चे–पामाल हैं अच्छे अच्छे–हैं हाल यह सच्चे सच्चे शादी के यार–

सुनो मेरे यारो.........॥

जोड़ू लाके घर बना के याद सबक़ किये तीन

तेल नहीं है नोन मँगादो लावो लकड़ियां बीन

सुनो तुम और मज़ेदारी

चोरी करो-क़ैद भरो-चाहे मरो-चाहे गिरो कुछ भी करो-

जोड़ू को पैसे का प्यार–

सुनो मेरे यारो.........॥

अजी जावो जी–अजी जोड़ू है खंजर की धार
अजी जावो जी–जोड़ू है फ़र्माबरदार-जोड़ू है फ़र्माबरदार
करूं इसको मैं प्यार-लड़ी बार बार-जोड़ू को पैसे का प्यार

सुनो मेरे यारो.........॥

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
				धा									
०	०	०	०	धा	०	०	सां	०	०	मां	०	०	०

सु नो मे रे यारो यह छै ल का क

धा* पा धा* नी* सा^×२ नी* सा^ रे^* ^गा*- रे^*-

ह ना अ के ले र ह ना व

^गा* रे^ *-सा^ नी* सा^- रे^*- ^गा* रे^*-सा^

ड़ा म ज़े दार

नी*-सा^ नी* धा*--

जंजाल हैं जोडू बच्चे—पामाल हैं अच्छे अच्छे

रे^ *×७ गा^ *×७

हैं हाल यह सच्चे सच्चे शा दी के यार जोडू लाके

सा^ ×७ नी* सा^- नी* धा*— रे^*×४

घर बनाके याद सबक़ कि ये तीन तेल नहीं है

^गा*×४ मा^×३ ^गा* रे^* ^गा* मा^ ×४-

नोन मँगादो लावो ल कड़ि यां बीन सुनो तुम औ

^गा*×४ रे^*×२ सा^ नी* धा* रे^*×३ नी*सा^

र मज़े दा री चोरी करो जोडू को पैसा

सा^ सा^×२ नी* धा*- रे^ *×४ सा×२ नी* सा^×२

का प्यार

नी* धा*--

नोट—शेष गद्यके साथ वजेगा—

गायन

दादरा

तरकारी ले लो मालिन तो आई बीकानेर की
सोया बेचूं पालक बेचूं औ बेचूं चौलाई
भरे बज़ार में डंडी मारूं मैं मालिन की जाई
रे तरकारी ले लो.......... :
गाजर बेचूं मूली बेचूं और बेचूं घुइयां
भरे बज़ार में आंख लड़ावे वही मेरा पिया
रे तरकारी ले लो.......... :
गाजर की तो तोप बनाई मूली का दरवाज़ा
शक्करक़न्द की तोप बनाई लड़े फ़िरंगी राजा
रे तरकारी ले लो.......... :
जैपुर बेचूं जोधपुर बेचूं और बेचूं बीकानेर
बैंगन बाबू से टिकट कटाया जाती हूं अजमेर
रे तरकारी ले लो.......... :

पाहिला सप्तक	दूसरा सप्तक

○ ○ ○ +मा ○ ○ ○ सा ○ ग ○ ○ ○ ○

तर	क	आ	री	ले	ए	लो	मा
+गा*×२	+मा	+धा*	+धा*—	+नी*	+नी*	सा—	+नी*सारे*

लिन तो	आई	बी	का	ने	र	से
रे*×२	सा×२	+नी*	सा नी*	+धा*—	+मा*	+मा

सोया बेचूं	पालक बेचूं	और	बेचूं	च	व	ला
रे*×४	गा*×५	रे*गा*मा	मा×२	गा*	रे*	रे*गा*मा

ई	भरे बज़ार में	डंडी मारूं	मैं मा	लिन	की	जाई
गा*--	मा×५	गा*×४	मा×२	गा*	रे*	सा×२

रे	तरकारी	ले	लो
+नी*-	+धा*×४	+नी*	सा

—मालिन तो आई बीकानेर से

फिर पहिले से बजाइये—

नोट—शेष सब पद उपरोक्त ढंग पर बजेंगे—

गायन

असीर हिर्स

अंगरेज़ी वज़न

जवां दूल्हे पै हूं मैं निसार

मुये खूसट पर हूं मैं निसार—तेरी मेरी जोड़ी बनी मज़ेदार

कि लूली लँगड़ी जोड़ी बनी मज़ेदार-अंधी कानी जोड़ी बनी मज़ेदार

सादी करूंगा—घोड़े चढूंगा फिर न करूं तकरार

मुझे वाली मँगा दे—बुन्दे भी लादे—साड़ी दिला दे मुझे चोली के साथ

तुझे वाली मँगादूं—बुन्दे भी लादूं—जूता घटा दूं तुझे मोची के हाथ

अभी लाऊं—अभी लाऊं—अभी लाऊं जान

फिर न करूं इनकार

जवां दूल्हे पै.................. ...... :-

पहिला सप्तक							दूसरा सप्तक						
०	०	०	+ मा	+ पा	०	०	सा	०	०	मा	०	०	०

जवां दूल्हे पै हूं मैं नि सार ते री मे

रे* × ५ सा +धा*– +नी* सा– +धा* +नी* सा

री जो ड़ी ब नी म ज़े दार शादी

+नी* +धा* +पा +धा* +नी* +धा* +मा* +मा +धा*×२

क रूं गा घोड़े च ढू न गा फिर न क रू

+नी* सा–रे*– सा×२ रे*सा +नी* +धा* +रे*×३ सा

न त क रार वाली मँ गा दे बुन्दे

+नी* +धा* +नी* सा– +धा*×२ +नी* सा रे*– सा×२

भी ल आ दे साड़ी दि ला दे मु झे चोली के

रे*सा +नी* +धा* गा*×३ रे* मा×२ गा* रे*×२ सा

साथ अभी लाऊं अभी लाऊं अभी ला ऊं

+नी*–सा×२ रे*– +नी*×२ सा– +धा*×२ +नी* सा-

जान

रे* --

नोट—"मुये खूसट पै जाऊं निसार–शादी का करो इक़रार" यह "जवां दूल्हे पै हूं मैं निसार" की ध्वनि पर बजेगा–

गायन

मज़ाक़िया होली रसिया

होली

मैं कैसे होली खेलूंगी सांवरिया के संग—रंग

अन्तरा—कोरे कोरे कलश मँगाये जामें घोला रंग

भरि पिचकारी मुख पर मारी चोली होगइ तंग

रंग मैं कैसे........ ∴

तबला बजे सरंगी बाजे औ बाजे मिरदंग

कान्हा जी की मुरली बाजे राधा जी के संग

रंग मैं कैसे........ ∴

लहँगा मेरा घुम घुमेरा आँगिया मोरी तंग

ख़सम हमारे बड़े निखट्टू पीकर लोटै भंग

रंग मैं कैसे........ ∴

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक							
सा	रे	गा	मा	पा	धा	०	०	०	०	०	०	०	०

मैं कै से हो ओ ली खेलूंगी य सां वरि या
सा सा रे गा गा– रे सा सा मा×४--- पा(जल्दी) गा गा मा गा

के संग रंग
रे गा गा रे सा सा×२-- फिर बजाइये–

कोरे को रे कलश मँगाये जामें घो ला रंग
गा×३ मा पा×५ धा×३ पा मा मा पा धा पा

भर पिचकारी मुख पर मारी चोली हो गई तंग रंग
धा × ४ पा × ४ धा×२ पा मा गा×२ रे×२

फिर पहिले से बजाइये–

नोट—"रंग" प्रत्येक शेर के पीछे मिलाना चाहिये—

गायन

असीर हिर्स

अंगरेज़ी वज़न

सूरत सीरत में चन्दा-हरफ़न कामिल है बन्दा

शकल मुछन्दर अक़ल में बन्दर ख़ासे कलन्दर वाह जी वाह-

मेम्बर बनकर घर घर फिर कर टैक्स लगायेगा बन्दा-

आ हा हा हा-वाह वाह वाह-ख़ूब निकाला यह धन्दा-

बुरे भले के सब के गले में टैक्स का डालूंगा फन्दा-

यारों में ग़ारों में भंगी चमारों में धोबी कहारों में पाऊंगा नाम-

कुर्सी पै बैठूंगा यारों में ऐंठूंगा-दौलत समेटूंगा मैं सुबह शाम-

मैं ख़ान बहादुर बनके-कर लूंगा-ज़र लूंगा-घर रिश्वत से भर लूंगा-

फिर चाल चलूंगा तनके-हां! मैं ख़ान बहादुर बनके-

तेरीमेरी प्यारी जोड़ी-एक अन्धा एक कोड़ी-मतलब पायेंगे मनके-

सूरत सीरत में चन्दा .... :-

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
सा	रे	गा	मा	पा	धा	नी	सा^	रे^	०	०	०	०	०

सूरत सी र त में च न दा हरफ़ न कामि ल है
सा × ४ रे गा×२ सा रे मा— मा×२ पा गा×२ मा गा—
ब न दा
रे गा सा- -
शकल मुछन्दर अ क़ल में बेन्दर ख़ आ से क़ ल न द
सा^ ×५— पा धा × ४ पा धा पा मा गा रे सा
र वा ह ज इ वाह मे भ्भर बनकर घर घर फिर कर टैक्स
रे गा मा गा रे सा सा गा × ३ रे मा × ३ गा—
ल गाये य गा ब न दा ॥
रे सा×२ रे गा गा रे सा-
आ हा हा हा ! वाह वावाह ख़ू ब ब नि क अ ल अ
सा^ × ४ — पा धा×३— पा धा पा मा गा रे सा रे—
यह य ध न दा बुरे भलों म यें स ब के ग लों में टै
गा मा गा रे सा.. सा^ ×५ नी धा नी नी धा पा धा मा
क्स का डा लूं गा य फ न दा ॥
गा रे सा रे गा मा गा रे सा
यारों में गारों में भं गी च मा रों में धो बी क हा रों
सा^ ×५ नी धा नी धा पा धा पा मा पा मा गा मा
में पा ऊं गा नाम
गा रे गा रे सा

मैं ख़ान बहा दुर बन के क र लूं गा ज़ र लूं गा
सा रे×३ गा धा×२ पा–र्सा नी धा पा– नी धा पा मा
च. र रि श त त से भ र लू न गा ⁖ फिर
धा पा धा पा मा गा रे गा मा गा रे सा– सा
चाल चलूं गा तन के † तेरी मेरी प्यारी जोड़ी ए क
रे × ३ गा धा×२ पा- र्सा × ६ रें
अन्धा एक कोड़ी मतलब पा यें गे य म न के
नी × ६ धा×२– पा धा नी र्सा नी धा पा–

नोट—यह गायन दुगुन में अच्छी रहेगी–

† इसके बादही "मैं ख़ान बहादुर बनके" बजाइये फिर आगे बढ़िये–

गायन

तमाशा लैला

अंगरेज़ी वज़न—

मज़ेदारी गिलौरी भरी लालियां
चातुर हूं नार–करूं न्यारा ब्योपार–मोरे पांवों में यार–
फँसे सेठ साहूकार–ऐसो जादू डालियां
मज़ेदारी गिलौरी........ ⁖

खाऊं खिलाऊं मैं बीड़ा बनाऊं–बीड़े में छप्पन मसाले मिलाऊं
लौंग इलायची और छालियां

नोट—"ऐसो जादू डालियां" कहतेही फिर "मज़ेदारी गिलौरी भरी लालियां" कहना चाहिये–

दूसरा सप्तक							तीसरा सप्तक						
					नी			गा					
०	रे	०	मा	पा	धा	०	सा	रे	०	मा	०	०	०

म ज़े दा री गि लौ री भ री ला लि यां
पा धा नी*सा नी*— धा पा मा रे पा×२ धा नी*

चातुर हूं नार क रूं न्यारा व्योपार मो रे पावों में यार
मा ×४— रे सा नी * ×४ सा नी* धा × ४

फँ से सेठ सा हू कार ऐसो जादू डा लि यां
नी* धा पा×२ धा मा पा— धा×४ पा— धा नी*

फिर पहिले से बजाइये—

खाऊं खि लाऊं मैं बी ड़े ब ना ऊं बीड़े में
नी*×३ सा×२ रे गा*मा मा गा* रे सा — गा*×३

छप्पन म साले मि ला ऊं लौंग इला यची और छा
रे ×३ सा×२ नी* सा नी* सा×४ नी*— धा पा—

लि यां
धा नी*— मज़ेदारी..............:

फिर पहिले से बजाइये—

इति

भूमिका

जब हारमोनियम सीखनेवाला मरम्मत करने में अभ्यास कर लेगा जिस अर्थ से कि यह पुस्तक बनाई गई है तो यह उसके चित्त में अवश्य विचार उत्पन्न होगा कि वह अपने हाथ से हारमोनियम भी बना ले कारण कि बहुत कुछ योग्यता इस पुस्तक के देखने से होजायगी–

इस कारण इस भाग में यह सब पुर्ज़े हारमोनियम के जोकि बहुधा असावधानी से खराब हो जाते हैं चित्रों सहित दिखाये गये हैं और उनकी मरम्मत के नियम मय उन आवश्यकीय मसालों के बनाये गये हैं इसके अतिरिक्त सैकड़ों बारीकियाँ और आवश्यकीय नोट लिखे गये हैं जिनसे प्रत्येक मनुष्य सुगमता से हारमोनियम बाजेकी मरम्मत कर सकता है। यदि साहस ऊंचा हो और हमारे समझाने पर ध्यान दे तो कभी नैराश्यता का मुख न देखेगा किन्तु सदैव सफलता प्राप्त करेगा–

शुभचिन्तक अपने कृपा करनेवाले रायबहादुर मुंशी प्रयाग नारायण साहब भार्गव प्रोपाइटर नवलकिशोर प्रेस लखनऊ को धन्यवाद देता है जिन्होंने दास के इस ग्रंथ को स्वच्छता से छापकर प्रकाशित किया है।

हम को आशा है कि आप इस पुस्तक को ध्यान से पढ़कर इसके अनुसार कार्य करेंगे और हारमोनियम बाजे की मरम्मत स्वयं अपने हाथों से कर लिया करेंगे–

ग्रंथकार

हारमोनियममास्टर

पंद्रहवां भाग

-~:※:~-

पहिला अध्याय

पहिला प्रकरण

यहां पर इसके ब्योरे की आवश्यकता नहीं—
शौक़ीन " हारमोनियममास्टर पहिलेभाग " को देखें और इनके समाचारों से सफलता प्राप्त करें—

मेकर बाजा में एक नवीन ढंग बढ़ाया करता है इससे सम्भव नहीं कि उनका ब्योरेवार हाल इस पुस्तक में बतलाया जावे— सीखनेवालों को चाहिये कि कुछ हारमोनियम बाजों को स्वयं खोलकर उनके बनावट के ढंग को देखें और योग्यता प्राप्त करें—
परीक्षा तभी होगी जब आप कम से कम तीन चार बाजों की मरम्मत कर चुकेंगे और एक दो बाजे खराब हो लेंगे—परीक्षक वही कहलाता है जो कुछ कठिनाइयों व दुःखों को सहन करके अभीष्ट मन्तव्य को नहीं छोड़ता—

हारमोनियम बनाने और मरम्मत करने में कुछ कठिनता या किसी प्रकार की नीचता नहीं है यह कारीगरी है और एम. ए., या बी. ए., की डिगरी से कितनेही गुना अच्छी है हे हमारे फेशनेबुल जण्टिल मैनो ! कारीगरी व व्यापार के शब्दों को चित्तमें स्थान दीजिये नहीं तो यह भारतवर्ष भारतवर्ष न रहेगा—

(२) कारख़ाना हारमोनियम

आज कल भारतवर्ष के सब शहरों में हारमोनियम बाजे बनने लगे हैं परन्तु प्रत्येक कारख़ानेवाले बाजे की मरम्मत बहुत कम करते हैं और बनवाई हद से ज़्यादः लेते हैं जोकि शौक़ीनों के लिये एक प्रकार की फ़ुज़ूल ख़र्ची है यदि हारमोनियस्ट कम से कम सरेश और साबड़के वर्तने का भी भेद जानलें तो उनके लिये बहुत कुछ है कारण यह कि इन दो चीज़ों से हारमोनियम बाजों में बहुत से पुर्ज़े दुरुस्त हो सकते हैं-

कारख़ानों में कारीगरों को बहुत कम छुट्टी रहती है जितने समय में वह एक पुराने बाजे के दोष देखेगा उतनेही समय में वह एक नये बाजे के कुछ पुर्ज़े बना सकता है वस्तुतः यही कारण अधिक वेतन लेने का भी है नहीं तो जो काम मरम्मत में होता है वह चौथाई वेतन से भी कम होता है हमारी राय में जहां तक हो सके हारमोनियम के शौक़ीन कुछ योग्यता कारख़ाने में जाकर पैदा करें वहां पर वह हर प्रकार के बाजों का ढंग देख सकते हैं पढ़ेहुये के लिये कोई कठिन काम नहीं है विना पढ़े भी एक दो सप्ताह में चतुर हो जाते हैं-

(३) कारीगर या मेकर

जो मनुष्य हारमोनियम बाजे बनाता है उसको हारमोनियम मेकर या कारीगर कहते हैं यह बड़ी अच्छी हालत में रहते हैं और अपने काम में उन्नति करके शीघ्रही नाम पाते हैं हारमोनियम बाजा नित्यप्रति सर्व सज्जनों के चित्त में स्थान पाता जा रहा है इसकारण इसके कारीगर भी असंख्य हो गये हैं और धनवान् दृष्टि आते हैं यदि न्याय दृष्टि से देखा जावे तो यह भी

एक उच्चश्रेणी की कारीगरी है पंजाबी और वंगाली इस ओर बहुत जमे हुये हैं जोकि पैरिस को भी लज्जित करते हैं-

परन्तु हमारे देश के पढ़े लिखे नई उम्र के बी. ए., और यम. ए., इस ओर ध्यान नहीं देते हैं यह उनकी न्यून बुद्धि है-

यदि ऐसे होनहार नौ जवान इस सिलसिले में इंट्रस्ट लें तो फिर क्याही अच्छा हो कारण कि विद्या के साथ शिल्पविद्या चमकती है-

यहही दूसरी वलायत वालों का हाल है-

दूसरा प्रकरण

(१) मतलब की बातैं

यदि अपने बाजे को सदैव अच्छी तरह रखना चाहते हो तो नीचे लिखी बातों को अच्छी तरह स्मरण करलो-

(२) जब बाजा बन्द करो तो पहिले हाथ की पांचो उँगलियों को पर्दों पर रख दो और तब तक हाथ रक्खे रहो जब तक कि धौंकनी बन्द हो जावे और आवाज़ न आये यदि इसके प्रतिकूल होगा तो हवा बाजे के अन्दर रुकी रहेगी और हारमोनियम जल्द नष्ट हो जावेगा-

(३) इसी प्रकार बाजा बजाने से पहिले हाथ पर दो पिनर रखलो फिर धौंकनी चलावो-

(४) बाजेपर हाथ या पांव का ज़ोर मत डालो किन्तु हलके हाथों से काम लो-

(५) पर्दों पर उँगलियां हलकी रक्खो और इधर रख कर लचक से बजावो-गानेवाला कितनाही बल क्यों न लगावे उसकी

तरह तुम मूर्खता न करो यह वानि केवल औगुणही नहीं किन्तु बाजे को नष्ट कर देती है मध्यम श्रेणी में उँगलियां चलाओ–

(६) धौंकनी को इकसां और धीरे चलाओ वास्तव में बाजे में यही औगुण की जड़ है जो इसका चलाना जानगया उसका बाजा कभी नष्ट न होगा ध्यान करके चलाना चाहिये–

(७) जब कभी बाजा ख़राब होजावे तो उसको तुरन्त ठीक करलो चाहे वह आवश्यकीय हो या न हो इसके करने से बाजा सदैव अच्छा रहेगा और पुराना होने पर यह न जान पड़ेगा कि बाजा पुराना है–

(८) पर्दों पर उँगलियां कदापि नहीं पटकनी चाहिये पर्दों का फट फट शब्द करना जोकि अधिक दबाने से लकड़ी से टकराते हैं अच्छा नहीं है प्रथम तो बाजा ख़राब हो जाता है दूसरे यह बुरी वानि सदैव सफलता प्राप्त नहीं होने देती इसकारण इस से घृणा करना चाहिये–

(९) यदि तुम हारमोनियम सीखना चाहते हो तो तुमको चाहिये कि हारमोनियम की तर्ज़ बनावट और सब पुर्ज़े–हारमोनि-यम का खोलना–बन्द करना–यह सब बातें अपने हारमोनियम मास्टर से सीखो और योग्य ग्रन्थकारों के नोट अच्छी तरह पढ़ो जबतक कि "Full Construction" समझ में न आवे बाजे में हाथ लगाना ठीक नहीं–

(१०) सदैव अपने गुरु को प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखो चाहे वह गानविद्या में योग्यता रखता हो या न रखता हो कारण यह है कि वह तुमको मार्ग बतलाने वाला है जो कुछ शिक्षा दे उस के अनुसार कार्य करो–

(२) बाजा की रक्षा

यह बात अंगीकार की गई है कि जिस वस्तु की रक्षा अच्छी तरह की जाती है वह बहुत दिनों तक काम देती है और जो लापरवाही से बरती जाती है वह बहुत जल्द नष्ट होजाती है इसी प्रकार हारमोनियम बाजे को जब तक नियमानुसार काम में लावोगे कभी खराब न होगा और जहां लापरवाही से सीखने वाले ने काम लिया बस वहीं वह अपने क़ीमती साज़ से हाथ धो बैठा—

इससे जहां तक हो सके हारमोनियम की रक्षा नीचे लिखे अनुसार करो जिससे कि बाजा बहुत दिनों तक खराब न हो किन्तु नया बना रहे—

(१) तुम भूल कर अपना बाजा किसी दूसरे को न दो चाहे वह तुम्हारा कैसाही मित्र क्यों न हो क्योंकि यह बात कितनी ही बार परीक्षा की जा चुकी है कि दूसरा मनुष्य जो कि हारमोनियम बजाना नहीं जानता है बहुत ही लापरवाही से काम लेने के कारण तुम्हारे प्यारे साज़ को तुम्हारे योग्य न रहने देगा—

(२) यदि कोई हारमोनियस्ट तुमसे मांगे जो कि इसको भले प्रकार जानता है और उसके गुण औगुण को भी जानता है तो निस्सन्देह उसको एक दो सायत के लिये दे सकते हो परन्तु मैं इसको भी अच्छा नहीं समझता—सिवा अपने मास्टर या स्वामी के किसी दूसरे के हाथ में देना अच्छा नहीं—यह साज़ है कि जिसको बजाने वाला अपना उच्च श्रेणी का आभूषण समझा करता है और उसको अपने साज़ से हद से अधिक स्नेह रहता है जैसी दशा में वह रखता है दूसरा नहीं रख सकता—

(३) बाजे के मुताबिक़ एक ओहार कन्द सुर्ख़ का डबल बनवावो और उसके भीतर रुई भी आवश्यकतानुसार भरवावो और सदैव बजाने के बाद ओहार में बन्दकर दिया करो ऐसे ओहार प्रत्येक दर्ज़ी बना सकता है जिसकी लागत अधिक से अधिक एक रुपया सवा रुपया होती है बाजे के ऐसे ओहार बनवाने से बाजा गर्द व धूलि से सदैव बचा रहता है और वार्निश भी सदैव अपनी चमक दिखाती रहती है-

(४) बाजा बहुधा धूलि से ख़राब होता है इस कारण उस की रक्षा करनी चाहिये-

(अ) यदि बाजा हलका हो तो उसको अपनी जांघों पर रखकर बजाया करो-

(ब) जहां पर बाजे को रखकर बजाना चाहो उस स्थान को साफ़ करलो जिसमें हवा के साथ धूलि बाजे में न जा सके-

(ज) एक फ़लैनल का टुकड़ा या मलमल का कपड़ा सदैव बाजे के साथ रक्खा करो और कभी कभी बाजे को चारों ओर से साफ़ कर दिया करो-

(५) बाजे के साथ सन्दूक़ भी होता है इससे उसको बक्स में ही रखना ठीक है-

(६) जहां तक हो सके बाजे पर किसी दूसरी वस्तु का कि जो बाजे की न हो दबाव न पड़ने पावे न कभी हारमोनियम को मेज़ बनाकर काम लो-

(७) बाजे को धूप में कदापि नहीं रखना चाहिये नहीं तो बहुत जल्द फट जावेगा और हवा देने लगेगा दर्ज पड़ जायगी-बिल्कुल तड़ख जायगा और किसी काम का न रहेगा-

(८) जैसा धूप से बचाव किया जाता है ऐसेही पानी से भी बचाव करना चाहिए नहीं तो वार्निश ख़राब हो जावेगी- सरेश अलग हो जावेगा और बाजा ख़राब हो जावेगा-

तीसरा प्रकरण

आवश्यकीय सामग्री

यद्यपि हारमोनियम की मरम्मत करने के लिये सैकड़ों चीज़ें काम में लाई जाती हैं तब भी नीचे लिखी चीज़ें बहुत ज़रूरी हैं जिनका प्रत्येक कारीगर के पास रहना परमावश्यक है-

(१) सरेश-हारमोनियम बाजों में कीलों से अधिक काम नहीं लिया जाता इससे हवा के रोकने और जोड़ों के ठीक करने के लिये कारीगर सरेश को अधिक काम में लाते हैं किन्तु कलकत्ते के सौदागर तो सरेश को आवश्यकता से अधिक काम में लाते हैं-

(२) मोम-यह भी धौंकनी आदि के दुरुस्त करने के लिये सरेश की तरह काम में लायाजाता है और बातों में यह मोम सरेश से भी अधिक लाभदायक माना गया है कारण कि सरेश से जोड़े हुए पुर्ज़े अलग करने में बाजा खराब हो जाता है सिवा इसके मोम से जोड़ जब चाहैं सुगमता से अलग कर सकते हैं-

(३) सीमेंट-रीड यानी स्वर के तख़्ते में जड़ने या धौंकनी को बाजा से मिलाव करने के लिये सीमेंट बहुत अच्छा तैल है यह चपरा और सरेश व गोंद आदि के मिलाव से बनाया जाता है और अंगरेज़ी में सीमेंट "Cement" के नाम से प्रख्यात है-

(४) चपरा-यह भी जोड़ने के लिये और वस्तुओं की तरह

जिनको ऊपर कह आये हैं बहुत ही लाभदायक सीमेंट है जोकि सब पंसारियों की दूकानों पर बिकता है यह सरेश की तरह गर्म करके काम में लाया जाता है—

(५) अबरी—जो किताबों की जिल्दों पर लगाई जाती है वही मोटी अबरी हारमोनियम बाजों की धौंकनी पर बहुधा कारीगर लगाते हैं—हरा या आसमानी रंग इसके लिये अच्छा रहताहै—

(६) साबड़—जोकि बहुधा हरिण की खाल का बनाया जाताहै हारमोनियम बाजे का एक बड़ा भाग है कारण कि इसके बिना हारमोनियम का बनाना कठिन है जो मज़बूती इसमें रहती है वह दूसरे में होना असम्भव है धौंकनी केवल साबड़ और काग़ज़ मोटे की बनाई जाती है—और हवा के रोकने व बन्द करने के लिये साबड़ही काम में लाया जाता है क्योंकि इसमें से हवा निकल नहीं सकती यद्यपि यह क़ीमती चीज़ है परन्तु बिना इस के काम नहीं चलता इस कारण हारमोनियम के प्रत्येक कारीगर के पास कम से कम एक टुकड़ा साबड़ का रहना चाहिये—

(७) तार—हारमोनियम में स्प्रिंग बनाने के लिये पीतल के तारों की आवश्यकता पड़ती है क्योंकि और दूसरी धातु के तार काम में नहीं आते अलबत्ता लोहे के मोटे तार धौंकनी में लगाये जाते हैं—

(८) पेच—हारमोनियम में कीलों के स्थान पर पेच अधिकता से काम में लाये जाते हैं क्योंकि प्रत्येक जोड़ को पेचों के द्वारा खोलते हैं और उन्हीं के द्वारा बन्द करते हैं इससे हर प्रकार के पेच अपने पास रखने चाहिये जिसमें कि आवश्यकता के समय काम आवें एक पेच के लिये कष्ट न उठाना पड़े—

चित्र नं० (१)

चित्र नं० (२)

(९) वार्निश–बादामी अथवा काली वार्निश बहुधा हार
ोनियम बाजों में काम आती है क्योंकि इससे सुन्दरता और
ामक दमक दूनी हो जाती है–अच्छी वार्निश बनाने की विधि
स पुस्तक में वार्निश के प्रकरण में बतलाई गई है यह सब
ौदागरों के यहां हर प्रकार की कम मूल्य में मिल सकती है–

(१०) पालिश–Polish-टरपन टाइन(तारपीन) Terpentine
ा अलसी का तेल रोगन को चमकदार बना देता है स्प्रिट आफ़वाइन
pirit of wine के मिलाने से लकड़ीमें चमक होने के अतिरिक्त
ढृता भी होजाती है पुराने बाजों के लिये यह भी उम्दा
ालिश है–

आयवरी–(Ivory) अर्थात् हाथीदांत क़ीमती बाजों में काम
ं लाया जाता है बाजों में सफ़ेद पर्दे इसी के बनाये जाते हैं
ारमोनियम के कारखानों में इसके बड़े बड़े तख़्ते बनाये जाते हैं
ौर उन तख़्तों पर चिह्न बनाकर पर्दे काट लिये जाते हैं–

परन्तु साधारण बाजों में नक़ली हाथीदांत जो कि हड्डी
और पशुओं के सींगों से बनाया जाता है काम में लाया जाता है
और इनमें एक भाग कर्पूर का भी होता है यह वलायत से ही
बनकर आते हैं और कोई कोई देशी कारख़ाने काम में लाते हैं
जो कि कम ख़र्च बालानशीन होते हैं–

लकड़ी—अधिकता से चीड़ की लकड़ी काम में लाई जाती है प्रथम तो यह कम दाम में मिलती है दूसरे हलकी होने के कारण प्रत्येक जगह अच्छी तरह पर जोड़ी जाती है—

सागवन की लकड़ी बहुत मज़बूत होती है परन्तु कम दाम बाजों में नहीं लगाई जाती इस पर वार्निश बहुत अच्छी होती है—

वायु जल के अनुसार लकड़ी काम में लाई जाती है दूसरी वलायत के बाजे हमारे देश के लिये अच्छे नहीं हो सकते क्योंकि उनकी लकड़ी बहुत जल्द खराब हो जाती है परन्तु कोई कोई दूसरी वलायत के कारख़ाने जो कि मुख्यकर हिन्दोस्तान के लिये बाजे बनाते हैं जैसे यम. केसरायल शहर पैरिस (फ्रांस) में यह कारखाना बहुत अच्छी लकड़ी लगाता है जो कि भारतवर्ष के वायु जल के अनुसार होती है इससे जहां तक हो सके वायु जल पर ध्यान देते हुये लकड़ी को काम में लाना चाहिये—

कपड़ा—अतलस और बानात पट्टी आदि में लगाने के लिये अच्छा रहता है पर्दों के नीचे जहां जहां दबाव पड़ता है उसके नीचे फ़्लैनल (फुलालेन) रंगीन भी लगादेते हैं—

उपरोक्त वस्तुवों में से थोड़ी थोड़ी सब चीज़ें प्रत्येक शौक़ीन को अपने पास रखना चाहिये क्योंकि समय पर मिलना कठिन हो जाता है और बहुत तकलीफ़ उठानी पड़ती है—

(२) औज़ार

हारमोनियम बाजों के बनाने में बहुत प्रकार के बढ़ई के और थोड़े से लुहार के औज़ार काम में आते हैं यहां पर ज़रूरी औज़ारों का वर्णन कर देना आवश्यक है जिनसे हर समय काम रहता है—

चित्र नं० (३)

आरी—लकड़ी के चीरने और काटने के लिये मामूली औज़ार है जिसका चलाना प्रत्येक मनुष्य जानता है महीन दांतों की छोटी आरी हारमोनियम के लिये अच्छी होती है क्योंकि छोटे पुर्ज़े स्टाप आदि के बनाने के लिये ऐसी आरी से ही काम लिया जाता है—

चित्र नं० (४)

रेती—रीड यानी स्वर को खुरचकर दुरुस्त करने के लिये यह रेती काम में लाई जाती है इसके घर आयताकार होते हैं—

चित्र नं० (५)

रन्दा—हारमोनियम की सब लकड़ियों पर रन्दा चलाया जाता है यदि ऐसा न होगा तो हारमोनियम पर वार्निश का

चढ़ना कठिन है दूसरे सुन्दरता नहीं रहती है यह अंगरेज़ी रन्दा है हिन्दुस्तानी रन्दा कुछ सीधा होता है—

चित्र नं० (६)

मोदा—इसको पृथ्वी पर रखकर किसी पुर्जे को हथौड़ी आदि से ठोकते हैं या रेती से रेता करते हैं—

चित्र नं० (७)

केचर—हारमोनियम बाजे की कील आदि निकालने के लिये एक अच्छा औज़ार है—

चित्र नं० (८)

पेचकश—सब से अधिक काम देने वाला औज़ार पेचकश है हारमोनियम में अधिकतर पेचही काम में आते हैं इससे प्रत्येक

चाने के साथ इसका होना परमावश्यक है कारण कि समय पर न होने से तकलीफ़ उठाना पड़ती है यद्यपि छुरी से भी काम निकलता है तब भी इसका होना ज़रूरी है--

चित्र नं० (९)

कतरनी-स्प्रिंग यानी कमानियाँ कतरने के लिये इस औज़ार को काम में लाते हैं-

चित्र नं० (१०)

हथौड़ी-कमानियां और कीलें ठोकने के लिये इस से अच्छा कोई औज़ार नहीं है परन्तु हथौड़ी ऐसी हो कि जिसका ऊपरी भाग पतला हो जैसा कि ऊपर चित्र में दिखलाया है-

चित्र नं० (११)

संडासी-इसका काम बहुत कुछ है स्प्रिंग का बनाना निका-

लना आदि कमानियों के छेद आदि इसी के द्वारा निकाली जाती है-

चित्र नं० (१२)

बर्मा-छेद बनाने के लिये यह औज़ार बनाया गया है एक पतली डोरी में लपेट कर चलाते हैं चीड़ की लकड़ी बाजों में अधिकता से होती है इस में छेद करना कठिन होता है परन्तु इस के द्वारा सुगमता से हो जाता है-

चित्र नं० (१३)

चिमटी-यह भी एक काम देने वाला औज़ार है कुछ पकड़ने या उठाने के लिये बहुत अच्छा है-

---

दूसरा अध्याय

पहिला प्रकरण

हारमोनियम के बाहिरी पुर्ज़ों का वर्णन

अब हम हारमोनियम के उन बाहिरी पुर्ज़ों का वर्णन करते हैं कि जो हमको सामने दिखाई देते हैं और वह सब चीज़ें जिसके कारण से वह नष्ट होजाते हैं वह दुरुस्त करने की तरकीबों और चित्रों सहित बतलाये गये हैं—

(१) स्प्रिंग

कमानियां जो कि पीतल के तार की होती हैं जिसको अंगरेज़ी में स्प्रिंग Spring कहते हैं यह पर्दों को दबाये रहती हैं और इन्हीं की लचक से पर्दा दब जाता है हारमोनियम फ़्लूट की पट्टी को उठाकर देखो सब स्प्रिंग हर पर्दे पर एक एक दिखाई देगा—

चित्र नं० (१४)

पट्टी जिसके नीचे स्प्रिंग हैं—

चित्र नं० (१६) (ब) (अ)

स्प्रिंग की अलग शकल इस प्रकार की होती है और (ब) का सिरा लकड़ी की पट्टी में लगा दिया जाता है और दूसरा सिरा (अ) पर्दे को दबाये रहता है—

चित्र नं (१७)

पट्टी—यह शकल उस पट्टी की है जिसमें सिरा (ब) स्प्रिंग का जड़ा जाता है—

चित्र नं० (१८)

स्प्रिंग

चित्र नं० (२०)

सलाख यह शकल उस सलाख की है जिस में स्प्रिंग पिरो दिये जाते हैं जिस से स्प्रिंग मज़बूत रहते हैं और अलग नहीं हो सकते—

(२) स्प्रिंग क्यों ख़राब होजाते हैं ?

(१) जब स्प्रिंग बहुत पुराना हो जाता है तो थोड़े से दबाव से तुरन्त टूट जाता है—

(ब) बारम्बार स्प्रिंग के दबाने और सरकाने से ढीला हो जाता है—

(ज) हारमोनियम सीखने वाले बहुधा अनजान होने के कारण पर्दे को हद से अधिक दबाते हैं जिसका फल यह होता है कि पर्दे ढीले हो जाते हैं—

पट्टी नंबर (१७) की शकल में जो सलाख़ हैं उन में स्प्रिंग (ब) का सिरा ढीला पड़ जाता है–

ऊपरी कारणों के अतिरिक्त कुछ मुख्य कारण भी स्प्रिंग को खराब कर देते हैं जो कि सीखने वाले की अनभिज्ञता कही जा सकती है–

(३) स्प्रिंग का बनाना

एक पीतल के तार के टुकड़े को लेकर संड्यासी से शकल (१६) की तरह बनाना चाहिये बनाने के समय इसका ध्यान रखना चाहिये कि पिछला सिरा कुछ ऊंचा हो जिससे पर्दे पर ठीक दबाव पड़े—जब स्प्रिंग तैयार हो जावे तो सब से पहिले सलाख़ शकल नंबर (२०) को संड्यासी से घुमाते हुये निकालो जो स्प्रिंग ख़राब हो गया हो उसको संड्यासी से घुमा कर निकालो और नया स्प्रिंग उसकी जगह पर लगादो–

एक विशेष सूचना–नया स्प्रिंग सदैव घुमाकर लगाना चाहिये जिस में कि अपनी जगह पर अच्छी तरह लगा रहे और फिर न हिले जब तक कड़ा न हो जावे बारम्बार दबाते और घुमाते रहो जब स्प्रिंग अच्छी तरह अपनी जगह पर बैठ जावे तो सलाख़ शकल नंबर (२१) को पिछली तरह पर घुमाते हुये सब कमानियों में पिरो देना चाहिये–

चित्र नं० (२१)

हाथ में संड्यासी को पकड़ के सलाख़ को उपरोक्त नियमानुसार घुमाया करते हैं–

(४) चित्र स्प्रिंग जड़े हुये

नीचे उस तख्ते का चित्र बताया गया है जिसमें स्प्रिंग जड़े रहते हैं–

चित्र नं० (२२)

दूसरा प्रकरण

हारमोनियम के पर्दे

हारमोनियम वाजों में दो प्रकार के पर्दे होते हैं–काले व सफ़ेद–

काला–काले पर्दे के नीचे कोमल स्वर लगा रहता है यह पर्दा दो कीलों में अटका रहता है और जिस स्वर के घर को यह ढका रखता है उसी स्वर के नाम से यह बोला जाता है यदि गान्धार के स्वर पर होगा तो यह पर्दा गान्धार कोमल या उतरे के नाम से बोला जायगा इसी प्रकार और भी स्मरण रखना चाहिये–

(२) बनावट

काले पर्दों की बनावट नीचे के चित्र से जानियेगा–

चित्र नं० (२३)

चित्र नं० (२४)

उपरोक्त दोनों शकलों से ज्ञात है कि पर्दे की बनावट बहुत सुगम है इसके नीचे की उस जगह पर जो स्वर के घर को बन्द किये रहती है एक अबरी का टुकड़ा उस घर के बराबर लगा रहता है जिससे हवा इकसां निकलती रहती है जब यह अलग हो जाते हैं या किसी कारण से ख़राब हो गये हों तो पर्दा अपने आप आवाज़ देने लगता है या कील ढीली हो जाती है तो उस समय में हिलने लगता है अधिक दबाने से स्प्रिंग जो पर्दे को दबाये रहता है ढीला हो जाता है इससे उसकी दुरुस्ती करना बुरी बात नहीं है यदि पर्दा टूट जावे तो उसके अनुसार बना लेना चाहिये और न बन सके तो बना बनाया मोल लेकर लगा सकते हैं–

यदि सावड़ का टुकड़ा ख़राब हो जावे तो उसी के अनुसार क़ैंची से कतर करके सरेश चिपका देना चाहिये–

(३) सफ़ेद पर्दा

काले पर्दों की तरह सफ़ेद पर्दे भी दो कीलों में अटके रहते हैं और नीचे सावड़ लगी रहती है जो कि स्वर के घरको ढके रहती है इस पर जो नक़ली आबनूसी लगी रहती है वह भी पेचों के द्वारा लगाई जाती है जिस से मज़बूती दूनी हो जाती है–

चित्र नं० (२६)　　　　चित्र नं० (२५)

इस के बनाने का नियम भी काले पर्दों का सा है परन्तु नक़ली आयबरी के लगाने में कुछ सावधानी दरकार है कारण कि नक़ली आयबरी के तख़्ते बने बनाये बिकते हैं उनसे तराश कर लकड़ी पर चिपकाये जाते हैं और यह बने बनाये भी प्रत्येक कारख़ाने में मिल सकते हैं—

(४) चित्र पर्दा मय स्प्रिंग

चित्र नं० (२७)

(५) चित्र खाली तख़्ते का

चित्र नं० (२८)

(६) कुछ आवश्यकीय सूचनायें

(१) कभी कभी वह कीलैं कि जो पर्दों को रोके रखती हैं अलग हो जाती हैं जिससे पर्दा अपने आप आवाज़ देने लगता है इससे प्रत्येक को मज़बूत रखनी चाहिये—

(२) पर्दों पर जो घर स्प्रिंग के ठहराव के बनाये जाते हैं उन्हीं पर स्प्रिंग को रखना ठीक है नहीं तो स्प्रिंग पर्दे से अलग हो जावेगा—

(३) बहुधा पर्दों के नीचे कंकड़ पत्थर और छोटे छोटे रेजे आ जाते हैं इससे बाजे को सदैव साफ़ करते रहना चाहिये और पर्दों पर पसीना लग जाने से बचाना चाहिये—

तीसरा प्रकरण

(१) स्टाप

स्टाप के द्वारा हम बाजे को खोल सकते हैं और बन्द भी कर सकते हैं अर्थात् इसके आगे की ओर खींचने से बाजा खुलजाता है और नीचे की ओर सरकाने से बन्द होजाता है इन्हीं के द्वारा

भिन्न भिन्न आवाजें पैदा होती हैं वाजे में नीचे दिये चित्र के अनुसार स्टाप लगे रहते हैं—

चित्र नं० (२९) स्टाप अलग

चित्र नं० (३०) स्टाप वाजे में लगे हुय

उपरोक्त शकल से साफ़ ज़ाहिर है कि स्टाप एक पेच- चित्र नं० (३१) दार कील की तरह होताहै जिसके आगे एक कील बटन की तरह लकड़ी का रोशन कियाहुआ मुहँ लगा रहता है जिसपर अंगरेजी हुरूफ़ में उस आवाज़ का नाम खुदा होता है जोकि उस स्टाप के खोलने से पैदा होती है नीचे चित्र देखो—

चित्र नं० (३२)

कभी कभी स्टाप की क़ील चित्र (३२) से अलग हो जाती है परन्तु छेद में सरेश डालकर फिर कस देने से ठीक होजाती है शेष भीतरी स्टाप के चित्र तीसरे अध्याय में देखकर मरम्मत करदेना चाहिये—

जो कुछ बाहिरी शकल थी दिखा दीगई है

(२) स्टाप का बिगड़ना और उसका बनाना

हारमोनियम के प्रेमी अनभिज्ञ होने के कारण स्टाप खोलने के समय जल्दी करते हैं और ज़ोर से खींचते हैं जिसका यह परिणाम होताहै कि स्टाप ढीले होकर बिना खोलने के धौंकनी के सहारे से आवाज देने लगते हैं इससे सदैव स्टाप को धीरे से खींचना और बन्द करना चाहिये—

ट्रीमलो स्टाप सदैव खोलना निरर्थक है कारण कि शीघ्र खराब होजाता है–तान बजाने के समय या दर्दनाक गायन बजाने के समय इस स्टाप को खोलना चाहिये यह भी ध्यान रखना चाहिये कि जब ट्रीमलो स्टाप खोला जाता है तो उस समय शेष सब स्टाप बन्द कर दिये जाते हैं—

किसी किसी बाजे में दश दश पन्द्रह पन्द्रह स्टाप होते हैं और किसी किसी में होतेही नहीं केवल एक बड़ा दहाना हवा आने का रहता है—

बांसुरी–सीटी–तेज़–गोल–डबल–मस्त और बहुत प्रकार की आवाज़ें इन्हीं स्टापों से पैदा होती हैं—

जिस बाजे में चार स्टाप हों उसके दो स्टाप बजाने के लिये काफ़ी होते हैं -

चौथा प्रकरण

(१) दमकश

जिसको अंगरेज़ी में बेलो Bellow और उर्दू में धौंकनी कहते हैं यह भी बाजा का अर्द्ध भाग कहलाता है कारण कि इससे बाजे में हवा पहुँचाई जाती है और बिना हवा के बाजे का बजना असम्भव हैं इससे इसका सदैव ठीक रहना आवश्यकीय है जहां तक हो इसकी रक्षा अच्छी तरह करनी चाहिये–

(१) बनावट

बड़ाभाग (१) साबह़ (२) मोटा काग़ज़ (३) सरेश (४) लकड़ी (५) अबरी–

उपरोक्त वस्तुवों से धौंकनी बनाई जाती है और इन्हीं वस्तुवों में से किसी एक के ख़राब हो जाने से निकम्मी हो जाती है—

हारमोनियम बाजों में सैकड़ों प्रकार की धौंकनियां लगी रहती हैं और हर एक मेकर दिन प्रति दिन नये ढंग की धौंकनियां बनाते रहते हैं परन्तु उनमें से कुछ ऐसी हैं कि जो संसारी जनों के पसन्द हैं जिनका यहां पर संक्षेप रूप से वर्णन किया जाता है जिससे सीखनेवालों को बहुत कुछ लाभ हो—

सदैव स्मरण रखिये कि धौंकनी बाजों में दो होती हैं एक वह जो बाहरी ओर लगी रहती है जिसको कि हाथ या पांव से चलाते हैं दूसरी धौंकनी भीतर की ओर रहती है जोकि बाहरवाली के निकट होती है—

बाहर की धौंकनी से भीतर की धौंकनी में हवा पहुँचाई जाती है फिर वही हवा स्टापों के द्वारा रीड अर्थात् स्वर को लगती है तभी पर्दे के दबाने से आवाज़ पैदा होती है—

(२) धौंकनी की क़िस्में बएतबार हारमोनियम

(१) फ़ोल्डिंग कन्स्ट्रक्शन

(२) साधारण बाजों की धौंकनियां

(३) फ़ोल्डिंग धौंकनी

जो दोनों हाथों व पैरों से बाजे बजाये जाते हैं उनकी धौंकनी उलट पलट यानी हाथके बाजों से बिल्कुल ख़िलाफ़ होती है जैसा कि नीचे के चित्र में दिखलाया गया है—

चित्र नं० (३३)

यह धौंकनी दोनों पावों से चलाई जाती है नीचे से हवा दोनों पटियों के द्वारा वाजे के भीतर पहुँचती है किसी किसी वाजे में जर्मनसिलवर की नालियों के द्वारा पहुँचाई जाती है यह एक बहुत अच्छा ढंग है और इसमें मज़बूती भी पाई जाती है—

नीचे के चित्र देखो—

चित्र नं० (३४) धौंकनी— चित्र नं० (३५) धौंकनी मय पैडिल—

कोई कोई बाजे केवल एकही पावँ से चलाये जाते हैं जैसा कि नीचे के चित्र से दिखाई देगा इसकी धौंकनी ऊपर को होती है और वह एक डोरी के द्वारा जोकि एक पावँ के नीचे दबाई जाती है निकट है यह बाजा केवल हाथ के सहारे से भी बज सकता है—

चित्र नं० (३६) धौंकनी मय हारमोनियम—

यह भी धौंकनी दुहरी होती है और आठ आठ तह तक की साधारण धौंकनियां होती हैं यह धौंकनी छत की कहलाती है क्योंकि ऊपर होती है—

चित्र नं० (३७) केवल धौंकनी—

(४) साधारण धौंकनियां

हेरिल्ड के बाजों में जो हाथ की धौंकनियां लगी रहती हैं वह अकार्डीन बाजों की धौंकनियों की तरह होती हैं इनका चलाना सुगम नहीं है कारण कि पांच छः तह की होती हैं जब तक उनके चलाने का अभ्यास न हो तब तक कठिनता पड़ती है—

हेरिल्ड धौंकनी मयबाजा

चित्र नं० (३८)

केवल धौंकनी

चित्र नं० (३९)

यह धौंकनी साधारण धौंकनियों की तरह फ्लूट के पीछे लगी रहती है—

(५) सादी धौंकनी

साधारण हाथ के बाजों में केवल एक तहकी धौंकनी लगाई जाती है और यह धौंकनी बड़ी सुगमता से चलती है परन्तु खराब भी बहुत जल्द होजाती है—

चित्र नं० (४०) केवल धौंकनी

धौंकनी मय हारमोनियम

चित्र नं० (४१)

दृष्टि के सामने

किसी किसी हारमोनियम बाजे में एक चौकठा लगा रहता है जिसमें गायन का कार्ड या काग़ज़ लगा देते हैं जिसको देखकर शौक़ीन बजाया करते हैं यह एक बहुतही काम देनेवाला चौकठा है परन्तु इसकी गुण ग्राहकता वलायत वाले ही जानते हैं

भारत वर्ष के कारीगर अपने बाजों में बहुत कम लगाते हैं यह एकही प्रकार के नहीं होते किन्तु हारमोनियम की बनावट के अनुसार विविध प्रकार के होते हैं–

चित्र नं० (४२)

किताब के वास्ते

चित्र नं० (४३)

कार्ड के लिये

गायन के कार्ड जोकि हारमोनियम सीखनेवालों के लिये इस शुभचिन्तक ग्रंथकार ने करीब एक हज़ार के बहुत अच्छे तैयार किये हैं जिनमें अलफ्रेड–पारसी–जुबली–विक्टोरियाआदि थियेट्रिकल कम्पनियों के प्रख्यात तमाशों के बढ़िया बढ़िया गायन लिखे हैं नीचे के पते से अंगरेज़ी उर्दू और नागरी में मिलेंगे–

(१) हेरिल्ड एंड को कलकत्ता }
(२) रोज़ एंड को बम्बई }
(अंगरेज़ी)

(३) मैनेजर
नवलकिशोर प्रेस
लखनऊ.
(उर्दू नागरी)

पांचवां प्रकरण

(१) वार्निश

हारमोनियम बाजे की सुन्दरता वार्निश पर निर्भर है जैसी चमक व दमक की वार्निश होगी बाजा भी वैसाही सुन्दर दिखाई देगा जिस वार्निश पर पानी का धब्बा आजाता है वह वार्निश कुछ अच्छी नहीं होती न मज़बूती दिखाती है–

कोई वार्निश स्प्रिट आफ़ वाइन से तैयार की जाती हैं और कोई साधारण काली वार्निश में टरपनटाइन (तारपीन) आदि मिलाया जाता है–

वार्निश जो बाजे पर होती है वह गर्द और पसीने से ख़राब होजाती है यदि शौक़ीन नित प्रति फ़्लैनल (फुलालेन) के टुकड़े से सब बाजे को साफ़ कर दिया करें तो अच्छा है ऐसा करने से बहुत दिनों तक वार्निश ख़राब न होगी–

यदि बाजे की वार्निश किसी कारण से ख़राब हो जावे या पुराने बाजे पर करना हो तो ब्रुस से वार्निश कर देनी चाहिये हाथ न लगाना चाहिये और वार्निश करने के पीछे बाजे को ऐसे स्थान में रख देना चाहिये जहां गर्द आदि न ख़राब कर सके धूप में भी न रखना चाहिये–

वार्निश बनी बनाई बाज़ारों में मिलती है और हर प्रकार की बोतलों और डब्बों में चार आने से लेकर दश पन्द्रह रुपये पौंड तक की बिकती है स्प्रिट की वार्निश अच्छी होती है–

बादामी और काली वार्निश के कुछ बढ़िया नुसख़े जोकि कम ख़र्च वाला नशीन हैं इस पुस्तक के अन्त में लिख दिये गये हैं–

तीसरा अध्याय

पहिला प्रकरण

नेयम बाजे के भीतरी पुर्जों का वर्णन

(१) स्टाप

तख्ते के भीतर हर स्टाप के नीचे छिद्र होते हैं जिन पर स्टाप के तख्ते छोटे छोटे से दबाव डाले रहते हैं इनका खराब होना जभी ज्ञात होगा जब वह बिना स्टाप के चलाने के केवल धौंकनी के सहारे सब स्वर आवाज़ देने लगें या स्टाप स्वयं ढीले हो जावें–

इनकी दुरुस्ती केवल पेचों के कस देने से होती है या तड़ख जावें तो चाहिये कि सरेश और साबड़ से जोड़ दें–

ट्रीमलो स्टाप–जिससे थरथरी आवाज़ पैदा होती है यह एक तार से मिला होता है जिसमें शीशा या लोहे का एक छोटा सा टुकड़ा लगा रहता है यह कभी कभी खराब होजाता है जिसकी दुरुस्ती के लिये नीचे की प्रक्रिया बहुतही अच्छी है अर्थात् थोड़ा सा मोम लेकर उस लोहे या शीशे के टुकड़े पर लगा देना चाहिये जिससे वह भारी होजावे और अपनी असली आवाज़ पैदा करे–

किसी किसी बाजे में स्टाप डबल आवाज़ पैदा करने के लिये होते हैं और किसी किसी में नहीं भी होते–एक बड़ा छिद्र हवा देता रहता है और बहुत से वलायती बाजों में सीटी का स्टाप होता है जिससे सीटी की आवाज़ निकलती है–

यह प्रत्येक भिन्न भिन्न आवाज़ रखते हैं जब दो एक साथ

साथ खोल दिये जाते हैं उस समय आवाज़ मिलकर अजीब समां नज़र आता है—

यदि किसी स्टाप से पूरी आवाज़ न आवे तो उसका दोष देख कर दुरुस्त कर देना चाहिये—

अधिक ज़ोर से खींचने से स्टाप के वह सिरे जोकि हवा के दहाने को बन्द किये रहते हैं ख़राब होजाते हैं और बहुधा ढीले भी होजाते हैं इनके पेच कसदेने चाहिये और जहां से तड़ख़ गये हों वहां सरेश और साबड़ से काम निकालना चाहिये—

चित्र नं० (४४) स्टाप सादा चित्र नं० (४५) ट्रीमलो स्टाप

दूसरा प्रकरण

(१) धौंकनी

जो धौंकनी भीतर की ओर होती है उसका चित्र यह है—

चित्र नं० (४६)

फ़ोल्डिंग बाजों में नीचे से हवा पहुँचाई जाती है इससे वह भीतरकी धौंकनी में दोनों ओर से होकर पहुँचती है चित्र यह है—

चित्र नं० (४७)

हाथ के बाजों में जो धौंकनियां होती हैं उनके भीतरी भाग में ऊपर के तख़्तों में नीचे के चित्र के अनुसार छिद्र होते हैं और उनपर सावड़ के टुकड़े लगे रहते हैं जिनके द्वारा हवा भीतर पहुँचती है—

चित्र नं० (४८)

यदि धौंकनी का सावड़ कड़ा होजावे कि जिससे तड़ख़ जाने का अन्देशा होता है तो उसके भीतर तेल डाल देना चाहिये इस से सावड़ नर्म हो जावेगा यदि कहीं तड़ख़ जावे या फट जावे तो लेई से सावड़ को जोड़ देना चाहिये तो मज़बूत रहेगा परन्तु लेई में थोड़ा सा नीलाथोथा अवश्य मिलादेना चाहिये नहीं तो धौंकनी को समय पाकर चूहे काट डालेंगे—

अन्त

महाशयो ! इस पुस्तक में मरम्मत के संबंध में बहुत से कठि
अवश्य लिखी गई हैं जिनके कारण सीखने वाले व प्रे... चल
उठाते हैं परन्तु मैं हारमोनियम के शौकीनों को उपदेश करता हूं
कि वह किसी कारखाने में हारमोनियम की बनावट को देखें
और दश पन्द्रह हारमोनियम बाजों को अपने हाथ से खोल
कर उसके भीतरी पुर्ज़ों को भले प्रकार देखें जिससे अधिक
योग्यता प्राप्त हो–

कभी कभी एक ज़रा से नुक़्श के पैदा होने से बाजा खराब
हो जाता है शिक्षक को उसके दोष जानने के लिये कुछ बुद्धि
पर भी ज़ोर देना चाहिये कारण कि जो दोष अनजान होने के
कारण से हो जाता है वह ज्यों का त्यों बनाही रहता है और
सीखने वाला किसी दूसरे दोष को ढूंढ़ते हुये दिखाई देता है–

इस कारण इसका ध्यान हर दशा में होना चाहिये और
शीघ्रता नहीं करनी चाहिये जो काम धीरज में होता है वह
बहुधा अच्छा होता है–

यदि आप कारीगर बनना चाहते हैं तो परिश्रमी होने का
उपाय कीजिये बिना परिश्रम आप अच्छे कारीगर नहीं हो सकते
दूसरे जितनाही अभ्यास अधिक होगा उतनेही तजुर्बेकार और
होनहार कारीगर बन जावोगे–